## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा ने आशा व तीन पूर्व सदस्यों के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने महान पार्श्व गायिका आशा भोंसले तथा सदन के तीन पूर्व सदस्यों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को सदन की कार्यवाही शुरू होती ही सदस्यों को बताया कि सदन के पूर्व सदस्य अब्बू हासिम खान चौधरी पश्चिम बंगाल के मालदा से चार बार लोकसभा सदस्य रहे। उनका निधन 85 वर्ष की आयु में आठ अप्रैल को हुआ। श्रीमती मो. हसीना किदवाई का 94 वर्ष की आयु में निधन हुआ। वह केंद्रीय मंत्री भी रही। श्री हरि नारायण राजभर सदन के सदस्य रहे हैं और उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा में अपनी सेवाएं दी। सदन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। बिरला ने महान गायिका आशा भोंसले के निधन की सूचना भी सदन को दी और सदन में उनके निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया।

### राज्यसभा के उपसभापति पैनल का पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति पैनल का पुनर्गठन किया गया है जिसमें कुल छह सदस्यों को शामिल किया गया है। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को सदन की बैठक के दौरान सदन के पटल पर जरूरी कागजात रखवाने के बाद इसकी घोषणा की। नया पैनल 15 अप्रैल से प्रभावी हो गया है। इसमें भाजपा के तीन और दूसरे दलों के तीन सदस्यों को जगह दी गई है। उपसभापति के पैनल में में उत्तर प्रदेश से भाजपा के दिनेश शर्मा, नागालैंड से भाजपा की एस-फान्गनॉन कोन्याक, तमिलनाडु से अन्नाद्रमुक सदस्य एम. तंबी दुरै, ओडिशा से बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की फूलो देवी नेताम और राजस्थान से भाजपा के घनश्याम तिवाड़ी को शामिल किया गया है।

## हिंसा और अराजकता को लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आए

# नोएडा प्रकरण: 66 गिरफ्तारियों में 45 गैर-श्रमिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में हालिया श्रमिक आंदोलन के दौरान फैली हिंसा और अराजकता को लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि यह महज श्रमिक असंतोष का मामला नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था, जिसमें बाहरी तत्वों की सक्रिय भूमिका रही।

सूत्रों के अनुसार अब तक हुई 66 गिरफ्तारियों में से 45 लोग ऐसे पाए गए हैं, जो वास्तविक श्रमिक नहीं हैं। आगजनी की घटनाओं में चिन्हित 17 लोगों में से 11 को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 8 गैर-श्रमिक हैं। वहीं भड़काने के आरोप में चिन्हित 32 में से 19 को



■ महज श्रमिक असंतोष का मामला नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था आंदोलन

हिरासत में लिया गया है। इसके अतिरिक्त 34 ऐसे लोगों को भी पकड़ा गया है, जो श्रमिक न होते हुए भी प्रदर्शन में शामिल होकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे। जांच एजेंसियों के मुताबिक, साजिश रचने के आरोप में 4 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है, जिनके कुछ संगठित नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। मामले में कुछ संदिग्ध सोशल मीडिया हैंडल्स और बाहरी राज्यों से आए लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। सूत्रों का दावा है कि नोएडा के औद्योगिक ढांचे को प्रभावित करने के लिए व्यापक स्तर पर योजना बनाई गई थी। हिंसा के दौरान आगजनी, पथराव और उकसावे की घटनाओं में शामिल कई लोग स्थानीय श्रमिक नहीं थे, बल्कि बाहर से आए तत्व थे, जिनका उद्देश्य औद्योगिक माहौल को अस्थिर करना था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर

### संयम बरता, सिर्फ हिंसा करने वालों पर कार्रवाई: नोएडा पुलिस

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में हाल ही में हुए श्रमिक असंतोष के दौरान पुलिस की भूमिका को लेकर कुछ संगठनों द्वारा भ्रामक तथ्य प्रसारित किए जाने के बीच नोएडा पुलिस ने स्थिति स्पष्ट करते हुए अपना पक्ष सामने रखा है। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम में उसकी भूमिका निष्पक्ष, संयमित और संवाद आधारित रही है। पुलिस ने गुरुवार को विज्ञप्ति साझा करते हुए जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश सरकार इस मामले में शुरू से ही श्रमिकों के हितों के प्रति संवेदनशील रही है। सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन में अंतरिम वृद्धि और मामले की गहन जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रशासन ने तत्काल सख्त कदम उठाए। पुलिस और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से कुछ ही घंटों में हालात पर काबू पा लिया गया। इसके साथ ही श्रमिकों के हित में वेतन वृद्धि की घोषणा के बाद मजदूरों और उद्योग प्रबंधन के बीच समन्वय स्थापित हुआ, जिससे औद्योगिक गतिविधियां तेजी से सामान्य हो गईं। वर्तमान में नोएडा के अधिकांश औद्योगिक क्षेत्रों में कामकाज सामान्य रूप से चल रहा है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा और 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## माफिया राज खत्म कर डबल इंजन सरकार लाएगी बदलाव

**बाराबनी (पश्चिम बंगाल)।**



■ यूपी के सीएम ने पश्चिम बंगाल में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के बाराबनी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के कार्यकर्ता भाजपा समर्थकों को परेशान कर रहे हैं और लोकतांत्रिक माहौल को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

योगी ने कहा कि बंगाल की जनता को डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भाजपा यहां से टीएमसी का 'सूपड़ा साफ' करेगी। उन्होंने बंगाल की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि सदियों से देश को प्रेरणा देती रही है। उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर का जिक्र करते हुए कहा कि इसी धरती ने देश को 'जन गण मन' जैसा राष्ट्रगान दिया। साथ ही 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे स्वतंत्रता आंदोलन का प्रेरणास्रोत बताया। अपने संबोधन में योगी ने स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस और अरविंदो घोष जैसे महान विभूतियों को याद करते हुए कहा कि बंगाल ने देश को राष्ट्रवाद और बलिदान की प्रेरणा दी है। उन्होंने श्याम प्रसाद मुखर्जी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके 'एक देश, एक विधान' के सपने को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में साकार किया गया है। योगी ने कहा कि कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद अब वहां भी वही कानून लागू है, जो देश के अन्य राज्यों में है। टीएमसी सरकार पर हमला बोलते हुए योगी ने आरोप लगाया कि राज्य में 'टेरर, माफिया राज और कट मनी भ्रष्टाचार' का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि सैंड माफिया, कोल माफिया और लैंड माफिया को खत्म करने का संकल्प भाजपा सरकार ले चुकी है।

### बच्चों के इलाज में नहीं आने देंगे बाधा

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार बच्चों के इलाज में कोई बाधा नहीं आने देगी। योगी ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि घबराइए मत, बच्चे के इलाज में कोई भी बाधा नहीं आने देंगे। जनता दर्शन में श्रावस्ती से आई एक महिला ने गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चे के इलाज में मदद का अनुरोध किया। साथ में आए बच्चे को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने महिला से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। महिला ने कहा कि उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि घबराइए मत, बच्चे के इलाज में कोई भी बाधा नहीं आने देंगे। आयुष्मान कार्ड बनवाएंगे और विवेकाधीन कोष से भी बच्चे के इलाज में आर्थिक सहायता देंगे। महिला का प्रार्थना पत्र लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अफसरों को इस निर्देश के साथ थमाया कि इसे श्रावस्ती के जिलाधिकारी को भेजकर आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए और साथ ही डीएम के जरिए इलाज का इस्टीमेट भी शासन को उपलब्ध कराया जाए।

## शिक्षा चयन आयोग हुआ सख्त, परीक्षाओं में जीरो टॉलरेंस नीति लागू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग ने प्रतियोगी परीक्षाओं को पूरी तरह पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। आयोग ने आगामी परीक्षाओं में जीरो टॉलरेंस नीति लागू करने का निर्णय लिया है।

आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा प्रक्रिया की निंगरानी के लिए मुख्यालय में अत्याधुनिक एकीकृत कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां से प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। कंट्रोल रूम में दो दर्जन से अधिक हाई- क्वालिटी स्क्रीन और एआई कैमरों के जरिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि आयोग आधुनिक तकनीक का उपयोग कर परीक्षा प्रणाली को मजबूत बना रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को तुरंत पकड़ा जा सके। नकल, पेपर लीक या अन्य गड़बड़ियों में शामिल पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा पूरी ईमानदारी और नियमों के तहत दें। साथ ही, किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना से दूर रहें। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया में शुचिंता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को ही उनका अधिकार मिल सके।

## परिसीमन पर संघीय ढांचे को कमजोर कर रही सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने सत्तारुढ़ दल पर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन कर संघीय ढांचे को कमजोर कर रही है।



कांग्रेस के गौरव गोगोई ने संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, और उससे जुड़े दो अन्य विधेयकों पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि महिला आरक्षण को परिसीमन के साथ नहीं जोड़ना चाहिए, हम महिला आरक्षण का पूरा समर्थन करेंगे। भाजपा हर बात में राजनीति करती है। यह महिला आरक्षण लाने का यह विधेयक नहीं है बल्कि पीछे के दरवाजे से परिसीमन करने का है। महिला आरक्षण को सुरक्षा कवच बनाकर राजनीतिक मंशा पूरा कर रही है। गोगोई ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के पक्ष में नहीं हैं इसलिए इसे विलंब से लेकर आई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दवाब में जनगणना के साथ जाति जनगणना करने की बात मानी है। जाति जनगणना को लेकर सरकार ने कांग्रेस के ऊपर तरह तरह के आरोप लगाया था।

उन्होंने कहा कि इन सबके बावजूद सरकार जाति जनगणना के पक्ष में नहीं है। वह महिला आरक्षण के माध्यम से विधेयक को जटिल बनाया जा रहा है। महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन को बुल्डोज करने का काम कर ही है। सरकार ने संविधान को कमजोर कर खुद को ताकतवर कर रही है। सरकार अपने आप कैसे तय कर सकती है कि सदन की संख्या कितनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि परिसीमन की मंशा यह थी कि लोगों को सुचारू रूप से करने के लिए किया गया था। सरकार परिसीमन को हथियार बना रही है। उन्होंने कहा कि देश के दो राज्यों में परिसीमन किया गया, जिसमें एक जगह 2011 की जनगणना का इस्तेमाल किया गया, जबकि दूसरी जगह 2001 की जनगणना का प्रयोग किया गया। इससे साबित होता है कि सरकार में बैठे लोग राजनीतिक लाभ के लिए अपने हिंसाब से परिसीमन कर रही है। असम में ऐसा परिसीमन हुआ है कि एक पंचायत के लोग तीन विधानसभा में मतदाता है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 77988.68
निफ्टी 24196.25



सोना 151700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239685
प्रति किलो




## दिग्गज कंपनियों के शेयरों में मुनाफा वसूली, प्रमुख सूचकांक टूटे

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को शुरुआती तेजी के बाद दिग्गज कंपनियों में ऊंचे भाव पर मुनाफावसूली देखी गई और प्रमुख सूचकांक गिरावट में बंद हुए। सुबह 566 अंक चढ़कर खुलने वाला बीएसई का सेंसेक्स 122.56 अंक (0.16 प्रतिशत) गिरकर 77,988.68 अंक पर रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 34.55 अंक यानी 0.14 प्रतिशत नीचे 24,196.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज एक हजार अंक से अधिक का उतार-चढ़ाव रहा। यह ऊपर 78,730.32 अंक और नीचे 77,674.93 अंक तक गया। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत वृहत बाजार में सभी सूचकांक हरे निशान में रहे। मझौली और छोटी कंपनियों में अच्छी लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप- 50 सूचकांक और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत ऊपर रहे। धातु, आईटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में अच्छी तेजी थी। वहीं, ऑटो, बैंकिंग, वित्त और तेल एवं गैस समूहों ने बाजार पर दबाव बनाया। सेंसेक्स की कंपनियों में



एचडीएफसी बैंक का शेयर पौने दो प्रतिशत और टाइटन का डेढ़ फीसदी टूट गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा में करीब एक प्रतिशत की गिरावट रही। भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, हिदुस्तान यूनीलिवर, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और इंडिगो के शेयर भी फिसल गए। ट्रेंट का शेयर तीन प्रतिशत और इटरनल का ढाई प्रतिशत ऊपर रहा। अडानी पोर्ट्स भी सवा दो प्रतिशत चढ़ा। बीईएल, इंफोसिस और एलएंडटी के शेयर एक प्रतिशत से दो प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। टाटा स्टील, टीसीएस, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी और मारुति सुजुकी के शेयर भी हरे निशान में रहे।

### दिल्ली के चार आईटीआई में नई अत्याधुनिक लैब्स स्थापित होंगी: रेखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि राजधानी के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से चार आईटीआई में नई अत्याधुनिक लैब्स स्थापित की जाएंगी। श्रीमती गुप्ता ने बताया कि आईटीआई जहांगीर पुरी में पावर इलेक्ट्रॉनिक्स लैब स्थापित की जाएगी। यह लैब पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कंट्रोल सिस्टम, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगी। लैब में पीएलसी किट, वीएफडी ट्रेनर, ट्रांसफॉर्मर ट्रेनर, मोटर कंट्रोल पैनल, रिले एवं प्रोटेक्शन सिस्टम, सोलर पीवी ट्रेनिंग किट और स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे।

## चावल, गेहूं, चीनी और दालों के भाव बढ़े, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को लगभग सभी चीजों में तेजी रही। चावल का औसत भाव बढ़ गया। गेहूं, चीनी और दालों में भी तेजी देखी गई जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 45 रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,784 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी तीन रुपये ऊपर रही। दाल-दलहनों में तेजी रही। उड़द दाल की औसत कीमत 62 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 41 रुपये और मसूर दाल 40 रुपये मजबूत हुई। चना दाल 33 रुपये



और मूंग दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा दो रिंगिट टूटकर 4,495 रिंगिट प्रति टन रह गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.86 प्रतिशत की बढ़त में 68.18 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया।

स्थानीय बाजारों में ज्यादातर खाद्य तेलों में तेजी का रुख रहा। सूरजमुखी तेल औसतन 88 रुपये और वनस्पति 122 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 66 रुपये और मूंगफली तेल की 58 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल भी 17 रुपये मजबूत हुआ। वहीं सोया तेल में 24 रुपये प्रति क्विंटल की मंदी देखी गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 39 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी आठ रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## महिला आरक्षण में रोड़ा अटकाना चाहता है विपक्ष: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कहा कि विपक्ष महिला आरक्षण में रोड़ा अटकाने के लिए बहाने तलाश रहा है और इसे परिसीमन से जोड़कर बेबुनियाद आरोप लगा रहा है।

भाजपा के तेजस्वी सूर्या ने संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, और उससे जुड़े दो अन्य विधेयकों पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि यह विधेयक ऐतिहासिक है। इससे पहले करीब छह बार यह विधेयक सदन में आया और इसे जानबूझकर पारित नहीं किया गया। समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने तो इस विधेयक को फाड़कर विधेयक को अटकाने का काम किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वजह से ही नारी वंदन अधिनियम को सदन में पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष परिसीमन के बहाने महिला आध्क्षण विधेयक का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष परिसीमन के बहाने महिला आरक्षण विधेयक को रोकना चाहती है। विपक्ष दक्षिण भारत के लोगों को इस विधेयक के माध्यम से गुमराह कर रही है। इस परिसीमन के माध्यम से छोटे राज्यों को फायदा होगा। उन्होंने विपक्ष के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि परिसीमन का क्रियाकलाप पिछले दरवाजे से नहीं बल्कि संविधान के तहत किया जा रहा है। सरकार ने शासन व्यवस्था अच्छी और लोगों की पहुंच निर्वाचित प्रतिनिधि तक आसान बनाने के लिए परिसीमन किया जा रहा है। विपक्ष का आरोप बेबुनियाद है। मोदी सरकार संवैधानिक दायित्वों को निर्वाहन कर रही है। मोदी सरकार टालने की नीति में विश्वास नहीं करती है, बल्कि समस्याओं का समाधान करती है।

## संविधान संशोधन विधेयक के सहारे सत्ता की राजनीति कर रही है भाजपा: अखिलेश

**नई दिल्ली, वार्ता**

समाजवाद पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में बने रहने के लिए संविधान में 131वें संशोधन के जरिए वह महिला आरक्षण विधेयक के सहारे परिसीमन संबंधी विधेयक को पारित करवाना चाहती है। श्री यादव ने गुरुवार को लोकसभा में 'संविधान 131 वां संशोधन विधेयक 2026' पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि मोदी सरकार आरक्षण विरोधी है, इसलिए वह एसआईआर के जरिए घपले करवा कर सत्ता में बना रहना चाहती है।

एसआईआर के माध्यम से वोट काटे जा रहे हैं और जब पकड़े जा रहे हैं, तो फिर नई तरकीब लगा कर वोट काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार एसआईआर के जरिए लोगों के वोट कटवा रही है और ऐसा कर भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर वोट बैंक सुरक्षित करने की राजनीति कर रही है। उनका यह भी कहना था कि उत्तर प्रदेश में एसआईआर के जरिए वोट काटे गए और जब



पकड़े गए, तो फॉर्म 7 लेकर उसमें नकली दस्तखत करवाए गए लेकिन इसमें भी पकड़े गए, तो फॉर्म 7 का इस्तेमाल ही बंद करवा दिया गया। अब भाजपा सरकार महिला आरक्षण विधेयक के जरिए महिलाओं के वोट पाकर सत्ता में बना रहना चाहती है और अपने खोए वोट को वापस पाना चाहती है, लेकिन उसे मालूम होना चाहिए कि देश की महिलाएं महंगाई से त्रस्त हैं और अब एलपीजी सिलेंडर ने उनकी नाराजगी और बघ दी है इसलिए महिलाओं को रिझाकर उनका वोट हासिल करने का उनका षड्यंत्र भी बेकार हो गया है। सपा नेता ने कहा कि अगर भाजपा सरकार महिलाओं के प्रति संवेदनशील है, तो उसे मेरठ और नोएडा की आंदोलन कर रही महिलाओं की समस्याओं की समस्या के समाधान के लिए कदम उठाने चाहिए और इस तरह का संकट महिलाओं के सामने फिर ना आए विधेयक में इसकी व्यवस्था करनी चाहिए। उनका कहना था कि मोदी सरकार महिला आरक्षण के सहारे रणनीतिक तरीके से राजनीतिक लाभ पाने के लिए परिसीमन के वास्ते संविधान संशोधन विधएक लेकर आई है। सपा नेता ने कहा कि पहले जाति के आधार पर जनगणना आवश्यक है यदि जनगणना होती है, तो उसके आधार पर आरक्षण की व्यवस्था की जा सकती है लेकिन सरकार आरक्षण नहीं देना चाहती, इसलिए वह जनगणना जाति के आधार पर नहीं करना चाहती है। वह अल्पसंख्यकों और खासकर मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण का लाभ नहीं देना चाहती है। यदि जनगणना जाति के आधार पर होती है, तो पिछड़े वर्ग तथा अल्पसंख्यक महिलाओं को इसका वाजिब लाभ मिल सकता है। यादव ने कहा कि यदि सरकार जनगणना जाति के आधार पर नहीं करती है, तो फिर महिला आरक्षण विधेयक धोखा है।

## प्रवक्ता भर्ती प्रारंभिक परीक्षा टली, अब सात जून को होगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राजकीय इंटर कॉलेजों में प्रवक्ता भर्ती के लिए आयोजित होने वाली प्रारंभिक परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। पहले यह परीक्षा 3 मई को प्रस्तावित थी, जिसे अब सात जून को आयोजित किया जाएगा।

परीक्षा तिथि में यह बदलाव राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा नीट-यूजी और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की जूनियर इंजीनियर (सिविल) मुख्य परीक्षा के साथ तिथि टकराव के चलते किया गया है। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों की उपलब्धता भी एक प्रमुख कारण रही। कार्यवाहक सचिव गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा 13 अप्रैल को जारी पत्र में सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे परीक्षा केंद्रों से समय से सहमति प्राप्त करें। परीक्षा के आयोजन के लिए सरकारी विद्यालय, डिग्री कॉलेज, विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों के साथ सहायता प्राप्त संस्थानों का उपयोग किया जाएगा। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि बिना सहायता प्राप्त निजी संस्थानों, ब्लैकलिस्टेड या अपर्याप्त संसाधनों वाले केंद्रों को परीक्षा में शामिल नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी परीक्षा केंद्र प्रमुख परिवहन सुविधाओं से 10 किलोमीटर के दायरे में हों, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची स्थानीय खुफिया इकाई और विशेष कार्यबल की रिपोर्ट के आधार पर तैयार की जाएगी।

# नहर में तैरता मिला मंदबुद्धि युवक का शव

## तीन दिन पहले हुआ था घर से लापता, परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कस्बे की नई बस्ती में उस वक्त मातम पसर गया, जब तीन दिन से लापता चल रहे 28 वर्षीय युवक का शव रामगंगा पोषक नहर में मिला। मृतक की पहचान मोहम्मद अकमल के रूप में हुई, जो मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती ( मक्का मस्जिद) में मोहम्मद अकरम का परिवार रहता है। 12 साल पूर्व उनकी पत्नी सायरा की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उन्होंने स्थानीय निवासी महिला नसरीन के साथ दूसरा निकाह कर लिया था। दोनों पत्नियों से परिवार में नौ बेटे और बेटियां हैं। पहली पत्नी से सात बेटों और बेटियों में दूसरा नंबर का 28 वर्षीय बेटा मोहम्मद अकमल मंदबुद्धि था। परिजनों के मुताबिक, अक्सर वह घर से बिना बताए निकल जाता था और फिर काफी-काफी दिन में लौट कर आता था। मंगलवार शाम में मोहम्मद अकमल अचानक मोहल्ले से लापता हो गया। परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इसी बीच गुरुवार दोपहर रामगंगा पोषक नहर में पुल के ठीक नीचे पानी में एक युवक की लाश ठहरी मिली। देखते ही देखते मौके लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर आ गई, करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद मृतक की शिनाख्त मोहम्मद अकमल के रूप में हुई। खबर मिलते ही परिजन भी नहर पर पहुंच गए और पोस्टमार्टम से इनकार करते हुए शव घर ले आए लेकिन बाद में पुलिस ने समझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि जांच में सामने आया है कि मृतक मंदबुद्धि था। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



# सागौन के 97 पेड़ों पर रातोरात चली आरी

## खेत स्वामी व ठेकेदार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डिडौली क्षेत्र में प्रतिबंधित श्रेणी के वृक्षों में शामिल सागौन पर रातोंरात आरी चला दी गई। 97 पेड़ों को काटने के बाद लकड़ी उठा ले गए। मामले में वन रक्षक ने तहरीर देते हुए खेत स्वामी व संभल के ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। यह मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हसनपुर कलां से जुड़ा है। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक 15 अप्रैल की सुबह वन दरोगा नेपाल सिंह व वन रक्षक लोकेंद्र सिंह गांव हसनपुर कलां से सटे जंगल में निगरानी गश्त कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें किसी ने सूचना दी कि रात में पास ही एक खेत में खड़े सागौन के पेड़ों को बड़े पैमाने पर काटा गया है। जानकारी पर दोनों सीधे बताए गए खेत पर पहुंच गए। नजारा देखकर दोनों के होश उड़ गए। जड़ों की गिनती करने पर खेत में खड़े सागौन के 97 पेड़ों को काटे जाने की बात सामने आई लेकिन मौके पर लकड़ी नहीं थी जिसे रातोंरात ही ठिकाने लगाया जा चुका था। ग्रामीणों से पूछताछ की तो पता चला कि खेत गांव हसनपुर कलां निवासी अनीस का है और पेड़ों का कटान संभल शहर के मोहल्ला पीला खदाना सरायतरीन निवासी शहनवाज द्वारा किया गया है। सीओ सिटी अभिषेक कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम 1976 व भारतीय वन अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# राजस्व वसूली में ढिलाई नहीं होगी बर्दाश्तः डीएम

## कलेक्ट्रेट में ली समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने राजस्व की कम वसूली पर नाराजगी जताते हुए विशेष अभियान चलाकर वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। जबकि अवैध खनन व परिवहन पर कड़ी प्रवर्तन कार्रवाई करने व बिजली चोरी के खिलाफ सख्त कदम उठाने के भी निर्देश दिए गए।

कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें राजस्व संग्रहण की प्रगति को लेकर अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई। डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत वसूली हर हाल में सुनिश्चित की जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अभी से ठोस कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में तेजी से काम करें। कम वसूली वाले विभागों विद्युत, वानिकी, मंडी समिति, बाट-माप, सिंचाई, खनिज, स्टांप एवं निबंधन और वाणिज्य कर पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने विशेष अभियान चलाकर वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। अवैध खनन और परिवहन पर कड़ी प्रवर्तन कार्रवाई करने तथा बिजली चोरी व अवैध कनेक्शनों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम गरिमा सिंह धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# हाइवे पर भूसे से भरी ट्राली में घुसी कार

## लगातार दूसरे दिन हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रजबपुर**। थाना क्षेत्र में लगातार दूसरी रात एक सड़क हादसा हुआ। यहां एक उत्तराखंड नंबर की कार भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी। इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को संज्ञान में लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुधवार रात दिल्ली की ओर से आ रही उत्तराखंड नंबर की एक टैक्सी कार अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर का पिछला बायां टायर फट गया, जिससे तेज धमाके जैसी आवाज आई। कार का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद राहगीर और स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर रजबपुर पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। हालांकि, इस हादसे में किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है। घटना के कारणों और घायलों के संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिल पाई है। थाना प्रभारी रजबपुर संजय कुमार सिंह से संपर्क करने पर उन्होंने अधिक जानकारी और पुलिस कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन खबर प्रकाशित होने तक कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई।

## एक नजर

### द आर्यंस की मानवी बनीं स्कूल टॉपर




**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। द आर्यंस की मानवी मान ने 97.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 96.8% अंकों के साथ ज्योत्सना द्वितीय व 96.4% अंकों के साथ वान्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आज के परीक्षा फल में 90+ क्लब में 57 बच्चों ने अलग-अलग विषयों में 90 से अधिक अंक प्राप्त किए। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों में हर्षोल्लास का माहौल बन गया तथा इस अवसर पर प्रबंध समिति से चौधरी हरपाल सिंह, अनिल कुमार सिंह, गौरव चौधरी व अमन लिट्ट ने विद्यालय के कक्षा 10 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को बधाई संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने इस परीक्षा परिणाम के लिए छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को कराया भोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। सामाजिक सरोकारों को नई ऊंचाई देते हुए लायनेस क्लब धनौरा परिवर्तन की महिलाओं ने गुरुवार को अमरोहा स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के साथ आत्मीय पल बिताए। क्लब सदस्यों ने अपने हाथों से प्रेमपूर्वक भोजन परोसकर बुजुर्गों को खिलाया, जिससे वृद्धाश्रम में भावुक और खुशी भरा माहौल बन गया। सेवा और सम्मान की इस पहल ने सभी का दिल जीत लिया। क्लब द्वारा विशेष रूप से तैयार कराए गए भोजन में कढ़ी-चावल, आलू की सब्जी और रोटी शामिल रहे। सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ बैठकर भोजन किया और उनसे आत्मीय बातचीत कर उनका हालचाल जाना। कार्यक्रम के दौरान सुधा शर्मा, रेनू अग्रवाल, बीना अग्रवाल, सीमा यादव और चित्रा गर्ग भी मौजूद रहीं।

# दसवीं के परिणाम में बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

## प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने किया बच्चों का उत्साहवर्धन, बच्चों की उपलब्धि पर अभिभावक हुए गदगद

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दस के परिणामों में नगर के स्कूलों ने शानदार प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन पर प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। बच्चों का अच्छा प्रदर्शन देखकर उनके अभिभावक भी गदगद हो उठे।

नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में छात्रा मिशिका नेगी ने 97.6%, पार्थ गहलोत ने 96.2% व संजना कुमारी ने 93.4% अंक प्राप्त किया। चेयरपर्सन अंशु नागपाल, संरक्षक पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल एवं प्रधानाचार्य निशि सिंह ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। हाइवे स्थित नॉर्दन इंडिया पब्लिक में चाहत चौधरी ने 92.2%, रुद्राक्षी शर्मा ने 88.2 % व मनी चौधरी ने 85 % अंक प्राप्त किया। प्रबंधक राकेश मोहन गर्ग एवं प्रधानाचार्य मनोज गोयल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इसी क्रम में ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में प्रिया बिस्वाश ने 92 %, सोनाक्षी चौहान ने 88 % एवं आस्था अग्रवाल ने 85% अंक प्राप्त किये। निदेशक डॉ. पूनम पंडित व सचिव डॉ.पराग पंडित ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उत्साह बढ़ाया। नोबल पब्लिक स्कूल में छात्रा तन्वी त्यागी ने 95.4%, आराधना ने 94.8% एवं खुशी त्यागी ने 94.4% अंक प्राप्त किये। प्रबंधक राजीव उपाध्याय, प्रधानाचार्या नवनीत उपाध्याय व शुभम उपाध्याय ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। हाइवे स्थित विश्व बंधु एकेडमी में छात्रा दिया चौधरी ने 92%, यशश्वी अग्रवाल ने 87.6% एवं काव्य चौधरी ने 81.2% अंक प्राप्त किये। प्रबंधक मोहित बंधु एवं प्रधानाचार्य परवेंद्र सिंह ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया। वहीं बच्चों की उपलब्धि देख अभिभावक भी गदगद हो उठे। दिन भर बच्चों और अभिभावकों को आसपास के लोगों और रिश्तेदारों के माध्यम से बधाईयों का तांता लगा रहा।

### नागपाल इंटरनेशनल स्कूल, गजरौला


मिशिका नेगी-97.6%


पार्थ गहलोत-96.2%


संजना कुमारी-93.4%

### नार्दन इंडिया पब्लिक स्कूल, गजरौला


चाहत चौधरी-92.2%


रुद्राक्षी शर्मा-88.2%


मनी चौधरी-85 %

### ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल, गजरौला


प्रिया बिश्वास-92 %


सोनाक्षी चौहान-88%


आस्था अग्रवाल-85%

### नोबल पब्लिक स्कूल, गजरौला



तन्वी त्यागी-95.4 %


आराध्या-94.8%


खुशी त्यागी-94.4%

### विश्व बंधु एकेडमी, गजरौला


दिया चौधरी-92%


यशश्वी अग्रवाल-87.6%



काव्य चौधरी-81.2%

# कड़कड़ती धूप में गैस सिलेंडर लेने को मची त्राहि-त्राहि

## घंटों तपती धूप में खड़े रहे उपभोक्ता, सिलेंडर पाने की होड़ में कई बार हुई नोकझोंक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं में हाहाकार मचा हुआ है। कड़कड़ाती धूप में घंटों लाइन में खड़े रहने को उपभोक्ता मजबूर मजबूर हैं।

हसनपुर गैस एजेंसी पर घरसोई गैस की भारी किल्लत के चलते उपभोक्ताओं के बीच त्राहि-त्राहि मची हुई है। गजरौला मार्ग स्थित हसनपुर गैस एजेंसी के गोदाम के बाहर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गई। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि सिलेंडर पाने की होड़ में लोगों के बीच तीखी नोकझोंक भी हो गई। सुबह से ही लोग एजेंसी के बाहर अपने खाली सिलेंडर लेकर कतारों में लग गये थे। लाइन में खड़ी महिलाओं और बुजुर्गों का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग के हफ्तों बीत जाने के बाद भी होम डिलीवरी नहीं हो रही है। जब वे एजेंसी पहुँचते हैं, तो उन्हें स्टॉक खत्म होने की बात कहकर वापस भेज दिया जाता है। स्थानीय स्तर पर वितरण प्रणाली में गड़बड़ी इस संकट का मुख्य कारण है। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि एजेंसी संचालक ब्लैक मार्केटिंग को बढ़ावा दे रहे हैं। जबकि आम जनता चूल्हा जलाने के लिए मोहताज है। एजेंसी वाले हर बार कल आने को कहते हैं।

# आठवें दिन भी नहीं मिली उपभोक्ताओं को गैस

## एजेंसी संचालक पर कालाबाजारी का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। कस्बे की इंडेन गैस एजेंसी पर पिछले आठ दिनों से उपभोक्ताओं को सिलेंडर का वितरण नहीं हुआ। जिस कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि एजेंसी संचालक रात के अंधेरे में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी कर रहे हैं।

कस्बा जोया स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर लगातार आठवें दिन भी रसोई गैस का वितरण न होने से उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। गैस सिलेंडर के लिए लोग एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। शहबाजपुर निवासी रहीश अहमद आरोप है कि एजेंसी संचालक दिन में गैस वितरण नहीं कर रहा, जबकि रात के अंधेरे में सिलेंडरों की ब्लैकमेलिंग की जा रही है। जबकि चौबरिया निवासी नेमपाल सिंह का कहना है कि जरूरतमंद लोगों को गैस नहीं मिल पा रही, जिससे उनके सामने खाना





बनाने तक का संकट खड़ा हो गया है। लोगों ने बताया कि कई दिनों से बुकिंग के बावजूद सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो रही है। एजेंसी पर पहुंचने पर भी कर्मचारियों द्वारा टालमटोल किया जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं में रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही गैस वितरण शुरू नहीं हुआ तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# अनियंत्रित होकर पलटा पाइप लदा कैंटर

**हसनपुर**। पाइप भरकर ले जा रहा कैंटर तेज गति होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। कंडक्टर भी घायल हो गया। बुधवार की रात धनबाद से हरियाणा के भवानी को पाइप भरकर ले जा रहा कैंटर गजरौला हसनपुर मार्ग पर दीपपुर गेट के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिससे कंडक्टर विकी निवासी ग्राम नागलिया थाना चंदौसी जनपद संभल घायल हो गया। सूचना मिलते हैं पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। गनीमत रही जिस समय कैंटर पलटा उस स्थान पर उस समय कोई नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा घटित हो सकता था। हालत नाजुक होने पर चिकित्सको ने घायल कंडक्टर विक्की को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

# नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास

## पिता की तहरीर पर आरोपी पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अमरोहा के रजबपुर थाना क्षेत्र में एक 10 वर्षीय नाबालिग छात्र से कुकर्म के प्रयास का मामला सामने आया है।

यह घटना मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे पंचायत भवन के बाथरूम में हुई। पीड़ित छात्र कक्षा 7 में पढ़ता है। छात्र के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का ही एक युवक उनके बेटे को बहला-फुसलाकर पंचायत भवन के बाथरूम में ले गया। वहां आरोपी ने छात्र का लोवर उतारकर गलत काम करने की कोशिश की। घटना के बाद छात्र रोते हुए घर पहुंचा और अपने परिजनों को पूरी बात बताई। इसके बाद नाबालिग छात्र के पिता ने तत्काल पुलिस को लिखित शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी गांव निवासी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि मामले में वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# हरदेव बाजार में दिनदहाड़े व्यापारी पर हमला

## सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के हरदेव बाजार में गुरुवार दोपहर हुई दिनदहाड़े व्यापारी पर हमले की सनसनीखेज घटना से पूरे बाजार में हड़कंप मच गया। इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी स्पर्श गोयल पर बाइक सवार नकाबपोश हमलावर ने दुकान में घुसकर हमला कर दिया। घटना के बाद व्यापारी वर्ग में भारी आक्रोश है और व्यापारी संगठन उबाल में हैं।

गुरुवार की दोपहर इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी स्पर्श गोयल अपनी दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर तीन हमलावर पहुंचे। उनमें से एक नकाबपोश हमलावर सीधे दुकान पर पहुंचा और व्यापारी पर हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से घबराकर व्यापारी ने शोर मचाया और बाहर की ओर दौड़ पड़े। शोर सुनते ही आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर जमा हो गए। भीड़ बढ़ती देख तीनों हमलावर बाइक से फरार हो गए। भरे बाजार में दिनदहाड़े हुई इस घटना ने व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद बाजार में देर तक तनाव और दहशत का माहौल बना रहा। व्यापारी एकजुट होकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार जैन ने घटना पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा, दिनदहाड़े भरे बाजार में एक व्यापारी पर हमला होना बेहद गंभीर मामला है। इससे समस्त व्यापारियों में आक्रोश है। हमलावर किसी बड़ी घटना को भी अंजाम दे सकते थे। उनका इरादा लूट का भी हो सकता था। पुलिस को इस पूरे मामले में तत्काल और सख्त कारवाई करनी चाहिए। वहीं कस्बा चौकी इंचार्ज नीरज कुमार ने बताया, मामला संज्ञान में है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है। जल्द ही हमलावरों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित व्यापारी स्पर्श गोयल ने डायल 112 और स्थानीय पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस टीम बाजार के आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी है।घटना के बाद व्यापारी संगठनों में उबाल है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द नकाबपोश हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

# एमएस पब्लिक स्कूल में मेधावियों का सम्मान

## मेहनत व अनुशासन ही सफलता की कुंजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के एम.एस. पब्लिक स्कूल में गुरुवार को हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से चेक देकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में वैष्णवी, लक्की पाल, दक्ष, हर्षित सैनी, तरुण कुमार, अनित सैनी और राशि शामिल रहे। विद्यालय की निदेशिका बबीता सिंह ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से यह मुकाम हासिल किया है। यह उपलब्धि केवल बच्चों की नहीं, बल्कि उनके अभिभावकों और शिक्षकों की मेहनत का भी परिणाम है। वहीं प्रधानाचार्या अंजलि चौधरी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अच्छे अंक सफलता की शुरुआत हैं, मंजिल नहीं। विद्यार्थियों को हमेशा सीखते रहने, लक्ष्य तय करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

# युवक को खौलती कढ़ाई में दिया धक्का

## गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पेशे से जुड़ी रंजिश में युवक को तेल की कढाही में धक्का दे दिया। खौलते तेल से उसकी पीठ और गर्दन झुलस गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है जबकि गंभीर रूप से झुलसे युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शहर के मोहल्ला नौगजा में बुधवार शाम लगभग 6 बजे की है। कैलसा बाईपास स्थित अंजुम कॉलोनी निवासी मोहम्मद जैद पेशे से जुड़े काम के सिलसिले में इस मोहल्ले में आया था। आरोप है कि उसी पेशे जुड़े युवक ने मोहम्मद जैद पर हमला कर दिया। हाथपाई के दौरान मोहम्मद जैद को पास में ही हलवाई की दुकान के बाहर रखी कढाही पर धक्का दे दिया, जिसमें तेल खौल रहा था। तेल गिरने से उसकी पीठ और गर्दन बुरी तरह झुलस गई। भीड़ जमा होने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से झुलसे मोहम्मद जैद को जिला अस्पताल भिजवाते हुए परिजनों को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने तहरीर के आधार पर जांच व कार्रवाई की बात कही।

# नाबालिग के साथ बहला फुसलाकर किया दुष्कर्म

## पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** युवक ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के बाद वीडियो वायरल करने की धमकी दी है। पीड़ित पिता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

रहरा थाना इलाके के गांव से घ्एक सनसनीखेज मामले में एक युवक द्वारा नाबालिग युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने के बाद में उसका अश्लील वीडियो बना लिया। उसके बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने लगा। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव मोहरका पट्टी निवासी आरोपी युवक युवती के गांव में रिश्तेदार के घर आता था। युवक युवक फोन पर बात करते थे। युवक ने पहले नाबालिग को अपने प्रेम जाल में फंसाया और फिर बहला-फुसलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। इस दौरान आरोपी ने छिपकर धोखे से घटना का वीडियो बना लिया। कुछ समय बाद जब युवती ने उससे दूरी बनानी चाही, तो आरोपी ने उसे डराना-धमकाना शुरू कर दिया। आरोपी ने धमकी दी कि यदि उसने उसकी बात नहीं मानी, तो वह इस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा।

# बाबा साहब ने दी समानता, न्याय और अधिकारों की मजबूत नींव



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा स्तरीय 'अंबेडकर सम्मान विचार संगोष्ठी' कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

**■ भाजपा द्वारा अंबेडकर सम्मान विचार संगोष्ठी आयोजित**

नगर के धनौरा मार्ग स्थित एक वेंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान के माध्यम से देश को समानता, न्याय और अधिकारों की मजबूत नींव प्रदान की। उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। हम सभी का दायित्व है कि उनके बताए मार्ग पर चलकर एक समतामूलक एवं सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दें। विधायक ने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। अंत में लोगों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रेम सिंह सैनी, राजीव चौहान, सतवीर सिंह, रामरतन सिंह, राजीव अग्रवाल, जगत सिंह सैनी, सतपाल पाल, रोहित आर्य, कपिल भड़ाना, सोम प्रकाश, जी, हरचरण, सुशील मौर्य, पवन, चरण सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# वकीलों का समर्थन जुटाने में लगे प्रत्याशी

## बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा का चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बार एसोसिएशन के चुनाव में 12 पदों के लिए 57 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था। दो प्रत्याशियों के नाम वापस लेने से अब 55 प्रत्याशी मैदान में है।

बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा की बागडोर संभालने को लेकर कचहरी में चुनावी पारा चढ़ गया है। चुनाव में किस्मत आजमा रहे प्रत्याशी अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए वकीलों का समर्थन जुटाने में लगे है। जीत हासिल करने की जद्दोजेहद मे ऐड़ी चोटी का जोर लगाया जा रहा है। बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा के चुनाव में वोटिंग 21 अप्रैल को होनी है। जबकि परिणाम 22 अप्रैल को घोषित किया जाएगा। प्रत्यशियों की स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। 12 पदों के लिए 57 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन कराया था। सिर्फ दो प्रत्यशियों ने अपना नाम वापस लिया है। ऐसे में 55 प्रत्याशी अब मैदान में है। जिनमें अहम मुकाबला अध्यक्ष व सचिव पद के लिए होना है। अध्यक्ष पद के लिए चैन सुख गोले, कपिल कुमार चिकारा, आदिश खान सैफी, संजय कुमार शर्मा, अख्तर हुसैन और महाराज सिंह मैदान में हैं। वही सचिव के लिए छह प्रत्याशी मैदान में है। इनमें अरशद भारती, दिनेश चौहान, धर्मेंद्र सिंह, फारूक अहमद, विशाल कुमार शर्मा और निरंकार सिंह का नाम शामिल है। गुरुवार को कचहरी का का माहौल चुनावी रंग में रंगा दिखाई दिया। दिनभर प्रत्याशी इधर उधर घूमकर वकीलों का समर्थन हासिल करने मे जुटे रहे।

**■ 21 अप्रैल को मतदान जबकि 22 को होगी मतगणना**

# अग्निवीर योजना युवाओं के भविष्य के लिए उचित नहीं

## शिक्षित युवा बेरोजगारी से परेशान, सपा की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि वर्तमान समय में किसान अपनी फसल का उचित मूल्य न मिलने और उर्वरकों की कमी से जूझ रहा है, जबकि शिक्षित युवा बेरोजगारी से परेशान हैं।

मंडी समिति रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजय कुमार यादव ने सपा संस्थापक व पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल को सैनिकों के सम्मान के लिए ऐतिहासिक बताया। उन्होंने केंद्र सरकार की अग्निवीर भर्ती योजना की आलोचना करते हुए कहा कि यह योजना युवाओं के भविष्य के लिए उचित नहीं है। चार साल की सेवा के बाद युवाओं के सामने अनिश्चितता की स्थिति पैदा होगी, जो उनके मान. सिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित कर सकती है। सन्तराम सिंह यादव ने कहा कि देश के समग्र विकास के लिए वैज्ञानिक सोच, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और किसानों की उन्नति आवश्यक है। बैठक में नरेश कुमार, अनुज यादव, जितेंद्र कुमार, राजवीर सिंह, नूर सबा, शाहजेब खां, संजय सिंह, अवनीश यादव, मुकेश कुमार, राजीव कुमार, जोगिंदर सिंह, नजाकत चौधरी, सर्वेश सैनी, अतीक अहमद, कैलाश यादव, रविपाल चिकारा, मयंक अग्रवाल, सूरज राणा आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर में युवक की मौत

## होटल पर काम करके देर रात बाइक से लौट रहा था वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** होटल पर काम करके घर वापस लौट रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परि. जनों में चीख पुकार मच गई। मृतक की पांच वर्ष पहले शादी हुई थी और वह दो बच्चों का पिता था।

**■ घटना से परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल**



जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला सुल्तान नगर निवासी गिरीश चंद्र हाईवे किनारे एक होटल में काम करते थे। वह बुधवार रात भी होटल में काम करने गए। जहां से रात करीब एक बजे घर लौट रहे थे। वह एमडीए कॉलोनी के सामने पहुंचे थे। इस दौरान हाईवे की सर्विस रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर पुघलिस पहुंची। घायल गिरीश को सीएचसी में लाया गया। यहां पर चिकित्सकों ने देखते ही उनको मृत घोघषित कर दिया। पुघलिस ने शव मोर्चरी पर रखवाया। हादसे में मौत की खबर परिजनों को दी। रोते विलाप करते परिजन मोर्चरी पहुंचे। शव का पोस्टमार्टम कराया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार का कहना है कि हादसे में बाइक सवार युवक की मौत का मामला सामने आया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक की पांच वर्ष पहले शादी हुई थी और वह दो बच्चों का पिता था। मृतक की पत्नी कविता और परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल है। बता दें कि बीते दिन भी नगर के धनौरा रोड पर एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई थी। बढ़ रहे हादसे सभी के लिए चिंता का विषय हैं।

# जनगणना के लिए दस फील्ड ट्रेनरों को जिम्मेदारी

## 50-50 के बैच की होगी ट्रेनिंग, घर-घर जाकर जुटायेंगे आंकड़े



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** जनगणना 2027 को लेकर तहसील प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी शैलेश कुमार दुबे ने तहसील क्षेत्र के लिए नियुक्त 10 फील्ड ट्रेनरों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जनगणना कार्य को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने पर जोर दिया गया। एसडीएम ने बताया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए जल्द ही कर्मचारियों की 50-50 के बैच में ट्रेनिंग शुरू कराई जाएगी। इसके लिए प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। फील्ड ट्रेनरों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने बैच में कर्मचारियों को घर-घर जाकर सही जानकारी जुटाने, परिवार के सदस्यों की संख्या, शिक्षा, रोजगार, आवास और अन्य जरूरी बिंदुओं को सावधानी से दर्ज करने की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े ही भविष्य की सरकारी योजनाओं की नींव बनते हैं। गांव, कस्बों और शहरों के विकास कार्य, सुविधाओं का विस्तार और जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में यही आंकड़े अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में ट्रेनिंग शेड्यूल, क्षेत्रवार जिम्मेदारियां, कर्मचारियों की तैनाती और सूचना संकलन के तरीके पर विस्तार से चर्चा की गई। तहसील प्रशासन का लक्ष्य है कि क्षेत्र में जनगणना का कार्य पूरी सटीकता और सरलता के साथ पूरा कराया जाए, ताकि हर परिवार का सही ब्यौरा सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज हो सके।

# बिना डाक्टरों के चलते अवैध अस्पताल सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग ने छापेमारी कर बिना लाइसेंस व बिना डॉक्टर संचालित अस्पतालों पर कार्रवाई की। नोडल अधिकारी विशाल त्रिवेदी के नेतृत्व में टीम ने रहरा के भावना हॉस्पिटल और आदमपुर के अनस नर्सिंग होम की जांच की। जांच में अनस नर्सिंग होम का लाइसेंस समाप्त मिलने के बावजूद मरीजों का इलाज चलता पाया गया, वहीं एलोपैथिक डॉक्टर भी मौजूद नहीं था। भाभना हॉस्पिटल में भी ओटी व्यवस्थाओं में खामियां मिलीं। टीम ने मरीजों को सीएचसी में इलाज कराने की सलाह दी और वायरल ऑपरेशन वीडियो की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि अवैध अस्पतालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आस्था, संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव को समर्पित पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत एवं धार्मिक आस्था को प्रोत्साहित करने हेतु सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल प्रदेशवासियों को भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उत्तर प्रदेश सरकार पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक जनपद से 10 तीर्थयात्रियों एवं एक नोडल अधिकारी को सोमनाथ यात्रा कराए जाने की कार्ययोजना बनाई गई है। इसी क्रम में जनपद बागपत में जिलाधिकारी के निर्देश पर समिति गठित की गई है। मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने आज विकास भवन में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन पूरे जनपद में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया जाए। उन्होंने बताया कि सोमनाथ मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की आस्था, सांस्कृतिक दृढ़ता एवं आत्मगौरव का प्रतीक है। यह मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रथम माना जाता है और इतिहास में कई बार विध्वंस के बावजूद पुनर्निर्माण होकर भारतीय सभ्यता की अटूट शक्ति का संदेश देता है। जनपद बागपत से चयनित 10 तीर्थयात्री विभिन्न वर्गों महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, स्वयंसेवक, व्यापारी, सफाई कर्मी एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी होंगे। अपर जिला पंचायत राज अधिकारी को यात्र का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। यात्रा कार्यक्रम 18 अप्रैल 2026- बागपत से लखनऊ के लिए प्रस्थान, 19 अप्रैल 2026-लखनऊ से सोमनाथ के लिए प्रस्थान, 21 अप्रैल 2026- सोमनाथ (गुजरात) पहुंचना 22-23 अप्रैल 2026- विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता, 24 अप्रैल 2026- सोमनाथ से लखनऊ वापसी यात्रा के दौरान सोमनाथ संकल्प संवाद, मंदिर दर्शन, लाइट एंड साउंड शो, सोमनाथ म्यूजियम भ्रमण, भजन संध्या, रुद्राभिषेक, महाआरती, प्रवचन, दीप उत्सव एवं स्थानीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी नोडल अधिकारी ने बताया कि इसके साथ ही जनपद के सभी विकासखंडों एवं नगर निकाय क्षेत्रों में शिव मंदिरों पर भजन संध्या, रुद्राभिषेक, महाआरती एवं दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 19 अप्रैल 2026 को पक्का घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान एवं यमुना महाआरती का आयोजन भी किया जाएगा। शिक्षा विभाग के सहयोग से जनपद के शिक्षण संस्थानों में शिव पुराण पर आधारित चित्रकला, रंगोली, भाषण एवं काव्य प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ा जाएगा। 18 अप्रैल को जिलाधिकारी द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान तीर्थ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट से लखनऊ के लिए रवाना किया जाएगा। इस अवसर पर परियोजना निदेशक राहुल वर्मा, जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी, अधिशासी अधिकारी के के भड़ाना, जिला कार्यक्रम अधिकारी नागेंद्र मिश्रा, एडीपीआरओ नितिन कुमार जिला सहायता रोजगार अधिकारी विपिन कुमार सहित समस्त खंड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# पीड़ितों को हिट एंड रन का लाभ अवश्य मिले:डीएम

## डीएम ने की कर-करेत्तर, राजस्व वसूली के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिला. धिकारी अस्मिता लाल ने कर -करेत्तर राजस्व संग्रह, नगर विकास वसूली एवं राजस्व कार्यो की माह मार्च की समीक्षा बैठक की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कर करेत्तर, राजस्व वसूली के संबंध में आबकारी विभाग, स्टांप, वाणिज्य कर, नगर निकाय, जीएसटी लोक निर्माण विभाग गन्ना विभाग आदि विभागों की समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला. धिकारी ने यह भी निर्देश दिए की जो तहसील के बड़े बकायदार हैं उन पर व्रहद अभियान चलाया जाए जो पैसा देने में समस्या उत्पन्न कर रहे हैं। उन पर आवश्यक कार्यवाही की जाए।

जिलाधिकारी ने बड़े बकायेदारों से वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा अमीन को गांव में भेजा जाए और तहसीलदार भी बड़े बकायेदारों पर छापेमारी करें और गांव में एलाउंसमेंट अवश्य होना चाहिए और बड़े बकायदारों पर भी प्रभावी कार्यवाही करने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा बड़े बकायेदारों के तहसील के बोर्ड पर भी फोटो सहित नाम मोबा. इल नंबर लिखवाए जाएं। उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं की वसूली में अगर कोई भी लाप. रवाही होती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला. धिकारी ने कहा खनिज देय, व्यापार कर,
बैंक, स्टाफदेय, वसूली में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को ओवरलैंडिंग गाड़ियों व स्कूल अनफिटनेस वाहनों पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला. धिकारी हिट एंड रन के केसों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जो प्रकरण संज्ञान में आ रहे हैं। पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर हैं उन पर कार्यवाही की जाए। पीड़ितों को हिट एंड रन का लाभ अवश्य मिलना चाहिए। इस अवसर पर एडीएम, एसडीएम मौजूद रहे।

# लापरवाही पर गेहूं क्रय केन्द्र प्रभारी निलम्बित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** जिलाधिकारी पीलीभीत के निर्देश पर सभी क्रय केन्द्रों के निरीक्षण किये जाने के निर्देश के क्रम में अपर जिला सहकारी अधिकारी तहसील-कलीनगर चन्द्रिका प्रसाद द्वारा गुरुवार को सहकारी संघ लि० शिवनगर एट पूरनपुर मण्डी द्वितीय को निरीक्षण किया।

अपर जिला सहकारी अधिकारी तहसील-कलीनगर द्वारा निरीक्षण आख्या में उल्लिखित किया कि केन्द्र प्रभारी अचल सिंह, क्रय केन्द्र पर पूर्वान्ह 11:50 बजे तक क्रय केन्द्र पर न ही पहुँचे और न ही इनके द्वारा अपनी आनलाइन उपस्थिति दर्ज की गयी। साथ ही विगत कई दिनों से लगातार बिना पूर्व सूचना या समुचित कारण प्रस्तुत किये अनुपस्थित चल रहे हैं। क्रय प्रभारी द्वारा केन्द्र से अनुपस्थित रहने के कारण क्षेत्रीय कृषकों को अपना गेहूँ विक्रय करने में असुविधा हो रही है, इनके द्वारा अपना मोबाइल भी अधिकांश समय बन्द रखा जाता है। क्रय केन्द्र प्रभारी का उक्त आचरण कर्मचारी नियमावली के सर्वथा विपरीत है फलस्वरूप केन्द्र प्रभारी अचल सिंह को निलम्बित करने की संस्तुति की गयी है। तत्क्रम में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता पीलीभीत द्वारा अचल सिंह, क्रय केन्द्र प्रभारी शिवनगर सहकारी संघ लि० एट पूरनपुर मण्डी द्वितीय को क्रय केन्द्र से बिना पूर्व सूचना के लगातार अनुपस्थित रहने, अभी तक क्रय केन्द्र को क्रियाशील न करने एवं शासन की महत्वपूर्ण न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के प्रति उदासीनता बरतने एवं लगातर उच्चाधिकारियों के आदेशों/निर्देशों का घोर उल्लंघन करने के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से श्री अचल सिंह, सहयोगी शिवनगर सहकारी संघ लि० को निलम्बित किया गया। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता पीलीभीत ने अवगत कराया कि किसानों को अगर किसी प्रकार की असुविधा होगी तो क्रय केन्द्र प्रभारी दंडात्मक कार्यवाही के हकदार होंगें।

# मीटर नहीं मिनी 'एटीएम' बन गया बिजली कनेक्शन

- **स्मार्ट मीटर पर भड़के किसान**
- **20 दिन में समाधान नहीं तो उखाड़ फेंकने की चेतावनी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** स्मार्ट मीटर को लेकर बिजली विभाग और किसानों के बीच टकराव तेज हो गया है। भारतीय किसान यूनियन भानू ने गुरुवार को पूरनपुर स्थित विद्युत विभाग परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए।

यूनियन ने आरोप लगाया कि ग्रामीणों पर दबाव बनाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 20 दिनों के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो वे खुद मीटर हटाने के लिए मजबूर होंगे।प्रदर्शन के दौरान किसानों और महिलाओं ने खुलकर अपनी समस्याएं सामने रखीं। उनका कहना था कि पहले के मुकाबले बिजली बिल कई गुना बढ़ गया है, जिससे घर का बजट बिगड़ गया है। आरोप लगाया गया कि विभागीय कर्मचारी मीटर लगाने के लिए लोगों को डराते हैं और बाद में ज्यादा खर्च का भय दिखाते हैं। वहीं, प्रीपेड व्यवस्था के चलते बैलेंस खत्म होते ही बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली आपूर्ति बाधित कर दी जाती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और बीमार लोगों की देखभाल प्रभावित हो रही है।यूनियन पदाधिकारियों ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर पूरनपुर व शेरपुर कलां सहित जनपद समेत कई जगह में बिना सहमति लगाए गए मीटरों को हटाने की मांग उठाई।उन्होंने कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर ग्रामीणों के लिए राहत नहीं, बल्कि नई परेशानी बन गए हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि सभी मीटरों को पुनः पोस्टपेड व्यवस्था में बदला जाए और बढ़े हुए बिजली बिलों की जांच कर संशोधन किया जाए।

भाकियू भानू के जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी और मंडल अध्यक्ष लाल मिश्रा ने कहा कि यदि तय समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन व्यापक आंदोलन छेड़ने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष निसार शाह, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता, तहसील मीडिया प्रभारी सबलू खान, तहसील अध्यक्ष रुसान अहमद, रामनिवास कश्यप, संदीप शर्मा, मीनू बरकाती, मोंटू, सलमान, दिलशाद, नजीब, शाहिद समेत बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शादी समारोह से एक साल का बच्चा चोरी

- **सीसीटीवी में कैद संदिग्ध महिला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**इस्लामनगर।** सहसवान रोड स्थित मोनार्क मैरिज हॉल में बुधवार रात एक शादी समारोह के दौरान एक संदिग्ध महिला द्वारा एक साल के बच्चे सौरभ पुत्र भूखन प्रजापति निवासी ग्राम सिरसा थाना रजपुरा को चोरी कर ले जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बच्चे के परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई।

बताया जाता है कि शादी समारोह में काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इसी बीच एक महिला ने मौका पाकर बच्चे को गोद में उठाया और वहां से तेजी से निकल गई। कुछ देर बाद जब परि. जनों को बच्चे के गायब होने की जानकारी हुई तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन बच्चा कहीं नहीं मिला। घटना की पूरी वारदात मैरिज हॉल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में एक संदिग्ध महिला बच्चे को गोद में लेकर तेजी से जाते हुए दिखाई दे रही है।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला की पहचान करने का प्रयास कर रही है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस मुक. दमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी महिला को गिरफ्तार कर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

# एक नजर

## एक दिन की प्रधानाचार्य बनीं आराध्या मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पूरनपुर।** स्थानीय मोहन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर निकट पुरानी स्टेट बैंक ( तिरंगा चौक) पूरनपुर, पीलीभीत में कक्षा अष्टम में अध्यनरत छात्रा आराध्य मिश्रा पुत्री राजीव कुमार मिश्रा निवासी मो कायस्थान को एक दिन के लिए प्रधानाचार्य के दायित्व हेतु मनोनीत किया गया।

प्रातः काल वंदना सत्र में प्रतिभाग करते हुए आराध्य मिश्रा ने प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों को समय पालन के महत्व के बारे में बताया। इस के पश्चात कक्षाओं में शिक्षण कार्य का अवलोकन किया। विद्यालय में आने वाले अभिभावकों की समस्याओं/सुझावों को भी गंभीरता पूर्वक सुना व निराकरण कराया। इसी बीच आराध्या मिश्रा के पिता राजीव कुमार मिश्रा ने इस भावुक पल में विद्या भारती द्वारा संच. ालित मोहन सरस्वती शिशु मंदिर निकट- पुरानी स्टेट बैंक विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यालय भैया बहनों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कृत, संस्कार व प्रशासनिक सेवाओं के लिए प्रेरित करने वाली पूरनपुर की एकमात्र संस्था है। यहां से अध्यनरत अनेक भैया बहन बड़े-बड़े प्रशासनिक पदों पर कायम होते हुए विद्यालय व पूरनपुर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया, उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज दीक्षित का आभार प्रकट किया।

## ऑडियो वायरल होने पर लेखपाल निलंबित, एसडीएम ने की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम गागुपुर में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे और एक विधवा महिला का रास्ता बंद करने का करने का मामला सामने आया है इस मामले में रिश्वत मांगने का आरोप भी लगा है। लेखपाल का ऑडियो वायरल होने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए लेखपाल को निलंबित कर दिया है और जांच नायब तहसीलदार को सौंपी है।

जमीन पर कब्जे का आरोप लगा था लेखपाल गौरव कुमार पर यह घटना ग्राम गागुपुर की है। यहां दिवंगत जगन्नाथ प्रसाद की पत्नी विमला देवी ने मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र भेजकर न्याय की मांग की थी पीड़िता के अनुसार उनकी कृषि भूमि के सामने ग्राम समाज की खाली जमीन पड़ी थी। जो खेत तक पहुंचने का एकमात्र रास्ता था। विमला देवी ने आरोप लगाया है कि लेखपाल गौरव कुमार ने एक ग्रामीण के साथ मिलकर इस जमीन पर अवैध कब्जा कर दिया इसके अतिरिक्त ग्राम प्रधान पर भी उसी जमीन पर सरकारी आवास बनवाने का आरोप हैं जिससे उनका रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। महिला का आरोप है कि जब उन्होंने रास्ता खुलवाने के लिए लेखपाल से संपर्क किया। तो लेखपाल ने उनसे 16 हजार रुपए की रिश्वत मांगी कथित तौर पर यह भी कहा गया कि पैसे देने पर ही रास्ता खोला जाएगा।

विमला देवी के अनुसार रिश्वत न देने पर लेखपाल ने कोई सहायता नहीं की इसके बाद महिला ने लेखपाल के साथ हुई बातचीत का ऑडियो वायरल कर दिया जो क्षेत्र में तेजी से फैल गया और चर्चा का विषय बन गया। ऑडियो वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया एसडीएम नागेंद्र पांडे ने तत्काल प्रभाव से लेखपाल गौरव कुमार को निलंबित कर दिया इस पूरे मामले की जांच नायब तहसीलदार अवधेश कुमार को सौंप गई है। एसडीएम नागेंद्र पांडे ने बताया कि शिकायत और बायरल ऑडियो के आधार पर प्रथम दृष्टया मामला गंभीर पाया गया जिसके बाद तत्काल कार्रवाई की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया की जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एसडीबी पब्लिक स्कूल के सीबीएसई 10 वीं के परिणाम में चमकी दिव्यांशी चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** एसडीबी पब्लिक स्कूल का कक्षा 10 सीबीएसई परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। रिजल्ट आते ही स्कूल में पहुंच कर बच्चों ने खुशी जताई। इस मौके पर प्रबंधक अखिलेश वार्ष्णेय प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर बच्चों को बधाई दी। विद्यालय की छात्रा दिव्यांशी चौहान ने 94.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। दीपक गोस्वामी ने 92% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि नविका ने 91.4% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य मेधावी विद्यार्थियों में अरिवा (90.2%), अनंत कुमार शाक्य (87.8%), आस्था गुप्ता (86%), तेजस गौर (85.2%), शुभी (82.8%), अमिरल गौर (81.2%) तथा कुमार संभवम (81.2%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन ने इसे छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया। प्रधानाचार्या मीनू एल. बत्रा ने छात्रों को आगे भी इसी लगन के साथ पढ़ाई जारी रखने की प्रेरणा की। इस दौरान स्कूल स्टाफ ने सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर में बाइक सवार हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

> **ई-रिक्शा से बरामद हुआ मांस, पुलिस जांच में जुटी**

**बदायूं।** आंवला-बदायूं रोड स्थित पेट्रोल पंप के निकट ग्राम कासमपुर थाना कुंवरगांव क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई।घटना गुरुवार सुबह लगभग 8 बजे की बताई जाती है, इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार लालता प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार,आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल को संभाला और ई-रिक्शा चालक को पकड़ लिया।

घटना के बाद जब स्थानीय लोगों ने ई-रिक्शा की जांच की, तो उसमें संदिग्ध रूप से बड़े पशु का मांस भरा हुआ मिला। यह देखकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ई-रिक्शा और उसमें भरे मांस को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मांस को जब्त कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

घायल लालता प्रसाद को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में पशु चिकित्सक डॉक्टर संजीव भुंईयार ने बताया कि एक ई-रिक्शा से लगभग 40 किलो भैंसवंशीय मांस बरामद हुआ था,पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि सुबह एक ई-रिक्शा और बाईक में टक्कर हो गई थी जिसमें बाईकसवार के चोटें आई हैं।घायल बाईकसवार को ईलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। वहीं मामले की जांच की जा रही है।

## सरकारी भूमि पर मूर्ति रख कब्जाने की कोशिश, गांव में भारी तनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम ढोरनपुर में मंगलवार रात उस समय तनाव व्याप्त हो गया, जब कुछ अराजक तत्वों ने ग्राम समाज की सुरक्षित भूमि पर बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। मामले की जानकारी मिलते ही गांव में दो पक्षों के बीच टकराव की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति को संभाला और गुरुवार को विवादित स्थल पर खुदाई करवाकर बाउंड्रीवाल का कार्य शुरू करा दिया है, ताकि सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त रखा जा सके। सूत्रों के अनुसार, रात के अंधेरे में सरकारी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से मूर्ति रखी गई थी। तहस. ीलदार विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि ग्राम सभा की जगह को चिन्हित कर लिया गया है और प्रशासन ने इसे अपने कब्जे में ले लिया है। मौके पर खुदाई करवाकर घेराबंदी कराई जा रही है ताकि भविष्य में कोई दोबारा अतिक्रमण न कर सके।थाना अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा कि क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी। प्रशासन के आद. शों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

चर्चा है कि जनपद के कुछ संवेदनशील इलाकों में इस तरह के कृत्यों के जरिए सांप्रदायिक या जातीय सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। ढोरनपुर में समय रहते प्रशासन की सक्रियता से बड़ी अनहोनी टल गई, हालांकि गांव में अभी भी पुलिस बल मुस्तैद है और स्थिति पर पैनी नजर रखी जा रही है।

# ट्यूबवेल गेट का ताला तोड़कर उपकरण चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ओरछी।** अज्ञात चोरों के आतंक से दहला क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री संभल, विशाल चौहान के ट्यूबवेल से अज्ञात चोर गेट का ताला तोड़कर उसमें रखा ट्यूबवेल के उपकरण चोरी।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव खेड़ादास में अज्ञात चोरों ने ट्यूबवेल का ताला तोड़कर उसमें रखा पानी वाले दो पाईप एवं कृषि उपकरण आदि सामान चूरा ले गए। किशनपाल पुत्र चंद्रपाल सिंह ने शिकायती पत्र देकर बताया।

विशाल चौहान सोसायटी चंदौसी ग्रीन ग्राम देवरा खेड़ा जनपद संभल रहने वाले हैं इनका खेत हम बटाई पर करते हैं गांव के समीप श्मशान घाट के नजदीक ट्यूबवेल है थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव खेड़ादास के जंगलों में निजी ट्यूबवेल घ्मौजूद है जिसमें से कृषि उपकरण एवं पाइप अज्ञात चोर चोरी करके ले गए जिसकी शिकायत 112 पुलिस को तत्काल सूचना दी ओर थाना फैजगंज बेहटा में लिखित रूप से शिकायती पत्र देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

थाना अध्यक्ष मनोज वर्मा आखिरकार संवाददाताओं का फोन उठाना उचित नहीं समझते, हालांकि थाना क्षेत्र में जब से अपनी कुर्सी संभाली है तब से घटनाओं का सिलसिला जारी है वही देखा जाए तो पूरी तरह ढलाई बढ़ती जा रही है जिला मंत्री के यहां चोरी जैसी घटनाएं होने लगी है।

# इंटर हाउस कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिताओं का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पीलीभीत।** बेन-हर गुरुकुल, टनकपुर रोड शाखा की सीनियर कक्षाओं में इंटर हाउस कबड्डी और खो -खो प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन संपन्न हुआ।इस अवसर पर बेन- हर संस्थापिका रंजीत कौर सैहमी, डायरेक्टर डॉ परविंदर सिंह सैहमी एवं एक्टिविटी इंचार्ज गुरस. ेवक सिंह ने खेल से पूर्व खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ निर्मल कौर ने टॉस उछालकर खेल को प्रारंभ करने के लिए हरी झंडी दिखाई। कबड्डी खेल के रोमांचक मुकाबले में एथिक्स हाउस के बाल. कों ने जीत हासिल करके अपनी ताकत का लोहा मनवाया। दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमशः इंटीग्रिटी और नॉलेज हाउस ने जीत दर्ज कर अपना दबदबा बनाया। बालक खिलाड़ियों में आयुष शुक्ला, गुरतेश सिंह, सनाविल, अभय और सार्थक का प्रदर्शन देखने योग्य रहा। दूसरी ओर बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में पहले स्थान पर लीडरशिप हाउस की बालिक. ाओं ने बाजी मारी दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः इंटीग्रिटी और नॉलेज हाउस की बालिकाओं का दबदबा रहा। इन बालिकाओं में सनोवर प्रीत कौर ,वंशिका गुप्ता, हरकीरत कौर, आन्या सिंह और अंकिता का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थी के धैर्य, विश्वास और संयम की परीक्षा ली जाती है। इसलिए हार या जीत की चिंता ना करते हुए प्रतिस्पर्धा में भाग लेना चाहिए। संपूर्ण प्रतियोगिता खेल अध्यापक रमनदीप सिंह और मनोज भास्कर के दिशा निर्देशन में संपन्न हुई। खेल प्रतियोगिता के दौरान मैदान में विद्यालय की एकैडमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित सहित चारों हाउस के इंचार्ज क्रमशः यशवंत कुमार, रिजाध राशिद, प्रदीप कुमार और अंजनी श्रीवास्तव अपनी -अपनी टीमों को प्रोत्साहित करने के लिए मौजूद रहे। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के चारों हाउस के बच्चों ने मैदान में तालिया की गड़गड़ाहट से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

# बेन-हर पब्लिक स्कूल में कॉमर्स विद्यार्थियों हेतु करियर काउंसलिंग सत्र संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पीलीभीत।** बेन-हर पब्लिक स्कूल में कक्षा 11 श्कॉमर्स स्ट्रीमश के विद्यार्थियों के लिए एक विस्तृत ष्करियर काउंसलिंग सत्रष का आयोजन किया गया। इस अवसर पर करियर काउंसलर श्सीए नेहा अरोड़ाश विशेष रूप से विद्यार्थियों को संबोधित करने हेतु विद्यालय पहुंची और उन्होंने छात्रों को भविष्य के करियर विकल्पों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कॉमर्स स्ट्रीम के विद्यार्थियों को उनके करियर के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देना था।कार्यक्रम में श्नेहा अरोड़ाश ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी, कंपनी सेक्रेटरी, कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंसी, बैंकिंग एवं प्रबंधन जैसे 18 से भी अधिक क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उनकी रुचि एवं योग्यता के अनुरूप कैरियर चयन करने की सलाह दी। उन्होंने प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी जानक. ारी साझा की।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी ने अपने संबोधन में कहा, ष्इस प्रकार के मार्गदर्शन सत्र विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करते हैं। तथा उनके भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं। सही समय पर मिला उचित मार्गदर्शन विद्यार्थियों के भविष्य को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।ष कार्यक्रम का संचालन एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा के निर्देशन में किया गया। उनकी देखरेख में संपूर्ण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर हेडमिस्ट्रेस निर्मला शर्मा एवं कॉमर्स विभाग के सभी शिक्षक सुलभ आनंद, प्रेमपाल वर्मा, मुक्ता पांडेय, प्रतीक्षा सिंह आदि भी उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उनके प्रश्नों के समाधान में सहयोग किया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लिया और इसे अत्यंत लाभकारी बताया।कक्षा 11 के एक छात्र ने कहा,ष्इस सत्र से हमें अपने करियर विकल्पों के बारे में स्पष्ट समझ मिली है।ष वहीं एक छात्रा ने इसे ष्बेहद उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**पीलीभीत।** बुधवार देर शाम सीबीएसई कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही शहर के ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100% परिणाम हासिल किया है। परिणाम घोषित होते ही छात्रों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने टॉप रैंक में स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। विद्यालय के टॉप 5 विद्यार्थियों में आरुष भारती ने 95.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर अभिनव शर्मा ने 93.6% अंक प्राप्त किए। तीसरे, चौथे एवं पाँचवें स्थान पर क्रमशः आयुष शर्मा (93.2%), मनन्या पाण्डेय (92.40%) एवं मो. उजैर (92.40%) रहे। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि विद्यालय के 127 विद्यार्थियों में से सभी 127 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इनमें से 10 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक, 54 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक तथा 102 विद्यार्थियों ने 70% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के वार्षिक परीक्षा परिणामों में ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, टनकपुर रोड, पीलीभीत के मेधावी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों तथा पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा एवं प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात विद्यालय में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों के चेहरों पर सफलता की चमक और भविष्य के प्रति उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

# पीटीआर में तस्करों का आतंक

- **किया जंगली सुअर का शिकार, टीम पर की फायरिंग**
- **मोटरसाइकिल छोड़ फरार हुए तस्कर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** टाइगर रिजर्व में एक बार फिर तस्करों का आतंक देखने को मिला है, पीटीआर की बराही रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी अरूण मोहन श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 15 अप्रैल को रात्रि 11 बजे फैजुल्लागंज सेक्शन की सिमरा द्वितीय बीट के कक्ष सं 11 में मुखबिर खास से सूचना प्राप्त होने के उपरान्त कपिल कुमार, वन दरोगा सेक्शन प्रभारी फैजुल्लागंज, अनिल कुमार वनरक्षक एवं बीट वॉचरों के साथ प्रश्नगत क्षेत्र मे छापा मारा गया तो पाया कि कुछ शिकारियों द्वारा एक जंगली सुअर पर हमलाकर मार दिया गया है।

कर्मचारियों द्वारा शिकारियों को पकड़ने की कोशिश की गयी तो उनके द्वारा अवैध असलहा से गोल. ीबारी शुरू कर दी गयी। जवाब मे कर्मचारियों द्वारा भी फायरिंग की गयी।

फायरिंग के दौरान शिकारी सुअर का शव एवं बिना नम्बर प्लेट की एक मोटर साईकिल TVS Sport जिसका चेसिस नं० MO625CK23R3A05985 को छोड़कर भागने लगे। वन कर्मचारियों द्वारा काफी दूर तक उनका पीछा किया गया परन्तु सभी शिकारी भागने में सफल रहे। सूचना प्राप्त होने के उपरान्त क्षेत्रीय वनाधिकारी बराही द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर जंगली सुअर का शव एवं मोटर साईकिल को कब्जे में ले लिया गया है। शिकारियों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अतिशीघ्र शिकारियों को पकड़ लिया जायेगा तथा शिकारियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही हेतु रेंज केस सं० 3/2026-27 दर्ज किया गया है। बरामद सुअर के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# परशुराम जयंती पर कड़े सुरक्षा प्रबंध शोभायात्रा में रहेंगे मजिस्ट्रेट तैनात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया है कि इस वर्ष 19 अप्रैल 2026 को परशुराम जयन्ती का पर्व प्रत्येक वर्ष की भांति मनावी जानी प्रस्तावित है। परशुराम जयन्ती के उपलक्ष्य में जनपद क्षेत्रान्तर्गत महर्षि परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजन, सभा, गोष्ठी एवं शोभायात्रायं निकाली जायेंगी। जो लोटनपुरा तिराहा, गोपी चौक, नेहरू चौक, खैरातीचौक पुराना बाजार, सुभाष चौक, गद्दी चौक, निदेश चौक, पीएनबी, लावैला चौक होते हुये उद्गमस्थल पर पहुँचकर समाप्त होगी जिसमें 15-20 झांकिया सम्मिलित रहेगी।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि नगर मजिस्ट्रेट बदायूँ नगर बदायूँ में शान्तिपूर्ण समापन तक स्थिति पर प्रभावी नियन्त्रण की दृष्टि रखेंगे। इस शोभायात्रा के अवसर पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए मजिस्ट्रेट्स की तैनाती की गई है। उप जिलाधिकारी (न्यायिक) तहसील सदर राजेश कुमार सिंह (9696061053) शोभायात्रा के आगे, तहसीलदार (न्यायिक) सुरेन्द्र कुमार (8533988009) शोभायात्रा के मध्य, नायब तहसीलदार सदर अमित कुमार 8887706006 शोभायात्रा के पीछे नगर मजिस्ट्रेट बदायूँ के निर्देशों के अनुसार शोभायात्रा में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। नगर मजिस्ट्रेट बदायूँ इस शोभायात्रा के दौरान पूरे नगर क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था हेतु उत्तरदायी होंगे। इसके के अतिरिक्त संबंधित को निर्देश निर्गत किये गए है कि परशुराम जयन्ती से पूर्व शासनादेश दिनांक 24-10-2016 के अनुपालन हेतु मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर लें तथा शासनादेश में दी गयी व्यवस्था का पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि नगर मजिस्ट्रेट व समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट संवेदनशील स्थानों पर आवश्यकतानुसार अधिकारियों/कर्मचारियों की तैनाती अपने स्तर से कर सकते हैं। जिसकी सूचना तत्काल नाम/मोबाइल नम्बर सहित अधोहस्ताक्षरी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ को उपलब्ध कराई जाये।

# रोडवेज की शटल सेवा शुरू करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर ( बदायूं )।** ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रांतीय सचिव एवं बदायूं लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी कैलाश कुमार मिश्रा ने बदायूं जिला के पिछड़ेपन को देखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के आर ए एम साहब से निवेदन किया है कि आर ए एम महोदय बदायूं जिले में क्रांतिकारी कदम उठाए और जनपद के सभी नगर, उप नगरों तथा ब्लॉक मुख्यालयों को रोडवेज की बसों की शटल सेवा से जोड़कर जनपदीय जनता यात्रा संबंधी सुविधा प्रदान करे।

पूर्व सांसद प्रत्याशी ने बदायूं डिपो के आर ए एम साहब से मांग दोहराई है कि उसावा, म्याऊं, उशेत, हजरतपुर, दातागंज, कुमरगांव, बगरेन, वजीरगंज, सैदपुर, बिसौली, आशफपुर, इस्लामनगर, बिल्सी, सहसवान, दहगवां, कछला, उझानी, कादर चौक सहित आदि स्थानों को एवं मानोना धाम को रोडवेज बसों की सटल सेवा से ऐसे जुड़े जो 3 घंटे में रोडवेज की बस जनपद मुख्यालय से प्रत्येक नगर व ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ दे और प्रत्येक बस एक दूसरी बस से मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर मेल हो जाए। जनपद में आवागमन की समस्या खत्म हो जाए और प्रत्येक यात्री जहां से बैठे वहां से जनपद मुख्यालय बदायूं मात्र 1 घंटा 30 मिनट में आसानी से पहुंचे और बदायूं से लौटना भी उसी प्रकार हो। सटल सेवा के तहत यह बसे जनपद के अंदर भ्रमण करें। श्री मिश्र ने रोडवेज बसों को संचालन करने वाले उच्च अधिकारियों का ध्यान इस समस्या पर शीघ्र आकर्षित करने का निवेदन किया। इससे जनपद बदायूं की जनता रोडवेज बसों की यात्रा का पूरा-पूरा लाभ उठा सके। उन्होंने कहा सटल सेवा से लोगों का व्यापार बढ़ेगा, समृद्धि आएगी जनपद बदायूं खुशहाल होगा।

# पत्नी से विवाद के चलते भाजपा बूथ अध्यक्ष ने फांसी लगाकर दी जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नव विवाहिता पत्नी से विवाद के चलते भाजपा बूथ अध्यक्ष ने साड़ी से फांसी फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने पुलिस की मौजूदगी में बन्द कमरे का दरवाजा तोड़कर शव नीचे उतारा, और पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया।



कस्बा स्थित पशु चिकित्सालय के निकट रहने वाले केवल सिंह के 25 वर्षीय पुत्र विकास सिंह जो मौजूदा समय में भाजपा का बूथ अध्यक्ष है। उसकी शादी डेढ़ महीने पूर्व 20 फरवरी को क्षेत्र के गांव खंजनपुर खघ्जनियां की रहने वाली सविता के साथ हुआ था। एक सप्ताह पहले रविवार को उसकी पत्नी सविता अपने मायके चली गई थी।

मिली जानकारी के मुताबिक घर पर मृतक की मां नेमकुमारी पिता केवल सिंह और उसका छोटा भाई प्रकाश रहते थे, उसकी दोनों बहनों रीना और सोनी की शादी हो चुकी है और वह अपनी ससुराल में रह रही हैं। मृतक के माता पिता बीमार रहते हैं, घर पर खाना बनाने की खासी परेशानी हो रही थी। बताया जाता है कि ससुरालियों द्वारा मायके जाने से मना करने के बाद भी वह अपने लेखपाल भाई के साथ चली गई थी। कल बुधवार करीब 10 बजे मृतक विकास सिंह कस्बे के बीजामऊ मार्ग स्थित एक बारात घर से दावत खा कर आया था, घर आकर उसने अपने कमरे को अन्दर से बंद कर लिया, साथ में अपने पालतू कुत्ते को भी बंद कर लिया, और साड़ी को कुंडे में डाल कर फांसी पर झूल गया।

गुरुवार की सुबह जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो इसकी सूचना पुलिस को दी, जिस पर पहुंची पुलिस ने तत्काल ही इसकी सूचना फॉरेंसिक टीम को दी, टीम के पहुंचने पर ही कमरे का दरवाजा खोलकर शव नीचे उतारकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया।

### यूपीएससी की तैयारी कर रहा था मृतक

मिली जानकारी के मुताबिक भाजपा बूथ अध्यक्ष विकास सिंह यूपीएससी की तैयारी कर रहा था, माता पिता को खाना बनाने के कारण उसे शादी करने पढ़ी थी। बताया जाता है कि पत्नी घर का काम काज करने से गुरेज करती थी, जिसको लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर तकरार होती रहती थी।

## अलग-अलग सड़क हादसों में कई घायल, एक की हालत गंभीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में कई लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।पहली घटना नेशनल हाईवे पर अवंतिका पेट्रोल पंप के पास हुई, जहां गूला निवासी नत्थू लाल अपने पुत्र सोनू के साथ मोटरसाइकिल ठेली से सीमेंट के कट्टे और सरिया लेकर धनेटा की ओर जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ठेली पलट गई और दोनों पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस और पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।वहीं दूसरी घटना शीशगढ़ रोड पर मिर्जापुर के पास हुई, जहां आमने-सामने दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि ढाकन लाल रामपुर से अपने घर बरखेड़ा, शीशगढ़ जा रहे थे। जबकि दूसरी बाइक पर सवार विशाल तुरसा पट्टी से रिश्तेदारी में धनेटा जा रहे थे।घटना के बाद मौके से गुजर रहे आसिफ शेख निवासी मीरगंज ने मानवता का परिचय देते हुए अपनी कार से घायलों को धनेटा के पास एक अस्पताल में भर्ती कराया।

## एक नजर

### ननिहाल में दावत खाने जा रहे युवकों को वाहन ने मारी टक्कर, किशोर की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** 4 दिन पूर्व क्षेत्र के गांव हरदुआ किफायतुल्ला के रहने वाले मजदूर मो0 अशरफ का पुत्र मो0 अमन 13 वर्षीय अपने ममेरे भाई 11 वर्षीय मो0 आतिफ के साथ नजदीकी गांव रिछोला किफायतुल्ला स्थित अपनी ननिहाल में आयोजित एक कार्यक्रम में दावत खाने आ रहे थे।

रात करीब 8 बजे के समय दोनों बरेली-पीलीभीत हाईवे किनारे खड़े थे कि बरेली की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तत्काल ही दोनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां अमन की हालत गम्भीर होने पर उसे दिल्ली ले जाने की सलाह दी गई। परिजन उसे दिल्ली ले जा रहे थे कि उसने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया गया। युवक के पिता मो0 अशरफ, माता कैसर जहां, छोटा है मो फैजान, बहनों हसीना वी, मैरा वी, आसफा नूर का रो रोकर बुरा हाल है।

### आग से दो एकड़ फसल जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र में लगातार गेहूं की फसलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे किसानों के अरमानों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। गुरुवार दोपहर तहसील क्षेत्र के गांव चंदनखेड़ा में आग लगने से करीब दो एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।जानकारी के अनुसार नथपुरा निवासी रामसरन, हरप्रकाश और सुरेंद्र कुमार पुत्रगण मदन लाल के खेत में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग चंदनखेड़ा के पास स्थित खेतों में लगी थी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम इंचार्ज मुकेश पाल के नेतृत्व में राजेंद्र, ओमप्रकाश, माहेरे आलम और संजीव ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

### कोतवाली शीशगढ़ में ग्राम प्रधानों व जनसेवा संचालकों के साथ सीधा संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** जनसेवा संचालकों एवं ग्राम प्रधानों के साथ कोतवाली शीशगढ़ में एक बैठक आयोजित करके प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने कहा कि सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है।



बैठक में उपस्थित लोगों से प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि ग्राम प्रधान गांव का जिम्मेदार व्यक्ति होता है, उसपर गांव के लोगों की जिम्मेदारी का बोझ भी होता है। प्रधानों को चाहिए कि वह अपने अपने गांव के ऐसे लोगों पर नजर रखे जो कानून व्यवस्था के लिए खतरा पैदा कर सकते हों ऐसे लोगों की जानकारी पुलिस को दें नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस व ग्राम प्रधानों के बीच आपसी संवाद से ही सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने कहा कि जनसेवा संचालक भी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्य को अंजाम देते है उनकी भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है संदिग्ध लोगों पर पूरी नजर रखे और जानकारी पुलिस को साझा करें।

### कुत्ते के हमले में बच्चा घायल, जिला अस्पताल रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन कुत्ते बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है।ताजा मामला गांव रसूलपुर का है, जहां अनमोल पुत्र गंगाचरण को कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। परिजन उसे तुरंत सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि बच्चे के कान के ऊपर कई जगह गहरी चोट आई है।

# डीएम ने गेहूं क्रय केंद्र का किया औचक निरीक्षण

- **किसानों की सुविधाओं व व्यवस्थाओं को लेकर दिए सख्त निर्देश, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में गेहूं खरीद व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारु बनाए रखने के लिए डीएम अविनाश सिंह ने डेलापीर स्थित नवीन मंडी स्थल पर संचालित गेहूं क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया, और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम ने किसानों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए केंद्र पर बैठने के लिए बेंच, गुड़-चना, स्वच्छ पेयजल, छाया आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नमी मापक यंत्र, तिरपाल और बारदाने की उपलब्धता की भी जांच की। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इन सभी संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था हर समय बनी रहनी चाहिए। उन्होंने सख्त शब्दों में कहा कि नमी के आधार पर किसानों का गेहूं अनावश्यक रूप से अस्वीकृत कर वापस न किया जाए।

डीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि गेहूं खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या बिचौलियों की संलिप्तता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है, जबकि तौल व सफाई के लिए 20 रुपये प्रति कुंतल की दर तय की गई है। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मजदूरों व पल्लेदारों के भुगतान की स्थिति की जानकारी भी ली। साथ ही गाटा पर्ची सहित अभिलेखों की भी जांच की।

डीएम ने मोबाइल क्रय केंद्रों के संचालन पर भी जोर देते हुए कहा कि इनका लाभ विशेष रूप से बीमार, बुजुर्ग और अशक्त किसानों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्तमान में 120 गेहूं क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) संतोष कुमार सिंह, मंडी सचिव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दबंगों ने किया किशोरी से सामूहिक दुराचार

- **10 दिन बाद दर्ज कराई नामजद रिपोर्ट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** घटना थाना क्षेत्र के एक गांव की है। गांव की एक किशोरी दुकान पर सामान लेने गयी थी उसे दबंगों ने दबोच लिया। किशोरी को दबंग एक सेलर प्लाट के पास ले गए जहां दबंगो ने उसके साथ सामूहिक दुराचार किया। घटना की रिपोर्ट किशोरी के पिता की ओर से 10 दिन बाद दबंगों के खिलाफ थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गई है। रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी के पिता शादी समारोह में खाना बनाने का कार्य करते हैं। गुजरी पांच अप्रैल को वह खाना बनाने के लिए बाहर गए हुए थे, घर पर मौजूद उनकी बेटी शाम को गांव में ही एक दुकान पर सामान लेने गयी थी। आरोप है कि गांव के ही मिसरयार खां, मोहम्मद जुबैर व अरमान खां ने उसे रास्ते से जबरन उठा लिया, और गांव के पास स्थित एक सेलर प्लांट पर ले जाकर उसके साथ बारी-बारी से दुराचार किया। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान वह गांव के पास सेलर प्लांट के समीप मिली। सात अप्रैल को पिता के घर लौटने पर उसने अपने साथ हुई इस घटना की उन्हें पूरी जानकारी दी। जिसपर वह आरोपियों के घर शिकायत करने गए तो आरोपियों ने उनसे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। घटना की रिपोर्ट गुरुवार को किशोरी के पिता की ओर से थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है। पुलिस ने नामजद आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस उनके घरों पर दबिशें दे रही है।

## सीबीएसई हाइस्कूल बोर्ड परीक्षा में एन.डी. एकेडमी ने लहराया परचम

- **सक्षम ने 96 प्रतिशत अंक पाकर कॉलेज टॉप किया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** शाहपुरा मानपुर स्थित एन.डी. एकेडमी ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में सराहनीय परिणाम प्राप्त कर क्षेत्र में फिर अपना दबदबा कायम रखा। इस वर्ष कुल 156 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 151 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का कुल परिणाम 97% रहा।

विद्यालय के मेधावी छात्र सक्षम ने 96% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के शीर्ष 15 मेधावी छात्र इस प्रकार हैं सक्षम 96%, तरुण मौर्य 89.4%, मोहम्मद अरबाज 88.2%, शुभ गंगवार 87.2%, दीक्षा गंगवार 87.0%, रोहित गंगवार 86.4%, आराध्या गंगवार 86.2%, जितिन 83.6%,. दीक्षा गंगवार 83.4%, पियूष गंगवार 81.6%, हिमांशु 80.2%, शानी 79.8%, रवि 79.0%, अंजली गंगवार 78.2% नैतिक 77.8%।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक डॉ. धर्म सिंह जी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह परिणाम सभी के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। अभिभावकों ने भी विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय भविष्य में और भी बेहतर परिणाम देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### नारी वंदन अधिनियम के समर्थन में छात्राओं ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में नारी वंदन अधिनियम 2023 के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए गुरुवार को छात्राओं द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। छात्राओं ने लगातार दूसरे दिन नगर में रैली निकालकर महिलाओं को इस अधिनियम से होने वाले संभावित बदलावों के बारे में जानकारी दी और समर्थन जुटाया।कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. एस.के. सिंह ने कहा कि नारी सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉ. सचिन गिरि, वीरेंद्र शर्मा, विकास पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### मानव श्रृंखला बनाकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** जेपीएस इंटर कॉलेज सिंधौली में गुरुवार को छात्राओं और शिक्षिकाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मानव श्रृंखला बनाकर एकजुटता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी और अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया।

विद्यालय के प्रबंधक कृतज्ञ सिंह ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को संसद में पहुंचकर निर्णय लेने का अधिकार देगा, जिससे उनकी भागीदारी बढ़ेगी और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी।प्रधानाचार्य इरशाद अहमद ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी नेतृत्व क्षमता साबित कर रही हैं और यह अधिनियम उन्हें अपनी बात और मजबूती से रखने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि अब महिलाओं की आवाज को दबाया नहीं जा सकेगा। इस अवसर पर राजपाल सिंह, प्रीति शर्मा, कपिल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, हर्षित भारद्वाज, विवेक रुहेला, जितेंद्र कुमार और ममता मौर्य सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

## सी बी एस ई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में कालेज टॉपर बनी जोया रहमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस उनको निखारने की जरूरत है यह साबित करके दिखा दिया है शीशगढ़ की जोया रहमान ने



इस वर्ष सी बी एस सी बोर्ड से हाइस्कूल की परीक्षा में 96प्रतिशत अंक पाकर स्कूल की टापर बनने का गौरव हासिल किया है।

जोया रहमान के पिता अतीकुर रहमान मूल रूप से शीशगढ़ कस्बे के निवासी है वह व्यापार के सिलसिले में सितारगंज उत्तराखंड में रहते है उनकी पुत्री जोया रहमान ने मोहिंदर सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल सितारगंज में गत वर्ष कक्षा 9 की परीक्षा में 95.38प्रतिशत अंक पाकर कालेज की टापर बनी है इस वर्ष सी बी एस ई बोर्ड से हाइस्कूल की परीक्षा में 96प्रतिशत अंक पाकर इस बार भी कालेज की टापर स्टूडेंट बनने के रिकॉर्ड को अपने नाम बनाए रखा।

जोया रहमान के पिता अतीकुर रहमान ने बताया कि उनकी बेटी केवल कालेज अटेंड करती है आज तक उसने किसी कोचिंग सेंटर में पढ़ाई नहीं की उसको पढ़ने का जज्बा है कालेज से आकर जितना भी खाली वक्त मिलता है अपनी पढ़ाई जारी रखती है जोया रहमान से ऐसे लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए जो यह कहते है कि बिना कोचिंग किए पास होना मुमकिन नहीं। जोया रहमान का कहना है कि एम बी बी एस डाक्टर बनकर जनता की सेवा करना उनका मकसद है वह अपने इसी सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन के साथ अपनी पढ़ाई को अंजाम दे रही है। जोया रहमान की मां सीमा पिता अतीकुर रहमान भी अपनी बेटी की पढ़ाई में उसका हौंसला बढ़ाते है हाइस्कूल की परीक्षा पास करने के बाद अब जोया रहमान आगे की पढ़ाई भी जारी रखेगी जोया रहमान की बड़ी बहिन जूविया रहमान भी टॉपर स्टूडेंट रह चुकी है वह अब शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट बिदर कर्नाटक में प्रवेश लेकर अपनी आगे की पढ़ाई पूरी कर रही है उसका सपना भी अच्छा डाक्टर बनके सेवा करने का है और साथ में नीट परीक्षा की तैयारी भी यही से कर रही है अपनी दोनों बेटियों की सफलता पर अतीकुर रहमान व उनकी पत्नी सीमा को फख्र है।

## सिलीगुड़ी में कांग्रेस ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी सलीम अख्तर बने चुनाव पर्यवेक्षक

- **विधानसभा चुनाव से पहले संगठन मजबूत करने पर फोकस, एआईसीसी की मंजूरी के बाद नियुक्ति**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सिलीगुड़ी विधानसभा क्षेत्र के लिए वरिष्ठ नेता सलीम अख्तर को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।



जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव एवं पश्चिम बंगाल प्रभारी गुलाम अहमद मीर की मंजूरी के बाद की गई है। यह आदेश 9 अप्रैल 2026 को कोलकाता स्थित बिधान भवन से आधिकारिक रूप से जारी किया गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार सिलीगुड़ी विधानसभा क्षेत्र राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में यहां अनुभवी और सक्रिय नेता की तैनाती को कांग्रेस की रणनीतिक योजना का हिस्सा माना जा रहा है। सलीम अख्तर को संगठनात्मक अनुभव के आधार पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि चुनावी तैयारियों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

बताया जा रहा है कि सलीम अख्तर क्षेत्र में पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देने पर विशेष ध्यान देंगे। इसके साथ ही वे चुनाव प्रचार की रणनीति, जनसंपर्क अभियान और पार्टी कार्यक्रमों की निगरानी भी करेंगे।

कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ और सक्रिय संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है। इसी को ध्यान में रखते हुए पार्टी विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर रही है, ताकि चुनावी तैयारियों में किसी प्रकार की कमी न रह जाए। सिलीगुड़ी में सलीम अख्तर की नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है, और उम्मीद जताई जा रही है कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस क्षेत्र में अपनी स्थिति को और मजबूत करेगी।

## टिन शेड लगाते समय गिरकर सपा सेक्टर प्रभारी की मौत

- **हादसे से परिवार में को. हराम, सपा विधायक अताउर्रहमान सहित कई नेताओं ने पहुंचकर जताया शोक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** टिन शेड लगाते समय हादसे में समाजवादी पार्टी के सेक्टर प्रभारी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में को. हराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।



देवरनियां थाना क्षेत्र के दमखोदा निवासी 35 वर्षीय मोहम्मद अहमद पुत्र बली मोहम्मद, ग्राम सिंधौरा के रहने वाले थे। वह समाजवादी पार्टी में सेक्टर प्रभारी होने के साथ-साथ दमखोदा ब्लॉक में बीडीसी सदस्य भी थे। बताया जाता है कि वह थाना फरीदपुर क्षेत्र में टिन शेड लगाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल उपचार के लिए ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक अपने पीछे पत्नी रेशमा, पुत्री मुस्कान तथा दो पुत्र उवैस और जुबैर को छोड़ गए हैं। उनके निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही सपा विधायक अताउर्रहमान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख वफाउर्रहमान, हाशिम अली और नासिर रजा समेत कई लोगों ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

## सिलेंडर ब्लास्ट से घर में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

- **मिनटों में जलकर राख हुआ सामान, पुलिस फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों ने बचाई जान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भोना में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर फटने से एक घर में भीषण आग लग गई। तेज धमाके के साथ उठीं आग की लपटों ने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



ग्राम भोना निवासी अशरफ पुत्र असलम के घर में परिवार के लोग गैस पर खाना बना रहे थे, तभी अचानक सिलेंडर फट गया और आग भड़क उठी। आग इतनी तेज थी कि घर में रखा सारा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आसपास के लोग दहशत में आ गए और तुरंत बचाव कार्य में जुट गए। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से एक बड़ा हादसा टल गया और परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बच गए। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की मदद से आग बुझा दी गई है। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। मौके पर स्थिति पूरी तरह सामान्य है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

## जिलाधिकारी के आदेश पर आरोपी आसिफ को किया गया जिला बदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के आदेश पर बहेड़ी पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी को जनपद की सीमा से बाहर करते हुए आदेश की प्रति भी सुपुर्द की।

जानकारी के अनुसार, आसिफ पुत्र मोहम्मद अली निवासी शेखूपुरा, कोतवाली बहेड़ी को न्यायालय जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में जिला बदर किया गया। पुलिस टीम आरोपी को लेकर जनपद बरेली की सीमा तक पहुंची, और उसे उत्तराखंड जनपद उधमसिंह नगर के थाना फुलभट्टा बॉर्डर की ओर छोड़ते हुए आदेश की प्रति प्रदान की। इस कार्रवाई के जरिए प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।



### धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड ने गन्ना भुगतान किया पूर्ण, किसानों को राहत

**मीरगंज।** धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड, इकाई द्वारा पेराई सत्र 2025-26 के अंतर्गत खरीदे गए गन्ने का समस्त भुगतान किसानों को कर दिया गया है। इससे क्षेत्र के हजारों गन्ना किसानों को बड़ी राहत मिली है।मिल प्रशासन के अनुसार इस सत्र में कुल 80.19 लाख कुंतल गन्ने की खरीद की गई थी और 3 मार्च को पेराई सत्र का सफल समापन हुआ। इसके बाद 16 मार्च तक किसानों के खातों में कुल 314.39 करोड़ रुपये का भुगतान भेज दिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# MI ने पंजाब को 195 रन पर रोका

### क्विंटन डी कॉक ने शतक लगाया, नमन धीर की फिफ्टी, अर्शदीप को 3 विकेट



**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल सीजन के 24वें मैच में पंजाब किंग्स को 196 रन का टारगेट दिया है। वानखेड़े स्टेडियम में पंजाब ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 195 रन बनाए। ओपनर क्विंटन डी काक ने 112 रन की शतकीय पारी खेली। 60 बाल की पारी में उन्होंने 8 चौके और 7 छक्के लगाए। उनके अलावा, नमन धीर ने 50 रन बनाए।

पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके। मार्को यानसन और शशांक सिंह को एक-एक विकेट मिला है। 20वें ओवर में 9 रन बने और एक विकेट भी गिरा। यहां पर तिलक वर्मा 8 रन बनाकर रनआउट हो गए। लेकिन, टीम को 200 रन तक नहीं पहुंचा सके। 18वें ओवर की 5वीं बाल पर अर्शदीप सिंह ने शेरफन रदरफोर्ड (एक रन) को बोल्ड कर दिया।

अर्शदीप सिंह को तीसरा विकेट मिला है। पंडड़ा 14 रन बनाकर आउट, बार्टलेट ने कैच किया 18वें ओवर में मुंबई ने चौथा विकेट गंवाया। यहां कप्तान हार्दिक पंड्या को श्रेयस अय्यर और जेवियर बार्टलेट ने मिलकर लाॅन्ग ऑन बाउंड्री पर कैच किया। 17वें ओवर की आखिरी बाल पर क्विंटन डी काक ने जेवियर बार्टलेट की बाल पर छक्का लगाकर शतक पूरा किया। उन्हें 53 बाल लगी। 14वें ओवर में शशांक सिंह ने नमन धीर (50 रन) को जेवियर बार्टलेट के हाथों कैच कराया। उन्होंने शतकीय साझेदारी तोड़ी। 11वें ओवर में मुंबई ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। डी काक ने जेवियर बार्टलेट की दूसरी बाल पर चौका लगाया और टीम का स्कोर ट्रिपल डिजिट में पहुंचाया। 10वें ओवर में क्विंटन डी काक ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने चहल की तीसरी बाल पर छक्का लगाया। फिर चौथी बाल पर सिंगल लेकर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 28 बाल पर इस सीजन में अपना पहला अर्धशतक लगाया। 9वें ओवर में क्विंटन डी काक ने विजयकुमार वैशाख की बाल पर दो चौके लगाए। उन्होंने पहली और तीसरी बाल को बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। 7वें ओवर की पहली बाल पर मुंबई ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। नमन ने चहल की बाल पर छक्का लगाकर टीम को 50 पार पहुंचाया। डी काक ने भी एक चौका और एक छक्का लगाया। इसके सहारे दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी कर ली। टॉस हारकर बैटिंग कर रही मुंबई की शुरुआत खराब रही। टीम ने पावरप्ले में 48 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए। रायन रिकेल्टन 2 और सूर्यकुमार यादव जीरो पर आउट हुए।

# चोटिल खलील अहमद आईपीएल से हुए बाहर

**चेन्नई, वार्ता।** दाई जांघ में चोट के कारण चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। सीएसके की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस चोट को ठीक होने में 12 हफ्तो से अधिक का समय लगेगा। खलील की चोट से सीएसके की मुश्किलें और बढ़ गई हैं, क्योंकि टीम पहले से ही एमएस धोनी और नाथन एलिस के बिना खेल रही है।

धोनी अभी पिडली की चोट से उबर रहे हैं और उनकी रिकवरी दो सप्ताह से अधिक खिच चुकी है। हालांकि धोनी टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्होंने पूरी तरह से अभ्यास शुरू नहीं किया है। नाथन एलिस पूरे सीजन से बाहर हैं, जबकि उनके रिप्लेसमेंट स्पेंसर जॉनसन भी चोट से उबर रहे हैं और अभी तक टीम से नहीं जुड़े हैं। महाराष्ट्र के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी और रामकृष्ण घोष खलील की जगह लेने के विकल्प हैं। जहां बाएं हाथ के मुकेश चौधरी सीधे तौर पर उनकी जगह ले सकते हैं, वहीं घोष दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं जो बल्ले से भी योगदान दे सकते हैं। घोष ने 2025-26 घरेलू सीजन में महाराष्ट्र के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने जयपुर में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 42 रन देकर सात विकेट लिए थे।



इसी टूर्नामेंट में उन्होंने मुंबई के खिलाफ 27 गेंदों पर नाबाद 64 रन भी बनाए थे। सीएसके ने अब तक पांच मैचों में दो जीत हासिल की हैं।

**खेल विशेष**

### ओलंपियन माने ने सोनी और शाह के साथ शुरुआती बढ़त बनाई

**जोहान्सबर्ग, वार्ता।** ओलंपियन उदयन माने, जो एएम ग्रीन आईजीपीएल इनविटेशनल साउथ अफ्रीका में अपनी पहली जीत की तलाश में थे, ने बोगी फ्री शुरुआत की और पहले दिन 7-अंडर 65 का कार्ड खेलकर दो अन्य के साथ बराबरी पर थे। तीनों मैदान से एक-एक शॉट आगे थे, लेकिन एक बड़ा ग्रुप उनका पीछा कर रहा था क्योंकि छह अन्य उनसे दो शॉट के अंदर थे। हैदराबाद के मिलिंद सोनी, जिन्होंने पिछले हफ्ते मॉरिशस में संयुक्त-6 पर रहने से पहले अच्छी शुरुआत की थी, ने 65 के साथ एक और अच्छी शुरुआत की, जैसा कि इंडियन अमेरिकन मानव शाह ने भी किया, जिनके रिकॉर्ड में लैटिनोमेरिका टूर पर जीत शामिल है। भरे हुए लीडरबोर्ड पर पिछले साल के एएम ग्रीन आईजीपीएल रैंकिंग्स विनर पुखराज सिंह गिल (66) एक अंक पीछे अकेले चौथे स्थान पर थे, जबकि 11 बार के एशियन टूर विनर गगनजीत भुल्लर, इन-फॉर्म करणदीप कोचर और उभरते हुए सार्थक छिब्बर सभी 5-अंडर 67 के साथ पांचवें स्थान पर थे।

### आर वैशाली ने जीता फिडे विमेंस कैंडिडेट्स का खिताब

**साइप्रस/ नई दिल्लीं।** भारतीय महिला शतरंज खिलाघी आर वैशाली ने फिडे विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह खिताब को जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने इस उपलब्धि पर वैशाली को बधाई दी। बुधवार को 14 राउंड के इस मुकाबले में आखिरी राउंड में कतेरीना लाग्नो को हराकर वैशाली ने खिताब अपने नाम किया। इस खिताबी जीत के साथ ही उन्होंने इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का टिकट मिल गया है, जहां उनका सामना चीन की जू वेनजुन से होगा। केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए आर वैशाली को बधाई दी है। डा. मांडविया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ъभारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने पर आर वैशाली को हार्दिक बधाई।

### रामसे पीटी ने 50 मी ब्रेस्टस्ट्रोक तैराकी स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**लंदन, वार्ता।** ब्रिटेन के ओलंपिक पदक विजेता एडम रामसे-पीटी ने पुरुषों की 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक तैराकी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीबी स्विमिग चैंपियनशिप 2026 का खिताब अपने नाम किया। यह दोनों दिनों में उनका दूसरा खिताब है। बुधवार को लंदन एक्वेटिक्स सेंटर में हुए मुकाबले में 31 साल के इस तैराक ने पूल में निर्धारित दूरी को 26-64 सेकंड में पूरा कर स्वर्ण पदक जीती। उन्होंने उभरते हुए सितारे और अपने ट्रेनिंग पार्टनर फिलिप नोवाकी को हराया।

# ऑरेंज कैप की रेस में कोहली सबसे आगे

**बेंगलुरु, वार्ता।** विराट कोहली आईपीएल में रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए और ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 34 गेंदों पर 49 रन बनाए और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को चिन्नास्वामी स्टेडियम में 147 रन का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में पहली बार उतरते हुए कोहली ने आरस. ीबी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए और इस सीजन में अपने कुल रन 228 तक पहुंचा दिए।

सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन 224 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। यह पहली बार था जब आरसीबी ने कोहली को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल किया। टीम ने पहले गेंदबाजी चुनी थी और वह प्लेइंग ग्प का हिस्सा नहीं थे। इससे पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ



मैच में भी वह मैदान से बाहर रहे थे। को. हली ने बताया कि उस मैच में उनके घुटने में दर्द हुआ था और बुधवार के मैच से पहले भी वह पूरी तरह फिट नहीं थे। रजत पाटीदार बुधवार को एलएसजी के खिलाफ 13 गेंदों पर 27 रन बनाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। कोहली, क्लासन और पाटीदार के अलावा ईशान किशन और वैभव सूर्यवंशी ही ऐसे बल्लेबाज हैं जिनके इस सीजन में 200 से ज्यादा रन हैं। पर्पल कैप लीडरबोर्ड चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज और गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा 10 विकेट के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं।

## हम मैच में हमेशा आगे रहे: विराट कोहली

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शानदार ऑलराउंड परफॉर्मेंस देते हुए सिर्फ 15-1 ओवर में 149 रन का टारगेट चेज करते हुए पांच विकेट से जीत हासिल की। आरसीबी की बॉलिंग यूनिट ने शानदार कोशिश से नींव रखी,

जिसमें भुवनेश्वर कुमार ने फ्रेंच. इजी के लिए अपने बेस्ट फिगर (3/27) के साथ आगे बढ़कर लीड किया, जबकि रसिख सलाम ने 4/24 के करियर के बेस्ट आईपीएल फिगर के साथ शानदार परफॉर्मेंस दी। जोश हेजलवुड ने आरसीबी के लिए सीजन का सबसे किफायती स्पेल (1/20) फेंककर इस कोशिश को पूरा किया, क्योंकि अटैक ने प्लान को सटीकता से पूरा किया। यह मैच क्रुणाल पांड्या (2/38) के लिए भी एक अहम मील का पत्थर साबित हुआ, जिन्होंने आईपीएल में 100 विकेट पूरे किए, जिससे आरसीबी की ऑल-राउंड गहराई और मजबूत हुई। जीत के बाद कोहली ने कहा कि बॉलिंग ग्रुप ने इसे बहुत अच्छे से सेट किया, भुवी ने हमारे लिए अपने सबसे अच्छे फिगर के साथ शानदार प्रदर्शन किया, रसिख ने 4/24 के साथ शानदार प्रदर्शन किया, और जोश फिर से अविश्वसनीय रूप से किफायती रहे। और क्रुणाल को 100 आईपीएल विकेट तक पहुंचने पर बधाई, यह एक शानदार मील का पत्थर है। हम आगे बढ़ते रहेंगे। बॉलिंग परफॉर्मेंस पर बात करते हुए, हेजलवुड ने कहा कि विकेट शायद थोड़ा धीमा था, लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से हमने इतनी जल्दी एडजस्ट किया और उसका इस्तेमाल किया, वह वाकई बहुत अच्छा था। हम सभी के बीच कम्युनिकेशन फर्स्ट रेट का रहा है। भुवी और रसिख खासकर शानदार थे, भुवी ने उन हार्ड लेंथ पर हिट किया और इसे अच्छी तरह से शेप दिया, और डेथ ओवरों में रसिख की स्किल असाधारण थी।

# कलाई की चोट के चलते अल्काराज बार्सिलोना ओपन से बाहर

**बार्सिलोना, वार्ता।** टॉप सीड कार्लोस अल्काराज कलाई की चोट के कारण बार्सिलोना ओपन से हट गए हैं। 22 साल के स्पेन के खिलाड़ी ने मंगलवार को अपने पहले राउंड के मैच में क्वालिफायर ओटो विरटेनन को सीधे सेटों में हराया था, लेकिन मैच के दौरान उन्हें तकलीफ हुई। अल्काराज को गुरुवार को चेक रिपब्लिक के टॉमस माचाक के साथ खेलना था, लेकिन दाहिनी कलाई के मेडिकल टेस्ट के बाद उन्होंने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है।

अल्काराज ने कहा कि मैच के दौरान रिटर्न करते समय मुझे लगा कि मेरी कलाई जवाब दे गई है। टेस्ट के बाद, हमने देखा कि यह हमारी उम्मीद से कहीं ज्यादा गंभीर चोट है, और मुझे अपने शरीर की सुननी होगी ताकि भविष्य में इसका मुझ पर असर न पड़े। अल्काराज को इस हफ्ते की शुरुआत में जानिक सिनर ने



दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी के तौर पर रिप्लेस किया था। उन्होंने कहा कि मुझे अपनी टीम - डॉक्टर्स और फिजिकल थेरेपिस्ट - के साथ जल्द से जल्द घर जाकर अपनी रिकवरी शुरू करनी है और आने वाले टूर्नामेंट्स के लिए जल्द से जल्द हेल्दी होना है, या होने की कोशिश करनी है। अल्काराज को उम्मीद है कि वह लगातार तीसरी बार फ्रेंच ओपन जीतने के लिए समय पर फिट हो जाएंगे, 2026 का टूर्नामेंट 18 मई से शुरू होगा। वह मोंटे-कार्लो मास्टर्स के फाइनल में सिनर से हारने के सिर्फ 48 घंटे बाद बार्सिलोना में एक्शन में लौटे थे। उस जीत का मतलब था कि इटैलियन नवम्बर के बाद पहली बार रैंकिंग में टॉप पर लौट आए। अल्काराज, जिन्होंने 2022 और 2023 में बार्सिलोना ओपन जीता था और पिछले साल हारे हुए फाइनलिस्ट थे।

### चीन को हराकर जापान अंडर 20 महिला एशिया कप के फाइनल में

**बैंकॉक, वार्ता।** जापान ने बुधवार को एफसी अंडर20 महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में चीन को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। माओ इतामुरा ने पांचवें मिनट में दाएं पैर से गोल करके जापान को शुरुआती बढ़त दिलाई, और नोआ फुकुशिमा ने 24वें मिनट में थाईलैंड के थम्मासैट स्टेडियम में दाएं पैर से फ्री किक मारकर बढ़त दोगुनी कर दी। जापान ने मैच पर ज्यादातर कंट्रोल किया, हालांकि चीन की गोलकीपर लियू चेन ने दूसरे हाफ में अपनी टीम को मुक. ाबले में बनाए रखने के लिए कई कोशिशों को नाकाम कर दिया। चीन को सबसे अच्छा मौका आखिरी सीटी बजने से ठीक पहले मिला, लेकिन लू जियायु गोल नहीं कर पाई। हार के बावजूद, चीन 11 अप्रैल को क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान को 2-1 से हराकर पोलैंड में होने वाले फीफा अंडर 20 महिला वर्ल्ड कप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुका था।

# टखने की चोट के चलते डेविड पेन भी आईपीएल से आउट

**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज डेविड पेन टखने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पेन टीम में जैक एडवर्ड्स की जगह आए थे, जो पहले ही पैर की चोट के कारण बाहर हो गए थे। एसआरएच ने अभी तक पेन की जगह किसी दूसरे खिलाड़ी का नाम नहीं बताया है।

35 साल के पेन इस सीजन में सिर्फ दो मैच खेले। उन्होंने सीजन के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 35 रन देकर 2 विकेट लिए थे, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 35 रन देकर कोई विकेट नहीं ले पाए थे। 2016 की चैंपियन टीम चोटों की मार झेल रही है। इंग्लैंड के ऑलराउंडर ब्रायडन कार्स भी हाल ही में चोट के कारण बाहर हो गए थे। उन्हें सीजन की शुरुआत में नेट सेशन के दौरान हाथ में चोट लग गई थी। वह एक भी मैच नहीं खेल पाए थे,

जिसके बाद एसआरएच ने उनकी जगह श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को टीम में शामिल किया था। हालांकि, चोटों के



मामले में एसआरएच के लिए कुछ अच्छी खबर भी है।

कप्तान पैट कमिस को सिडनी में अपनी पीठ का स्कैन करवाने के बाद टीम में वापस शामिल होने की मंजूरी मिल गई है। कमिस ने इस सीजन में अभी तक कोई मैच नहीं खेला है, लेकिन वह 25 अप्रैल को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में वापसी करने की उम्मीद कर रहे हैं।

# पीडब्ल्यूएल स्टार्स का ग्लोबल स्टेज पर दबदबा जारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** इस साल की शुरुआत में प्रोफेशनल रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) की सफल वापसी का असर अब अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी साफ दिखाई दे रहा है। सीजन 5 में हिस्सा लेने वाले कई भारतीय और विदेशी पहलवानों ने प्रमुख वैश्विक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है।

जनवरी में नोएडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित पीडब्ल्यूएल सीजन 5 में विश्वस्तरीय पहलवानों के साथ भारत के स्थापित और उभरते प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिससे यह एक शीर्ष प्रतिस्पर्धी मंच के रूप में और मजबूत हुआ। लीग का प्रभाव अब अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में खिलाड़ियों के प्रदर्शन में नजर आ रहा है, जो एक मजबूत घरेलू प्रतिस्पर्धी ढांचे की अहमियत को दर्शाता है। इस सूची में सबसे आगे सुजीत कलकल रहे हैं, जो पुरुषों के 65 किंग्रा वर्ग में दुनिया के शीर्ष पहलवानों में शामिल हो चुके हैं। वर्तमान में ईरान के विश्व चैंपियन और ओलंपिक रजत पदक विजेता रहमान अमौजाद के बाद विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सुजीत ने पीडब्ल्यूएल सीजन 5 में दिल्ली दंगल वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व किया था, जहां उन्होंने सात में से छह मुकाबले जीतकर उपविजेता का स्थान हासिल किया। लीग के बाद से सुजीत ने लगातार तीन अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीते हैं, जिसमें जाग्रेब और मुहामेत मालो रैंकिंग सीरीज के साथ-साथ इस महीने की शुरुआत में किर्गिस्तान के बिश्केक में एशियन चैंपियनशिप का खिताब शामिल है। महिला 53 किंग्रा वर्ग में मीनाक्षी गोयत भी पीडब्ल्यूएल सीजन 5 की बड़ी सफलता बनकर उभरी हैं। पंजाब रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने लीग में अपने तीनों मुक. ाबले जीते और फिर नेशनल ट्रायल्स में अंतिम पंघल को हराकर भारतीय टीम में जगह बनाई। इसके बाद उन्होंने मुहामेत मालो टूर्नामेंट और बिश्केक में एशियन चैंपियनशिप दोनों में रजत पदक जीतकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी दावेदारी मजबूत की है। अन्य प्रमुख प्रदर्शनकर्ताओं में ओलंपिक रजत पदक विजेता अमन सहरावत द्धपुरुष 61 किंग्राद्ध, जिन्होंने टाइगर्स ऑफ मुंबई डैंगल्स के लिए खेलते हुए जाग्रेब और बिश्केक में रजत पदक जीते, जबकि दिनेश धनखड़ (पुरुष 125 किंग्रा) ने पंजाब रॉयल्स के लिए दोनों प्रतियोगिताओं में कांस्य पदक हासिल किए। हरियाणा थंडर्स की नेहा सांगवान ने भी मुहामेत मालो में रजत और बिश्केक में कांस्य पदक जीतकर प्रभावित किया।सबसे उत्साहजनक प्रदर्शन उभरते हुए भारतीय पहलवान अभिमन्यु (पुरुष 70 किंग्रा) का रहा। 24 वर्षीय सीआईएसएफ कांस्टेबल, जिन्होंने लीग में यूपी डॉमिनेटर्स का प्रतिनिधित्व किया, ने बिश्केक में फाइनल में मंगो. लिया के दिग्गज और पूर्व एशियन गेम्स चैंपियन टॉमोर-ओचिरिन तुलगा को हराकर स्वर्ण पदक जीता। लीग का प्रभाव अंतर्राष्ट्रीय सितारों पर भी देखने को मिला। कनाडा की विश्व पदक विजेता कार्ला गोडिनेज गोंजालेज, जिन्होंने दिल्ली दंगल वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व किया, ने जाग्रेब में रजत पदक जीता।

# मुंबई इंडियंस ने अथर्व अंकोलेकर की जगह कृष भगत को साइन किया



**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस (एमआई) ने अथर्व अंकोलेकर की जगह कृष भगत को साइन किया है, जो चोट की वजह से टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से बाहर हो गए हैं। 21 साल के भगत ने पंजाब के लिए सात फर्स्ट-क्लास मैच और नौ लिस्ट ए मैच खेले हैं। वह दाएं हाथ के मीडियम पेसर हैं और लिस्ट ए क्रिकेट में हाफ-सेंचुरी भी लगा चुके हैं।

बाएं हाथ के स्पिनिंग ऑल-राउंडर अंकोलेकर 2020 में भारत की अंडर 19 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा थे और 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ एसीसी अंडर 19 एशिया कप के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी थे। भगत अपने बेस प्राइस 30 लाख रुपये में एमआई में शामिल हुए।

# शराब के नशे में पत्नी व बच्चों को पीटा, दी आत्महत्या की धमकी

## बेटे ने पिता के खिलाफ केमरी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शराब के नशे में युवक आए दिन अपने घर में मारपीट करता है। पत्नी व बच्चों को बेरहमी से पीटने के साथ ही खुद आत्महत्या कर उनको फंसाने की धमकी देता है। बुधवार को भी उसने शराब के नशे में तोड़फोड़ की और बेटी को पीटा। बाद में खुद दीवार में सिर मार लिया। उसके आतंक से परिजन इतना परेशान है कि बेटे ने खुद पिता के खिलाफ केमरी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

केमरी थाना क्षेत्र के ग्राम चकिय हयातनगर निवासी गौरव का कहना है कि उसका पिता चंद्रसेन शराब का लती है। आए दिन शराब पीकर आता है और मां व बहन पूजा को पीटता है। अगर वह बचाने का प्रयास करता है उसे भी बेरहमी से मारता है। विरोध करने पर हम सभी को जान से मारने की धमकी देता है तो कभी खुद की जान लेने की बात करता है। गांव के कुछ लोगों के भड़कावे में आकर वह यह सब करता है। गौरव के अनुसार बुधवार को पिता फिर शराब के नशे में आया और तोड़फोड़ करने लगा। बहन ने रोकने की कोशिश की तो उसे बुरी तरह से पीटा। इतना ही नहीं खुद का सिर दीवार पर मार दिया और बहन को धमकाया कि वह आत्महत्या कर सभी को फंसा देगा। गौरव के अनुसार पिता के इस व्यवहार से हम सभी दहशत में हैं। उसने केमरी थाने में पिता चंद्रसेन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# जनसुनवाई में तीन माह के बीमार शिशु को मिला आयुष्मान कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इसी दौरान एक मार्मिक मामले में बिलासपुर क्षेत्र से आए दंपत्ति को उनके तीन माह के बीमार शिशु के इलाज के लिए तत्काल आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया गया।

तहसील बिलासपुर के ग्राम रम्पुरा बुजुर्ग निवासी आरिफ और उनकी पत्नी फरहीना अपने बीमार बच्चे के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित



अधिकारियों को निर्देशित किया, जिसके बाद मौके पर ही आयुष्मान कार्ड जारी कर दिया गया। इस पहल से दंपत्ति को राहत मिली। जनता दर्शन में विभिन्न विभागों से जुड़े कई मामले सामने आए, जिनमें स्वास्थ्य सेवाएं, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन तथा भूमि विवाद प्रमुख रहे। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता न बने, बल्कि शिकायतकर्ताओं को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लाप. रवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायतों की नियमित समीक्षा की जाएगी।

# अंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी, समरसता और समानता का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददात**

**मसवासी** नगर पंचायत कार्यालय परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल ने की। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप अरोड़ा, सिंचाई बंधु के जिला उपाध्यक्ष राज.



कुमार चौहान, भाजपा जिला मंत्री पंकज सैनी, अमृता रंधावा, डोली रंधावा, मंडल अध्यक्ष जयवर्धन मौर्य और पूर्व जिला मंत्री महेंद्र सैनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इसके अलावा संगठन के विभिन्न पदाधिकारीख्रगौरव शर्मा, राजेश शर्मा, अमित चंद्रा, सतपाल हुड्डा, आशीष पाल और परम चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नगरवासी कार्यक्रम में शामिल हुए। वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को अपनाकर समाज में समानता और भाईचारे को मजबूत करने पर जोर दिया। अंत में आयोजक एवं भाजपा जिला मंत्री पवन कुमार ने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# ड्राफ्ट जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट पर आमजन से मांगे गए सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद में ड्राफ्ट जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (डीएसआर) पर आमजन से सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान ने बताया कि यह प्रक्रिया भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना एवं सस्टेनेबल सैंड माइनिंग से संबंधित दिशा-निर्देशों के तहत की जा रही है।

उन्होंने बताया कि जनपद की जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट का अद्यतन एवं संशोधन करते हुए एक पुराने क्षेत्र के साथ तीन नए क्षेत्रों को शामिल किया गया है। संशोधित ड्राफ्ट रिपोर्ट को जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है। ड्राफ्ट रिपोर्ट को 30 दिनों के लिए जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। इसके अलावा, इसे अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) कार्यालय एवं खनिज कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी अवलो. कन के लिए उपलब्ध कराया गया है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि प्राप्त सुझावों और आपत्तियों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और उपयुक्त पाए जाने पर उन्हें अंतिम रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति 30 दिनों के भीतर जिलाधिकारी कार्यालय के खनन अनुभाग में अपने सुझाव या आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं।

# शाहबाद हादसे में घायल दूसरे युवक की भी मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** लगभग दस दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में घायल दूसरे युवक कृष्ण अवतार (30) की भी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इससे पहले इसी दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।



जानकारी के अनुसार, यह हादसा करीब दस दिन पहले मंडी समिति के पास हुआ था, जब एक डीसीएम ने बाइक सवार देवेंद्र कुमार उर्फ देव और कृष्ण अवतार को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि देवेंद्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कृष्ण अवतार गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

घायल कृष्ण अवतार को पहले सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। बाद में परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए बरेली स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा था। बुधवार देर रात उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

कृष्ण अवतार बरेली जनपद के बहेड़ी क्षेत्र के निवासी थे और अपने पीछे दो पुत्र छोड़ गए हैं। बताया जाता है कि दोनों युवक शाहबाद क्षेत्र में पानी की पाइपला. इन डालने का कार्य करते थे।

# मेड़ काटने का विरोध करने पर फौजी की मां को धमकाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** पटवाई थाना क्षेत्र में खेत की मेड़ काटने का विरोध करने पर दबंग फौजी की मां को धमका रहा है। महिला का पति मानसिक रूप से बीमार है, जिसका वह फायदा उठा रहा है। महिला ने कई बार इस संबंध में पटवाई थाने में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पुलिस सुनवाई नहीं कर रही है। अब पीड़िता ने दबंग के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसपी को पत्र सौंपा है।

पटवाई थाना क्षेत्र के ग्राम निस्बी का मझरा निवासी रामकली और रामपुर आईं। यहां पर एसपी से मुलाकात कर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। रामकली का कहना था कि उसके पति की मानसिक हालत ठीक नहीं हैं। जबकि बेटा अजय कुमार सेना में हैं और इस समय बंग्लौर में ट्रेनिंग कर रहा है। जिसका फायदा उठाकर गांव का लाखन उसके खेत की मेड़ काट रहा है। लाखन ने अपने आधे खेत में मकान बना रखा है। अब मेड़ काटकर उसके खेत का हिस्सा भी अपने में करना चाह रहे हैं। उसने जब भी विरोध किया तो आरोपी झगड़ा करने पर आमादा हो जाता है और जान से मारने की धमकी देता है। इस संबंध में कई बार पटवाई थाने में शिकायत की लेकिन पुलिस सुनवाई नहीं कर रही है। पीड़िता ने एसपी से दबंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# कार ने महिलाओं और बच्चे को रौंदा, तीन की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद के हाफिजपुर थाना क्षेत्र में गुरूवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। बृजनाथपुर गांव की रहने वाली चार महिलाएं और एक मासूम बच्चा गुलावठी जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार टाटा इंडिगो कार ने अनियंत्रित होकर उन्हें कुचल दिया। हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक महिला और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रही महिलाओं को अचानक तेज गति से आई कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। हादसे में सितारा, सरोज शर्मा और संतोष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल महिला और चार वर्षीय बच्चे को तत्काल उपचार के लिए गुलावठी अस्पताल ले जाया गया। वहां उपचार के दौरान



एक अन्य महिला रूबी की हालत बिगड़ने पर उसे हापुड़ जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। बच्चे की हालत भी नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही हाफिजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाने के साथ ही स्थिति को संभाला।

पुलिस ने हादसे में शामिल कार और चालक को हिरासत में ले लिया है तथा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए आश्वासन दिया कि मामले में निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है और ग्रामीणों में तेज रफ्तार वाहनों को लेकर आक्रोश भी देखा जा रहा है।

# पिलखुवा को मिलेगी फायर स्टेशन की सौगात

## सीएम करेंगे 13 करोड़ 23 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक दमकल केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** औद्योगिक रूप से तेजी से विकसित हो रही टेक्सटाइल सिटी पिलखुवा को जल्द ही आधु. निक फायर स्टेशन की सौगात मिलने जा रही है। करीब 13 करोड़ 23 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह अत्याधुनिक दमकल केंद्र क्षेत्र में आग जैसी आपात स्थितियों से निपटने में अहम भूमिका निभाएगा। इस परियोजना का वर्चुअल उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, लगभग 5000 वर्गमीटर भूमि पर प्रस्तावित इस फायर स्टेशन में आधुनिक तकनीक और संसाधनों से लैस व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। लंबे समय से औद्योगिक क्षेत्र में



दमकल केंद्र की कमी महसूस की जा रही थी, जिसके चलते आग लगने की घटनाओं पर समय रहते काबू पाना चुनौतीपूर्ण साबित होता था।

पिलखुवा की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में बड़ी संख्या में फैक्ट्रियां संचालित हैं, जहां हजारों श्रमिक कार्यरत हैं। ऐसे में आग लगने की घटनाएं न केवल आर्थिक नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि जनहानि का खतरा भी बना रहता है। नए फायर स्टेशन के निर्माण से इन जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकेगा और औद्योगिक इकाइयों को बड़ी राहत मिलेगी। प्रस्तावित फायर स्टेशन में अत्याधुनिक फायर फाइटिंग उपकरण, हाईस्पीड दमकल वाहन, पर्याप्त जल भंडारण की सुविधा और प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा, ताकि सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। अग्निशमन अधिकारी सचिन बालियान ने बताया कि यह फायर स्टेशन क्षेत्र की सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके शुरू होने से आग लगने की घटनाओं पर तेजी से नियंत्रण पाया जा सकेगा और औद्योगिक इकाइयों के साथ आम नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में पिलखुवा के औद्योगिक क्षेत्रों में आग लगने की कई घटनाएं सामने आई हैं, जिनसे व्यापारियों और श्रमिकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इन घटनाओं ने स्थायी फायर स्टेशन की आवश्यकता को और अधिक स्पष्ट कर दिया था। प्रशासन द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद पिलखुवा और आसपास के क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन व्यवस्था और अधिक मजबूत व प्रभावी हो जाएगी, जिससे आम नागरिकों को भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सकेगी।

# बाबूगढ़ में बवाल: लाठी-डंडों से हमला, गोलियां चलने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गोहरा में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट का मामला सामने आया है। घटना से इलाके में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया। आरोप है कि गाड़ी में सवार दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और कई राउंड फायरिंग भी की, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद अचानक बढ़ गया और देखते ही देखते एक पक्ष के लोग गाड़ी में सवार होकर पहुंचे और दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। हमले में लाठी-डंडों का जमकर इस्तेमाल किया गया। वहीं, कुछ लोगों ने फायरिंग होने का भी आरोप लगाया है, हालांकि पुलिस इसकी जांच में जुटी है। घटना की सूचना मिलते ही बाबूगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। इस मामले में पुलिस ने



त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 नामजद सहित एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी मुनीश प्रताप सिंह ने बताया कि घटना से जुड़े वीडियो फुटेज पुलिस के संज्ञान में आए हैं। इन वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

# भानु प्रताप संग विवाद पर मदन चौहान का बड़ा बयान, जताया खेद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पलवाड़ा रोड स्थित एक ढाबे के उद्घाटन समारोह में 13 अप्रैल 2026 को किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप और पूर्व मंत्री मदन चौहान के बीच हुए विवाद ने अब तूल पकड़ लिया है। मामले को लेकर पूर्व मंत्री मदन चौहान ने विस्तृत बयान जारी करते हुए पूरी घटना पर अपनी स्थिति स्पष्ट की है और अभद्र भाषा के प्रयोग पर खेद भी जताया है।

मदन चौहान ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान भानु प्रताप के आगमन पर उनका विधिवत स्वागत व अभिवादन किया गया था और जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। उन्होंने कहा कि पत्रकार वार्ता के दौरान दोनों एक साथ बैठे थे और पूर्व में भी आपसी संबंध सम्मानजनक रहे हैं। हालांकि, उनके अनुसार पत्रकार वार्ता के दौरान भानु प्रताप द्वारा देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जिसे उन्होंने असहनीय बताया। पूर्व मंत्री का कहना है कि उन्होंने स्थिति को शांत करने के लिए भानु प्रताप को समझाने का प्रयास किया, लेकिन बात बढ़ गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। इसी दौरान कथित तौर पर धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी। उन्होंने स्वीकार किया कि आवेश में आकर उनसे भी कुछ शब्द निकल गए, जिन पर उन्हें खेद है और ऐसा नहीं होना चाहिए था। मदन चौहान ने यह भी आरोप लगाया कि घटना से जुड़े वीडियो को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि सच्चाई



इससे अलग है। उन्होंने कहा कि उनके राजनीतिक जीवन का उद्देश्य हमेशा किसानों, गरीबों और आम जनता की सेवा करना रहा है और वह लगातार उनके हितों के लिए संघर्ष करते आए हैं। वहीं, 17 अप्रैल को उनके आवास के घेराव की कथित योजना को लेकर उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि इस प्रकार की धमकियों का जवाब प्रशासन और क्षेत्र की जनता देगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह न तो डरने वाले हैं और न ही झुकने वाले हैं। पूर्व मंत्री ने अंत में अपील की कि इस पूरे विवाद से दूर रहकर सभी लोग संयम और धैर्य का परिचय दें तथा देशहित में शांति बनाए रखें।

# जेपी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम, माही सैनी बनी टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जे.पी. पब्लिक स्कूल के छात्रों ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया। परिणाम सामने आते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी परिणाम के अनुसार माही सैनी ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रिहान वकील ने 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। गोरिका और अदिति चौधरी ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त




किया। इसके अलावा एस. श्वेता ने 91.6 प्रतिशत, वंश शर्मा ने 90.4 प्रतिशत, भूमि और सफिया शाकिर ने 90-90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वेदांत पांडे ने 89 प्रतिशत और ड्रीम्स पाल ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी सफल छात्रों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि भविष्य में भी शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे, ताकि छात्र हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें।

# रामपुर में प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस का विरोध, आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद में विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की इच्छा के विरुद्ध जबरन प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर लगाए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ा रुख अपनाया है। कांग्रेस नेताओं ने अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंडखप्रथम, नवाबगेट कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया।

जिला अध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा "निक्कू पंडित" एवं शहर अध्यक्ष बाकर अली खां के नेतृत्व में प्रति. निधिमंडल तय समय पर अधिशासी अभियंता से मिलने पहुंचा, लेकिन वे कार्यालय में उपस्थित नहीं मिले। उनके स्थान पर एसडीओ अजय रस्तोगी, प्रदीप राय एवं सचिन रस्तोगी ने वार्ता की।



अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि बिना उपभोक्ता की लिखित सहमति के कोई भी प्रीपेड मीटर नहीं लगाया जाएगा। साथ ही, इस संबंध में शासन से स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त किए जाएंगे और जिन उपभोक्ताओं के यहां पहले से प्रीपेड मीटर लगे हैं, उन्हें अनुरोध पर पुन: पोस्टपेड मीटर में बदलने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जिला अध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा ने कहा कि विद्युत विभाग तानाशाही पर उतर आया है और गरीब व मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं पर जबरन प्रीपेड मीटर थोपे जा रहे हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह मनमानी बंद नहीं हुई तो जिला कांग्रेस कमेटी सड़क से कलेक्ट्रेट तक व्यापक आंदोलन करेगी। शहर अध्यक्ष बाकर अली खां ने कहा कि यह उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन है। विभाग को पहले अपनी व्यवस्थाएं सुधारनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि रिचार्ज के नाम पर जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि जबरन मीटर लगाने की प्रक्रिया जारी रही तो जिला स्तर पर व्यापक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी। इस दौरान साहिर रजा खां, हनी खां, मोहम्मद जकी, फरीद खां, शहवाज खां एडवोकेट, राजेश लोधी, अकबर अली खां, पूरन लोधी, शिशुपाल लोधी, शावेज खां, सरताज, भूरा खां, जुबैर, नईम, सुनील, अर्श, ताहिर, सुहेल, प्रमोद, विलाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अंबेडकर संगोष्ठी में सामाजिक समरसता पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर विधानसभा रामपुर की संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश सरकार श्री सूर्य प्रकाश पाल उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सदस्य, महिला आयोग श्रीमती सुनीता सिंह सैनी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। संगोष्ठी का संचालन जिला उपाध्यक्ष कुंवर बहादुर राजपूत ने किया।

मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और समान अवसर पहुंचाने का मार्ग दिखाया। उनके विचारों को व्यवहार और नीतियों में उतारना आज की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वहीं सुनीता सिंह सैनी ने कहा कि बाबा साहेब द्वारा महिलाओं को दिलाए गए अधिकार आज के भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं। महिलाओं का सशक्तिकरण ही समाज के समग्र विकास की कुंजी है। संगोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए सामा. जिक समरसता, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विवेक रुहेला, पारुल गुप्ता, रघुवीर सिंह जाटव, प्रमोद आहूजा, राजीव मांगलिक, अनुज सक्सेना, ऋषभ ठाकुर, बाकर खान, विक्रम सिंह, पूजा शर्मा, लाल सिंह प्रजापति, मानसिंह लोधी, गंगा शरण सैनी, रामवीर सिंह लोधी, जागरण सिंह लोधी, रामावतार सागर, मुकेश राजपूत, माखनलाल सैनी, देवेंद्र लोधी, चेतराम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# स्मार्ट मीटर लगाने में तानाशाही कर रहा है विद्युत विभाग

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिले में स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न और बिजली विभाग कर्मचारियों पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया। बाद में सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से डीएम को ज्ञापन सौंपा।





मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी के नेतृत्व में तमाम व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर उन्होंने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम कार्यालय द्वारा बिजली उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है। मनमाने और तानाशाही रवैया अपनाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं की सहमति के बिना पुलिस की मौजूदगी में यह प्रीपेड मीटर जबरन लगाने से उपभोक्ता परेशाान हैं। अगर कोई विरोध करता है तो शासनादेश का हवाला दे देते हैं। लिहाजा इस तानाशाही को रोका जाए और उपभोक्ता की सहमति के बाद ही मीटर लगाए जाएं। बाद में इस संबंध में उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भी भेजा। इस मौके पर राजीव शर्मा, अब्दुल वासिफ, राजू सुमन, मसूद अहमद, इमरान खान, दिलशाद अहमद, योगेश अग्रवाल, सतपाल और रविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# चलती ट्रेन में 'पुलिस' बनकर लूट, तीन बदमाशों पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** काठगोदाम से दिल्ली जा रही संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में दो कर्मचारियों के साथ हुई लूट की घटना में जीआरपी रामपुर ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है, लेकिन अब तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। घटना बुधवार को बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पास हुई। उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के थाना दीनेशपुर क्षेत्र के ग्राम जाफरपुर निवासी रितिक मंडल अपने साथी साहब सिंह के साथ करीब सात लाख रुपये लेकर दिल्ली जा रहे थे। दोनों रुद्रपुर स्टेशन से संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के कोच डी-1 में सवार हुए थे। आरोप है कि रुद्रपुर और बिलासपुर के बीच तीन बदमाश भी उसी कोच में सवार हो गए। उन्होंने खुद को पुलिस कर्मी बताते हुए दोनों कर्मचारियों को बोगी के गेट के पास बुलाया और तमंचे के बल पर लूटपाट की। बदमाशों ने जान से मारने की धमकी देते हुए रुपये लूट लिए और ट्रेन की रफ्तार धीमी होने पर चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गए। घटना के दौरान विरोध करने पर बदमाशों ने हवाई फायरिंग भी की, जिससे यात्री दहशत में आ गए।

घटना के बाद बिलासपुर स्टेशन पर पहुंचकर पीड़ितों ने जीआरपी को सूचना दी। दो राज्यों के बीच उलझी कार्रवाई घटना के बाद क्षेत्राधिकार को लेकर मामला कुछ देर तक उलझा रहा। घटनास्थल उत्तराखंड में होने के कारण पहले आरपीएफ ने मामला लेने से इनकार किया, लेकिन बाद में स्पष्ट हुआ कि क्षेत्र जीआरपी रामपुर के अंतर्गत आता है। इसके बाद जीआरपी इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई।राशि को लेकर विरोधाभास भी सामने आया है।

रिपोर्ट में केवल ढाई लाख रुपये की लूट दर्ज की गई है, जबकि पीड़ितों का दावा है कि सात लाख रुपये लूटे गए थे। जीआरपी का कहना है कि तहरीर के आधार पर ही मुकदमा दर्ज किया गया है। जीआरपी पुलिस लगातार कांबिंग कर रही है, लेकिन गुरुवार तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका है।

# सैफनी: थ्रेसर में फंसकर किसान की दर्दनाक मौत, गांव में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी। /रामपुर** थाना क्षेत्र के ग्राम बेरुआ में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में किसान की जान चली गई। गांव निवासी सोमपाल (47) पुत्र मेवाराम अपने खेत में ट्रैक्टर से थ्रेसर चलाकर गेहूं निकाल रहे थे, तभी अचानक उनका हाथ थ्रेसर में फंस गया।ग्रामीणों के अनुसार, हाथ फंसने के बाद देखते ही देखते उनका सिर भी थ्रेसर के अंदर चला गया, जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।मृतक अपने पीछे तीन बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमपाल मेहनती किसान थे और अपने परिवार का भरण-पोषण खेती से ही करते थे।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।



# कलेक्ट्रेट परिसर में तंबाकू विरोधी अभियान, 16 लोगों पर जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिलाधिकारी के आदेश एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में धूम्रपान करते पाए गए 16 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। अभियान का नेतृत्व जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान ने किया। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई कोटपा अधिनियम 2008 के अनुपालन में की गई है। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों को न केवल जुर्माना लगाया गया, बल्कि उन्हें तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया गया। साथ ही लोगों को तंबाकू छोड़ने के उपाय बताए गए और जरूरत पड़ने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी गई।



# जायदाद के लालच में निकाह, विरोध पर मारपीट कर दिया तलाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मायके की जायदाद हथियाने के आरोप में एक युवक द्वारा निकाह करने और बाद में विवाहिता के साथ मारपीट व उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोती मस्जिद कटकुइयां निवासी इल्मा खान का निकाह वर्ष 2023 में गंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नालापार कूंचा निवासी शहजाद मकसूद के साथ हुआ था। निकाह का पंजीकरण गाजियाबाद में कराया गया था। विवाह के बाद इल्मा अपने साथ सोने-चांदी के जेवर व घरेलू सामान लेकर ससुराल में रहने लगी।

पीड़िता के अनुसार कुछ समय बाद वह पति के साथ नौकरी करने के लिए दिल्ली चली गई। वहीं कुछ दिनों बाद पति और ससुरालियों के व्यवहार में बदलाव आ गया और उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने उसकी मायके की जायदाद हड़पने के उद्देश्य से साजिश के तहत निकाह किया था। इल्मा ने बताया कि विरोध करने पर उसे धमकाया गया और उसकी आईडी का गलत इस्तेमाल कर बदनाम करने की कोशिश की गई। एक दिन वह अपने भाई-बहन के साथ दिल्ली स्थित फ्लैट में थी, तभी पति अपने परिजनों के साथ वहां पहुंचा और मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद पति ने तलाक देकर उसे व उसके मायके वालों को फ्लैट से निकाल दिया और उसके जेवर भी अपने पास रख लिए। पीड़िता रामपुर पहुंची और पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। एसपी के आदेश पर शहर कोतवाली में पति शहजाद मकसूद, मकसूद अहमद व शामा मकसूद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

# चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने सहकारी बैंक बैठक में दिए कड़े निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, रामपुर की एक समीक्षा बैठक संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक, सहकारिता उ०प्र० मुरादाबाद मण्डल की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सहकारी देयों की वसूली, अल्पकालीन ऋण वितरण सहित विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऋण वितरण के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 30 जून 2026 तक कम से कम 80 प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने निर्देशित किया कि क्षेत्र भ्रमण कर अच्छे कृषकों की पहचान कर उन्हें समय पर ऋण उपलब्ध कराया जाए तथा सभी ऋणी कृषक सदस्यों को अनिवार्य रूप से बीमा से आच्छादित किया जाए। साथ ही म्ज्ञ्ब्ब पोर्टल के माध्यम से जून 2026 तक कम से कम 60 प्रतिशत कृषक सदस्यों को ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि समितियों के सचिव इफ्को एवं कृभको से समन्वय स्थापित कर पेस्टीसाइड व्यवसाय को बढ़ावा दें, जिससे समितियों की आय में वृद्धि हो सके। उर्वरक की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित रखने के भी निर्देश दिए गए ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सदस्यता अभियान के तहत नए सदस्यों से संपर्क कर उन्हें ऋण सुविधा उपलब्ध कराने, कृषक पंजिका घर-घर पहुंचाने तथा गेहूं खरीद केंद्रों पर पारदर्शिता बनाए रखने के भी सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में उपसभापति हरजिन्दर सिंह, उप महाप्रबंधक, समस्त अपर जिला सहकारी अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, शाखा प्रबंधक एवं पैक्स सचिव उपस्थित रहे।



# पुलिस अधीक्षक ने थाना सैफनी का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।/रामपुर** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक रामपुर श्री सोमेन्द्र मीना ने थाना सैफनी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय अभिलेख, मालखाना, हवालात एवं मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों के समुचित संधारण और उनमें की जाने वाली प्रविष्टियों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। साथ ही थाना परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और पारदर्शिता के साथ किए जाएं, ताकि आमजन को बेहतर पुलिस सेवाएं मिल सकें। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को सतर्कता एवं अनुशासन के साथ ड्यूटी निभाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि जनता के साथ विनम्र और संवे. दनशील व्यवहार बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिससे आमजन का विश्वास और मजबूत हो सके।निरीक्षण के दौरान थाना स्टाफ में हलचल रही और सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।



# शाहबाद नगर पंचायत में तीन नामित सभासदों ने ली शपथ

## क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह रहीं मुख्य अतिथि, विकास पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर पंचायत में गुरुवार को सरकार द्वारा नामित तीनों सभासदों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चेयरमैन सम्बुल वसीम ने अमित चंद्रवंशी, विनीत लोधी और अर्पित वशिष्ठ को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।इस समारोह की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह रहीं। उन्होंने नगर पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार में सभी का विकास हो रहा है और किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है।विधायक राजबाला सिंह ने श्सबका साथ, सबका विकासश के एजेंडे पर जोर दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा के लिए मांगी गई सभी चीजें मिली हैं। उन्होंने शाहबाद नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा दिलाने का प्रयास करने का भी आश्वासन दिया।अंत में, चेयरमैन सम्बुल वसीम ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और तीनों नामित सभासदों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी सभासद शाहबाद के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे।इस अवसर पर विधायक पति दिलीप लोधी, चेयरमैन पति वसीम खां, सुरेश बाबू गुप्ता, मुक.ेश चंद गुप्ता, सुभाष भटनागर और गोरे खां सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# लापता मासूम का शव खेत में मिला, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** केमरी थाना क्षेत्र के एक गांव में दो दिन से लापता छह वर्षीय बच्चे का शव गेहूं के खेत में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। घटना ग्राम खेमपुर की है। गांव निवासी सुनील कुमार का छह वर्षीय बेटा शिवांश 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के मौके पर गांव में निकली रैली में शामिल होने गया था। शाम करीब चार बजे तक उसे गांव में देखा गया, लेकिन इसके बाद वह लापता हो गया। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और बाद में थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। गुरुवार सुबह गेहूं की कटाई के लिए खेत में पहुंचे एक मशीन चालक की नजर बच्चे के शव पर पड़ी। उसने तुरंत खेत स्वामी को सूचना दी और वहां से लौट गया। कुछ ही देर में गांव में शव मिलने की खबर फैल गई, जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे परिजन बच्चे का शव देखकर बिलख पड़े। सूचना मिलने पर केमरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने घटना को लेकर गंभीर आशंका जताई है और हत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



फाइल फोटो

# जंगली सूअर के हमले से किसान घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** गुरुवार को खेत में काम कर रहे एक किसान पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। इस हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। नगर के मोहल्ला खटपुर निवासी 55 वर्षीय नाजिम अपने खेत पर गेहूं की फसल काट रहे थे। इसी दौरान अचानक एक जंगली सूअर ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। किसान की चीख-पुकार सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे मजदूर दौड़कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने जंगली सूअर से किसान को बचाया और घायल अवस्था में उन्हें साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया। डॉक्टरों ने घायल किसान को प्राथमिक उपचार दिया।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय, जनपद रामपुर उ0प्र0

सक्सेशन केस नं0-38/2026

माया उम्र लगभग 58 साल पत्नी स्व0 रतनलाल निवासी ग्राम लालू नगला पो0 चमरौआ, तहसील सदर, जिला रामपुर उ0प्र0 ...प्रार्थिनी

बनाम 1- महेश चन्द उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र रतनलाल 2- ज्ञान प्रकाश उम्र लगभग 34 वर्ष पुत्र रतनलाल 3- धनीराम उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र रतनलाल 4- मनजीत उम्र लगभग 23 वर्ष पुत्र रतनलाल 5- प्रवेश उम्र लगभग 37 वर्ष पुत्र श्री रतनलाल समस्त निवासीगण ग्राम लालू नगला पो0 चमरव्वा, तहसील सदर, जिला रामपुर उ0प्र0 6- आम जनता ...विपक्षीगण

सूचना आम जनता

चूंकि प्रार्थिनी माया के द्वारा इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार अधिनियम की धारा-372 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि उसके पति रतनलाल का देहान्त दिनांक 30.06.2025 को हो गया है और प्रार्थिनी के मृतक पति रतन लाल के खाता सं0-1409000100063084 पंजाब नेशनल बैंक शाखा चमरव्वा जिला रामपुर में जमा धनराशि 85476-63/- रुपये मय ब्याज के छोड़े है, जिसे प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गयी है।

अत: इश्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त माया के प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 01-05-2026 को प्रात: 10:00 बजे अपनी आपत्ति व लिखित कथन कर सकते है, यदि उक्त तिथि को उपरोक्त स्थान पर आपत्तिकर्ता स्वंय या अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित नहीं हुआ तो उक्त तिथि व समय व स्थान पर माया का प्रार्थना पत्र एकपक्षीय सुनकर निस्तारित कर दिया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर सहित आज दिनांक 16-04-2026 को निर्गत किया गया।

मुंसरिम सिविल जज (जू0डि0), रामपुर

# विधायक राजबाला ने शाहबाद सीएचसी का निरीक्षण किया, मरीजों से मिलीं, बेहतर सफाई के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** गुरुवार को शाहबाद मिलक विधानसभा की विधायक राजबाला सिंह ने शाहबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान विधायक राजबाला सिंह ने सीएचसी में भर्ती मरीजों से मुलाकात की। उन्होंने मरीजों को मिल रहे इलाज और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। विधायक ने अस्पताल परिसर में मौजूद व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ. मोहित रस्तोगी को अस्पताल में साफ-सफाई को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस मौके पर विधायक पति दिलीप सिंह लोधी, एसडीएम आशुतोष कुमार और तहस.ीलदार अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

# शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मुरैना के पास हुआ हादसा, मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में बीती रात सड़क हादसे में किसान की मौत हो गई। किसान बाइक से किसी काम से धमोरा जा रहे थे रास्ते में ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। वहीं किसान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। राहगीरों द्वारा सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजने के साथ ही परिजनों को सूचना दी तो कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन भी जिला अस्पताल आ गए।

हादसा शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मुरैना के पास हुआ। थाना पटवाई के ग्राम अहमदनगर निवासी कुलदीप सिंह पेशे से किसान थे। उनकी रिश्तेदारी धमोरा में पड़ती है। बुधवार की देर शाम वह किसी काम से बाइक से धमोरा जा रहे थे। अभी वह मुरैना के पास पहुंचे थे कि ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह काफी दूर तक मय बाइक फिसलते चले गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव वाले मौके की भागे तो चालक तेजी से ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने कुलदीप सिंह को लेकर जिला अस्पताल आई लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजने के बाद परिजनों को सूचना दी तो कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन भी मौके पर आ गए।



# पुलिस की बड़ी कार्रवाई: महिला तस्कर 1 किलो से अधिक चरस के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मझोला पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस ने एक महिला तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध चरस बरामद की है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को थाना मझोला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मरियम उर्फ भूरी पत्नी मोहम्मद रिजवान निवासी गागन वाली मैनाठेर, थाना मझोला को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने अभियुक्ता के पास से 1 किलो 119 ग्राम अवैध चरस बरामद की। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना मझोला में मुकदमा अपराध संख्या 378/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार महिला काफी समय से नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त बताई जा रही है।



उससे पूछताछ कर यह जानकारी जुटाई जा रही है कि वह चरस की आपूर्ति कहां से करती थी और उसके नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक सतीश कुमार, हेड कांस्टेबल रघु देशवाल, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार और महिला कांस्टेबल जैसमिन शामिल रहीं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# नासिक की कंपनी में कथित धर्मांतरण के विरोध में प्रदर्शन कर किया पुतला दहन

**मुरादाबाद।** शहर के इंपी. रियल तिराहे पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र के नासिक स्थित एक मल्टीनेशनल कंपनी में कथित रूप से चल रही धर्मांतरण और 'लव जिहाद' जैसी गतिविधियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए विरोध जताया और प्रतीकात्मक रूप से पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि देश की सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों के खिलाफ किसी भी प्रकार की गतिविधियों को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के मामले समाज में असंतुलन और वैमनस्य पैदा करने का प्रयास करते हैं, जिन्हें समय रहते रोकना आवश्यक है। बजरंग दल के महानगर संयोजक राजीव ठाकुर ने कहा कि संगठन हमेशा ऐसे मुद्दों पर मुखर रहा है और आगे भी इसी तरह आवाज उठाता रहेगा। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि इस प्रकार की गतिविधियों पर रोक नहीं लगी तो संगठन अपने स्तर पर विरोध को और तेज करेगा।



कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए। साथ ही जो भी व्यक्ति या संगठन इस प्रकरण में शामिल पाए जाएं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।प्रदर्शन के दौरान मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा, जिससे स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही।

वहीं स्थानीय प्रशासन ने आश्वासन दिया कि यदि कोई शिकायत या साक्ष्य सामने आता है तो मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बिलारी समाचार

### अंबेडकर जयंती पखवाड़े में श्रद्धांजलि व जनसभा का हुआ आयोजन

**चन्दौसी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव पखवाड़े के अंतर्गत विधानसभा चन्दौसी क्षेत्र के गांव अकबरपुर चितौरी स्थित अंबेडकर पार्क में डॉ0 अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को शपथ दिलाई गई कि वे बाबा साहब के बताए मार्ग 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' पर चलते हुए अन्याय, भेदभाव और शोषण के खिलाफ निरंतर संघर्ष करेंगे तथा समाज को सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेंगे। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब के विचार हमारे मार्गदर्शक हैं और एक समतामूलक व न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर सपा नेत्री विमलेश कुमारी, विनीत कुमार, मनीष कुमार, वीरपाल सिंह, अजय कश्यप आदि सहित काफी लोग मौजूद रहे।



### प्राथमिक विद्यालय में इंडिया मार्का नल से निकल रहा गंदा पानी

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव कैथल के मजरा रामनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई है। विद्यालय परिसर में लगे इंडिया मार्का नल से गंदा पानी निकल रहा है। विद्यालय के बच्चों ने इस समस्या की शिकायत प्रधानाध्यापक से की, जिसके बाद मामले की जानकारी ग्राम प्रधान एवं सचिव को दी गई। स्थानीय स्तर पर इस समस्या को लेकर चिंता जताई जा रही है।

इस संबंध में रोजगार सेवक विपिन ने बताया कि समस्या को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही नल को ठीक कराकर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### पीएमएस डे पर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जांच



**बिलारी।** नगर के राजकीय महिला अस्पताल में बृहस्पतिवार सुबह प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन हुआ। दिवस में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। दिवस में चिकित्सा अधिकारी डॉ रेशमा वजाहत ने कहा कि गर्भावस्था की नियमित जांच बहुत जरूरी होती है जिससे मां और बच्चे दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं से राजकीय महिला अस्पताल में ही प्रसव करने की सलाह दी। दिवस में

खून की कमी शुगर,ब्लड प्रेशर हीमोग्लोबिन , हेपटाइटिस सी आदि की जांच के अलावा अल्ट्रासाउंड किए गए। जिन गर्भवती महिलाओं में खून की अधिक कमी पाई गई उन्हें आयरन और अन्य दवाइयां दी गईं और पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी गई।

### जेठ-जेठानी पर मारपीट करने का आरोप

**बिलारी।** जेठ जेठानी ने मारपीट करके किया घायल कर दिया। इस मामले में तहरीर पर दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव की गीता पत्नी अंकित ने मुकदमा दर्ज कराया कि 14 अप्रैल को सुबह 6 बजे वह अपने खेत में गेहूं काट रही थी। तभी जेठ अनिल, जेठानी सोनम खेत पर आए। उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब वह घर की ओर भागी तो दोनों घर में घुस आए और बुरी तरह से मारा पीटा। उनके पति के साथ भी मारपीट की, बाद में जान से मारने की धमकी देकर भाग गए, तहरीर के बाद पुलिस ने दोनों पर मुकदमा दर्ज किया है।

### मूंढापाण्डे में दूसरी जगह अटैच चल रही राशन की दुकान का किया गया प्रस्ताव

**मूंढापाण्डे।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बूजपुर आशा की मिल्क मैं राशन डीलर की दुकान का खुली बैठक का प्रस्ताव किया गया बैठक में रजनी पत्नी राजेंद्र ने अपना प्रस्ताव रखा दूसरा कोई भी प्रस्ताव नहीं आया ब्लॉक से पहुंचे ग्राम विकास अधिकारी निलेश कुमार ने खुली बैठक में समय देते हुए कहा कि और कोई भी अपना प्रस्ताव दे सकता है। इस मौके पर पुलिस प्रशासन ब्लॉक अधिकारी ग्राम प्रधान की उपस्थिति में खुली बैठक का प्रस्ताव कराया गया बूजपुर आशा मिल्क रजनी पत्नी राजेंद्र को सस्ता राशन डीलर के रूप में चुना गया।



# सड़क दुर्घटना में श्रमिक की मौत, परिवार में कोहराम

**डिलारी ( मुरादाबाद )।** थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम करनपुर में एक लग्न रिश्ता समारोह से लौट रहे 56 वर्षीय श्रमिक की तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। घटना दिनांक 15 अप्रैल 2026 की रात्रि लगभग 9 बजे की बताई जा रही है।

मृतक राजवीर बिश्नोई (पुत्र प्यारेलाल) ग्राम करनपुर निवासी थे। वह साईं वेंकट हॉल करनपुर में आयोजित एक रिश्ता समारोह में दावत खाकर पैदल घर लौट रहे थे। तभी प्रथमा बैंक के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार प्लैटिना बाइक (नंबर: UP 21 CW 5790) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। बताया गया कि बाइक चालक नासिर (पुत्र शाहिद अहमद, निवासी गक्खरपुर, थाना डिलारी) तेज गति से आ रहा था और उसने लापरवाही से वाहन चला रहा था। टक्कर लगने से राजवीर गंभीर रूप से घायल हो गए, खासकर उनके सिर में गहरी चोटें आईं। परिजनों ने तुरंत उन्हें ममता नर्सिंग होम करनपुर पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उन्हें सरकारी अस्पताल डिलारी रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही राजव. ीर ने दम तोड़ दिया। मृतक के परिवार में पत्नी सुकर्मा देवी, बेटियां विनीता व संगीता, और बेटे सचिन कुमार एवं समोद कुमार हैं। असमय हुई इस मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक के पुत्र सचिन कुमार ने थाना डिलारी में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी नासिर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# टीएमयू की प्रो. रूचि कांत यूपी स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल में सदस्य नामित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की झोली में बड़ी उपलब्धि आई है। टीएमयू के कॉलेज ऑफ एलाइड हेल्थ एंड साइंसेज में एमएलटी की एचओडी प्रो. रूचि कांत को उत्तर प्रदेश स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल में मेडिकल लेबोरेट्री एंड लाइफ साइंसेज प्रोफेशनल्स की श्रेणी में सदस्य नामित किया गया है। यह काउंसिल नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशंस के अंतर्गत संचालित होती है। बतौर मेंबर प्रो. कांत का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। टीएमयू की इस सीनियर फैकल्टी की झोली में बायोकेमिस्ट्री टीचिंग का दो दशक से अधिक का अनुभव है। इस नॉमिनेशन पर टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने प्रो. कांत को बधाई देते हुए कहा, यह टीएमयू के लिए गर्व की बात है। स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल ऑफ इंडिया एक स्वायत्त संस्था है, जो स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मानकों को विनियमित करने के लिए समर्पित है। प्रो. कांत नौ बरस से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं, जबकि इससे पूर्व करीब आठ साल इथोपिया में बतौर शिक्षक अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। प्रो. कांत कॉलेज ऑफ एलाइड हेल्थ एंड साइंसेज में आईक्यूएसी की कोर्डिनेटर भी हैं।




इनके अब तक नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर 32 रिसर्च पेपर्स पब्लिश हो चुके हैं। प्रो. कांत के निर्देशन में सात रिसर्चर्स अपना शोध कार्य कर रहे हैं। यह परिषद स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में संस्थानों को संबद्धता के संग-संग शिक्षा के मानदंड एवम् दिशानिर्देश निर्धारित करती है। काउंसिल का मुख्य उद्देश्य जनता के बीच स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास पैदा करना है। इसका विजन ऐसी सुव्यवस्थित स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली स्थापित करना है जो शिक्षा, प्रशिक्षण और नैतिक अभ्यास के उच्चतम मानकों को पूरा करती हो। दूसरी ओर टीएमयू के ही कॉलेज ऑफ एलाइड हेल्थ एंड साइंसेज की फैकल्टी श्रीमती शिखा पालीवाल को चौरिटेबल इंस्टिट्यूशंस श्रेणी में सदस्य नामित किया है।

# सुपरवाइजरो के प्रशिक्षण का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**कांठ( शाह टाइम्स )** जनगणना कराने को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है इस संबंध में प्रशिक्षण का दौर इस समय जारी है अगले महीने जनगणना का कार्य शुरू होना है। पिछले दिनों फील्ड ट्रेनरो को ट्रेनिंग दी गई थी लेकिन आज से कांठ तहसील में ही चार जगह पर सुपरवाइजर का प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है। तहसील सभागार डाइट कस्तूरबा आदि जगहों पर ट्रेनर सुपरवाइजरो को जनगणना के संबंध में ट्रेनिंग दे रहे हैं इस दौरान जनगणना कैसे करनी है किन सवालों को लोगों से किया जाना है उनके मकान की स्थिति और उसमें रहने वाले लोगों के हिस्सों को कैसे बांटा जाएगा इस संबंध में भी ट्रेनर सुपरवाइजर को ट्रेंड कर रहे हैं। कई जगह पर दी जा रही ट्रेनिंग का आज एसडीएम संत दास पवार ने निरीक्षण किया और कहा कि सभी सुप. रवाइजर ध्यान से जानकारी प्राप्त करें और जनगणना को संपन्न कराने में लग जाए।



# हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल के बच्चों का रहा शानदार प्रदर्शन, 10वीं के परिणाम घोषित

**कांठ( शाह टाइम्स )** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी शैक्षिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिससे स्कूल और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम के अनुसार हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल की टॉपर छात्रा सादिया नसीम ने 93.4 % अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया इसके साथ ही विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र नैतिक कातियार ने 91.4% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, 90.41% प्राप्त कर विद्यालय की छात्रा कुमारी श्वेता तृतीय स्थान पर रही और दिलजीत सिंह ने 90.6% अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया शनि सागर 90. 2% अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया, मोहम्मद अदीब ने 89 . 8 % अंक प्राप्त कर छठवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने उत्कृष्ट एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुएं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने कहा कि कठिन परिश्रम और जीवन अनुशासन ही सफलता की कुंजी है इसलिए हमें निरंतर अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर उसके लिए कठिन परिश्रम एवं अनुशासन के साथ निरंतर प्रयास साथ रहना चाहिए इससे हमें एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी। प्रबंधक दीपेश सिंह प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने समस्त शिक्षकों छात्रों एवं अभिभावकों को भी उनके कठिन परिश्रम के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।




## लड़की को भगाने के मामले में माता पिता भी फंसे

**कांठ ( शाह टाइम्स )** लड़की को भगाने के आरोप में युवक सहित मां-बाप भी फस गए पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

थाना छजलैट के गांव निवासी महिला का कहना है कि उसकी नाबालिक बेटी घर पर थी 13 अप्रैल को गांव का गौरव घर पर आया और उसे बहला फुसला कर अपने साथ ले गया बेटी को काफी तलाश किया बाद में पता चला कि गौरव ही उसे भगा कर ले गया है उसने आरोपी के चाचा अमरदीप मां पिता से लड़की के बारे में पूछा तो उन्होंने बताने से मना कर दिया और मारपीट पर उतारू हो गए महिला का कहना था कि यह लोग ऋषिकेश में रहकर काम करते हैं गौरव गांव में आता जाता रहता है पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# बिजली विभाग के कैंप में आई 10 शिकायतों में पांच का मौके पर हुआ निस्तारण

**कांठ( शाह टाइम्स )** मंडल आयुक्त के निर्देश पर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में लगाए गए विद्युत कैंप में केवल 10 उपभोक्ता अपनी शिकायत लेकर पहुंचे जिनमे 5 का मौके पर निस्तारण किया गया। बतादे कि पिछले सप्ताह क्षेत्र की ग्राम पंचायत गढ़ी में मंडल आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह आए थे जहां उन्हें ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर समाधान भी करना था मगर वहां सबसे ज्यादा शिकायत बिजली विभाग की आई किसी का बिल ज्यादा था किसी की रीडिंग ज्यादा थी किसी का मीटर चल नहीं रहा था किसी का मीटर बदला नहीं गया था।

इस मामले को लेकर उन्होंने बिजली विभाग से नाराजगी व्यक्त की और कहा कि कैंप लगाकर प्राथमिकता के आधार पर उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया जाए।



इसी क्रम में आज नगर पंचायत कार्यालय परिसर में एक कैंप लगाया गया मगर 10 उपभोक्ता वहां पहुंचे जिनमें पांच की शिकायतो का निस्तारण मौके पर कर दिया गया इस मौके पर एसडीओ सचिन रस्तोगी मीटर एई यशेन्द्र कुमार जेई कांठ अरविंद गुप्ता जेई सलेमपुर आशुतोष कुमार और बाबू देवेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# स्ट्रेटेजिक लीडरशिप के लिए स्पष्ट उद्देश्य, टीमवर्क समयबद्ध कार्यशैली अनिवार्य: अतुल शाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय प्रशिक्षण एवम् विकास सोसाइटी- आईएसटीडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अतुल शाह ने बतौर मुख्य अतिथि कहा, रणनी. तिक नेतृत्व के लिए स्पष्ट उद्देश्य, टीमवर्क एवम् समयबद्ध कार्यशैली आवश्यक हैं। इनके अलावा आंतरिक प्रेरणा, सकारात्मक प्रभाव का उपयोग और सक्रिय टीम का भी होना शामिल है। आईएसटीडी का सदस्य बनाते वक्त सावधानी बरतनी चाहिए। साथ ही श्री शाह ने सुझाव दिया, वेबिनार वार्ता का शोध पत्रों और पुस्तकों में संकलन होना चाहिए। साथ ही बोले, आईएसटीडी मुरादाबाद चौप्टर की स्थापना मात्र 21 दिनों में हुई, यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। श्री शाह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी एवम् आईएसटीडी मुरादाबाद चौप्टर के संयुक्त तत्वावधान में आईएसटीडी के 57वें स्थापना दिवस पर स्ट्रेटेजिक लीडरशिप एंड डिसीजन मेकिंग पर राष्ट्रीय वेबिनार में ऑनलाइन बोल रहे थे। टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन ने कहा, वर्तमान समय में प्रभावी नेतृत्व के लिए निरंतर सीखना और बदलते परिवेश के अनुरूप स्वयं को ढालना अत्यंत आवश्यक है। इससे पूर्व टिमिट के निदेशक प्रो. विपिन जैन ने वेबिनार की थीम प्रस्तुत की। डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी- पीआईएमआर, इंदौर के कुलपति डॉ. शेर सिंह भाकर ने बतौर विशिष्ट अतिथि आधुनिक नेतृत्व के लिए बीएएनआई- ब्रिटल, एंग्जायस, नॉनलाइनियर, इनकम्प्रिहेन्सिबल फ्रेमवर्क की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि संगठनों को केवल दक्ष ही नहीं, बल्कि लचीला बनना होगा। मॉडर्न वोलैटिलिटी से निपटने के लिए सिस्टम में रेजिलिएंस को शामिल करना और लंबे समय तक स्टेबिलिटी सुनिश्चित करने के लिए जरूरी ऑपरेशन्स के लिए विकल्प होना जरूरी है।




लीडर साफ, ट्रांसपेरेंट डायरेक्शन, प्रायोरिटी को आसान बनाकर और मिस कम्युनिकेशन से बचाकर चिंताजनक माहौल को कम करते हैं। टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने सभी अतिथियों एवम् प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। एसोसिएट डीन एकेडमिक्स डॉ. अमित कंसल ने कहा, सफल नेता वही है जो सीखने, भूलने और पुन: सीखने की प्रक्रिया को अपनाता है। अंत में सह-संयोजक डॉ. मोहित रस्तोगी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## कम वर्षा की भविष्यवाणी

मौसम विभाग के मुताबिक अचानक गर्मी बढ़ने का सबसे बड़ा कारण पश्चिमी विक्षोभ का कमजोर पड़ना है। ऐसा मौसम 20 अप्रैल तक रहेगा, जिसके कारण पश्चिमी, मध्य और दक्षिण भारत में भीषण गर्मी पड़ेगी। दो सालों की घनघोर बारिश के बाद, भारत को आने वाले मानसून के दौरान बरसात में भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अप्रैल में जारी अपने पूर्वानुमान में जून से सितम्बर के बीच आठ फीसदी की कमी, यानी सामान्य से कम वर्षा होने की भविष्यवाणी की है। इस अनुमान में पांच फीसदी की त्रुटि की संभावना है। लेकिन आईएमडी के पिछले रिकार्ड के मद्देनजर, ऐसे कई मौके आए हैं जब आईएमडी ने 'सामान्य' मानसून की भविष्यवाणी की है और भारत में सूखा पड़ा है। जबकि, सूखे की भविष्यवाणी करने और इसके गलत साबित होने के मामले इससे कहीं ज्यादा हैं। दरअसल, जब आईएमडी अप्रैल में बारिश की कमी की चेतावनी देता है, तो इतिहास गवाह है कि भारत में अक्सर सूखा पड़ता है। यह एजेंसी अपनी आधिकारिक शब्दावली में कभी भी सूखा शब्द का प्रयोग नहीं करती है और सिर्फ 90 फीसदी से नीचे की कमी को ही न्यून वाली स्थिति के रूप में संदर्भित करती है। अप्रैल 2015 में, आईएमडी ने 2015 के दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम के लिए हसामान्य से कम मानसून का पूर्वानुमान जारी किया था। इसमें मौसमी वर्षा के दीर्घकालिक औसत के 93 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया था, जो फिर से सामान्य से कम था, लेकिन भारत में हालात कहीं ज्यादा ही खराब रहे और उसका दीर्घकालिक औसत (एलपीएद्ध 86 फीसदी रहा। आईएमडी को इस बार मानसून के दूसरे महत्वपूर्ण आधे हिस्से (अगस्त और सितम्बरद्ध में कमजोर मानसून की आशंका है। इसका कारण मौसम मॉडल द्वारा दर्शाए गए अल नीनो का संकेत है। अल नीनो एक ऐसी चक्रीय घटना है, जिसमें मध्य भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर का तापमान एक डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बढ़ जाता है और 1950 के बाद से 16 में से 9 बार यह कमजोर मानसून से संबंधित रहा है। अल नीनो का समय महत्वपूर्ण होता है। अगर तापमान में बढ़ोतरी मानसून के महीनों के अलावा अन्य महीनों में होती है, तो मानसून पर इसका असर उतना खतरनाक नहीं होता है। मिसाल के तौर पर, 2019 में, आईएमडी ने अप्रैल में सामान्य से कम वर्षा की उम्मीद जताई थी क्योंकि अल नीनो जैसी स्थितियां बनती नजर आ रही थीं। विडंबना यह रही कि भारत में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई क्योंकि अपेक्षा के मुता. बिक गर्मी तेज नहीं हुई। इस साल भी, आईएमडी को उम्मीद है कि हिंद महासागर डायपोल अल नीनो के शुष्क प्रभाव का प्रतिकार करेगा। इस साल जब पश्चिम एशिया में युद्ध जैसे हालात सबसे ज्यादा चिंताजनक बने हुए हैं, ऐसे में कमजोर बारिश के साथ-साथ गैस और उर्वरक की कमी से किसानों की हालत और भी खराब हो सकती है। लिहाजा सरकार को उर्वरकों का भंडार बढ़ाने, खासतौर पर पानी की कमी की आशंका वाले जलाशयों समेत पानी का समान वितरण सुनिश्चित करने और किसानों को बुवाई की सर्वोत्तम पद्धतियों के बारे में समय रहते सलाह देने की तैयारी फौरन शुरू कर देनी चाहिए।

## परिसीमन को बुल्डोज करने का काम



सरकार महिला आरक्षण के नाम पर परिस. ीमन कर संघीय ढांचे को कमजोर कर रही है, महिला आरक्षण को परिसीमन के साथ नहीं जोड़ना चाहिए, हम महिला आरक्षण का पूरा समर्थन करेंगे, भाजपा हर बात में राजनीति करती है, यह महिला आरक्षण लाने का यह विधेयक नहीं है, बल्कि पीछे के दरवाजे से परिसीमन करने का है, महिला आरक्षण को सुरक्षा कवच बनाकर राजनीतिक मंशा पूरा कर रही है, भाजपा महिला आरक्षण के पक्ष में नहीं हैं, इसलिए इसे विलंब से लेकर आई है, सरकार ने दवाब में जनगणना के साथ जाति जनगणना करने की बात मानी है, इन सबके बावजूद सरकार जाति जनगणना के पक्ष में नहीं है। वह महिला आरक्षण के माध्यम से विधेयक को जटिल बनाया जा रहा है, महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन को बुल्डोज करने का काम कर रही है सरकार।

**-गौरव गोगोई, सासंद, कांग्रेस**

# मोटर इंश्योरेंस में रखें इन बातों का ध्यान




हम में से अधिकतर लोग जब भी मोटर इंश्योरेंस का चुनाव करते हैं, तो सबसे पहले हमारी नजर उसके प्रीमियम पर होती है। सस्ती पॉलिसी हमें इसलिए आकर्षक लगती है, क्योंकि यह झटपट पैसों की बचत करती है, लेकिन सच्चाई यह है कि आज जो सौदा आपको सस्ता नजर आ रहा है, वहीं कल आपके लिए महंगा साबित हो सकता है। किसी भी इंश्योरेंस की असली कीमत इस बात से तय नहीं होती है कि शुरुआत में आपको कितने कम पैसे भरने पड़ रहे हैं, बल्कि इस बात से तय होती है कि अगर अचानक से आपको कुछ हो जाए तो यह किस तरह की सुरक्षा देता है। आइए जानते हैं कि आज की एक सस्ती पॉलिसी कल आपके लिए कैसे एक महंगा सौदा साबित हो सकती है। अगर आप यह सोचते हैं कि सस्ता मोटर इंश्योरेंस लेकर आपने पैसों की बचत की है, तो असल में यह आपका भ्रम है। पहले-पहल सस्ता प्रीमियम देखने में तो आकर्षक लगता है, लेकिन इनके भीतर कई तरह के जोखिम छिपे होते हैं। लुभावने लगने वाले यह इंश्योरेंस आमतौर पर सीमित कवरेज के साथ आते हैं जिससे कि जब आपको इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है तब यह आपको सबसे कम सुरक्षा देते हैं। कई पॉलिसियों में दुर्घटना के मामले में छूट, रोडसाइड असिस्टेंस या यात्रियों के सामान की सुरक्षा जैसे अहम कवरेज तक शामिल नहीं होते हैं। ऐसे में जो बचत आज आपको सूझबूझ भरी लग रही है, वही बचत दुर्घटना के समय आपके लिए एक बेहद महंगा सौदा साबित हो सकती है। दुर्घटना के तुरंत बाद आपको एक सस्ते मोटर इश्योरेंस की असली कीमत समझ आने लगती है। कई पॉलिसियों में तो मरम्मत भी पूरी तरह से कवर नहीं किए जाते हैं क्योंकि इनमें कुछ चुनिन्दा गैरेज ही शामिल होते हैं या फिर खर्चों की भी सीमा तय होती है, जिससे कि मरम्मत के दौरान आपको अच्छी गुणवत्ता वाली सुविधा तक नहीं मिलती है या फिर आपको अतिरिक्त बिल भरने पड़ते हैं। यहां तक कि क्लेम के बाद प्रीमियम में भी तेजी से बढ़त देखने को मिल सकती है, चाहे दुर्घटना में आपकी गलती हो या न हो। यानी जो छोटी सी बचत आप आज कर रहे हैं, उसकी वजह से भविष्य में आपको और ज्यादा पैसे भरने पड़ सकते हैं। इतना ही नहीं, सीमित कवरेज में अक्सर आपको टॉइंग, मेडिकल बिल या ऐसे खर्च जिनके बारे में आपको लगता था कि उसका भुगतान इंश्योरेंस कंपनी करेगी, उनके लिए भी आपको अपनी जेब से पैसे भरने पड़ते हैं। जो चीज शुरुआत में आपको किफायती लग रही थी, वहीं दुर्घटना के बाद आपके लिए एक आर्थिक बोझ बन जाती है। दुर्घटना का असर केवल आपकी कार पर नहीं होता, बल्कि यह आपके रिकॉर्ड को भी खराब करता है। फाइलों में क्लेम कई-कई सालों तक दर्ज रहता है। जब आप कोई सस्ती पॉलिसी लेते हैं, तो जब भी आप इसे रिन्यू करते हैं, तब यह बात आपको आर्थिक रूप से कचोटती है। कुल मिलाकर देखें तो एक स्मार्ट बचत जल्द ही आपके लिए एक भारी बोझ बन जाती है। इसमें केवल साधारण दुर्घटना ही शामिल नहीं होती है, बल्कि चोरी, आगजनी, प्राकृतिक आपदाएं, तोड़फोड़ और यहां तक कि अगर चालक के पास इंश्योरेंस न हो या फिर चालक के पास अपर्याप्त इंश्योरेंस होने पर भी आपको पूरी सुरक्षा मिलती है। इससे यह बात पक्की हो जाती है कि चाहे जैसी भी परिस्थिति हो आपको हर हाल में पूरी सुरक्षा मिलेगी। कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसियां आपको एक भरोसेमंद गैरेज चुनने की सुविधा तो देती ही हैं, साथ ही इनमें जेनुइन स्पेयर पार्ट्स भी कवर किए जाते हैं। इससे यह बात पक्की हो जाती है कि न तो आपको खर्चों की चिंता करने की जरूरत है, न ही आपको गुणवत्ता के साथ समझौता करना पड़ेगा। इको एश्योर रिपेयर प्लान में आपकी कार को सुरक्षा देने के साथ-साथ पर्यावरण का भी पूरा ख्याल रखा जाता है। इसमें मरम्मत के काम के लिए पर्यावरण अनुकूल दृष्टिकोण को अपनाया जाता है, जिसमें टिकाऊ विधि, ऊर्जा-बचत प्रक्रिया के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। इसका अर्थ यह है कि न केवल आपको विश्वनीय सेवा के साथ-साथ वाहन के जेनुइन पार्ट्स भी मिलते हैं, बल्कि आपके मन को सुकून मिलता है कि आपने कार्बन उत्सर्जन को घटाते हुए पर्यावरण में अहम योगदान दिया है। आर्थिक सुरक्षारू यह आपको अचानक से आने वाले खर्चों और अपनी जेब से भरे जाने वाले पैसों से सुरक्षा प्रदान करता है। चाहे टॉइंग की फीस हो या मेडिकल बिल या रिप्लेसमेंट कॉस्ट, कॉम्प्रिहेंसिव कवरेज आपको अचानक से आने वाले हर तरह के खर्चों से सुरक्षा प्रदान करता है। कई कॉम्प्रिहेंसिव प्लान में नो-क्लेम बोनस शामिल होते हैं, जिससे कि क्लेम के बाद प्रीमियम में होने वाली तेज बढ़त से आपको सुरक्षा मिलती है। साथ ही, जैसे-जैसे समय बीतता है वैसे-वैसे आपको सुरक्षित ड्राइविंग करने का फायदा यानी कि पुरस्कार भी मिलता रहता है। एनसीबी प्रोटेक्शन ऐड-ऑन कवर के जरिए आप क्लेम करने के बाद भी अपने जमा हुए बोनस को सुरक्षित बनाए रख सकते हैं। इसका अर्थ यह है कि आपका प्रीमियम स्थाई रहता है और आपने सुरक्षित ड्राइविंग करते हुए जो भी बोनस हासिल किए हैं, उनका लंबे समय में बचत के तौर पर लगातार फायदा उठा सकते हैं। कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसियों में अक्सर अतिरिक्त सुरक्षा जैसे कि रोडसाइड असिस्टेंस, रेंटल कार कवरेज और फटाफट क्लेम सैटलमेंट शामिल होते हैं, जिससे कि रिकवरी की प्रक्रिया न केवल सहज हो जाती है, बल्कि आप हरदम परेशानी-मुक्त भी रहते हैं। साधारण इंश्योरेंस की तुलना में कॉम्प्रिहेंसिव प्लान में किसी वस्तु के गिरने से होने वाला नुकसान, बाढ़ या आग से हुई क्षति जैसे जोखिम शामिल होते हैं जो अचानक से कभी भी हो सकते हैं और इनके लिए आपको भारी-भरकम नुकसान हो सकता है। कुछ कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसियों में जीरो डेप्रिसिएशन कवर जैसे फीचर शामिल होते हैं, जो यह बात पक्की करते हैं कि आपको पूरा-पूरा क्लेम मिलेगा और समय के साथ वाहन के पुराने होने पर इस्तेमाल के दौरान होने वाले टूट-फूट से भी आपको पूरी सुरक्षा मिलेगी। ऐड-ऑन्स जो आपकी पॉलिसी को और मजबूत बनाते हैं जब आप कॉम्प्रिहेंसिव कवरेज को चुनते हैं, तो अतिरिक्त सुरक्षा जोड़कर आप इसे विशेष जोखिमों से और मजबूत बनाते हैं। हालांकि ओन डैमेज कवरेज में जबरदस्त सुरक्षा तो होती है, लेकिन इसकी अपनी सीमाएं भी हैं। इसमें क्लेम के दौरान आपको अपनी जेब से भारी-भरकम रकम भरनी पड़ सकती है। ऐसे में ऐड-ऑन्स अहम भूमिका निभाते हैं। जीरो डेप्रिसिएशन कवर यह बात पक्की करता है कि इस्तेमाल के साथ-साथ आपकी कार जितनी भी पुरानी हो जाए और इसके पुर्जे जिस भी स्थिति में हों, इन सबके लिए आपको पूरा-पूरा क्लेम मिले। यह सहूलियत नई कार के मामले में और भी फायदेमंद होती है।

**इंजन प्रोटेक्शन कवर बाढ़, ऑयल लीकेज या मैकेनिकल खराबी जैसी स्थितियों में महंगे इंजन की मरम्मत से होने वाले खर्चों से सुरक्षा प्रदान करता है, जो कि आमतौर पर साधारण कवरेज में पूरी तरह से कवर नहीं किए जाते हैं। इसके अलावा, रिटर्न टू इनवॉयस (आरटीआई) वाहन के पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने या चोरी जैसे मामलों में आपकी कार की पूरी इनवॉयस कीमत वापस दिलाता है, जिससे कि आपको कार की घटी हुई बाजार कीमत के बजाय असली खरीद कीमत प्राप्त करने में मदद मिलती है। कंज्यूमेबल्स कवर छोटे लेकिन कार के लिए बेहद अहम पुर्जे जैसे कि नट-बोल्ट, लुब्रिकेंट और ऑयल आदि के खर्च को कवर करता है, जो कि आमतौर पर साधारण क्लेम में शामिल नहीं किए जाते हैं।**

**राकेश कौल, चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर रिटेल बिजनेस, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड)**

# भारतीय पत्रकारिता को कलंकित करता गोदी मीडिया

**अब तो उस पाकिस्तानी व्यक्ति की लोकप्रियता गोदी चैनल्स में इतनी बढ़ गई है कि वह व्यक्ति दूसरे चैनल्स पर भी नजर आने लगा है। वह खुद भी कह चुका है कि तुम हिंदुस्तानी चौनल वाले मुझे बुलाते ही इसलिए हो ताकि तुम्हारी टी आर पी बढ़े। सनसनी फैलाने, पक्षपात करने, सत्ता का गुणगान करने, भ्रामक रिपोर्टिंग करने, बहस में अपना एजेंडा थोपने, साम्प्रदायिकता फैलाने सत्ता के बजाय विपक्ष को कटघरे में खड़ा करने, मंहगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर बहस न करने व इन मूल मुद्दों को न उठाने जैसी अपनी गैर जिम्मेदाराना हरकतों के चलते आज विदेशों में भी भारतीय मीडिया की छवि नकारात्मक बन चुकी है। भारतीय मीडिया को अक्सर सरकार का चमचा कहकर संबोधित करते हैं।**



**निर्मल रानी**


सत्ता की गुलामी करने में मदहोश देश का गोदी मीडिया तमाम अपमानों, जलालत, विरोध व आलोचनाओं के बावजूद अपनी प्रस्तुति, सामग्री व शब्दों के चयन के स्तर को दिन प्रतिदिन गिराता जा रहा है। हद तो यह है अपनी टी आर पी बढ़ाने के चक्कर में पाकिस्तान व अन्य देशों के अतिथियों को अपने साथ लाईव जोड़कर उनसे विवदित व बेतुके सवाल पूछकर उन्हें श्बदकलामी श करने के लिए जानबूझकर उकसाया जाता है। ताकि वे तीखा जवाब दें जिससे बहस में गर्मी पैदा हो और बहस में असंसदीय व अभद्र शब्दों का इस्तेमाल हो। और इसी शोर शराबे की आड़ में उनकी टी आर पी भी बढ़े उनका एजेंडा भी पूरा हो और उनके सरपरस्त श्आकाश भी खुश हो सकें। देश को कलंकित करने वाले ऐसे अनेक टी वी स्टूडियो में डिबेट के दौरान गाली गलौज, धक्का मुक्की मार पीट सब कुछ तो होता रहता है? अफसोस यह कि यह सब पूर्वनियोजित होता है और जानबूझकर करवाया जाता है।

सरकारी टीवी चैनल डीडी न्यूज के शो दो टूक के एंकर अशोक वास्तव द्वारा अपने इसी शो में पिछले दिनों की गई एक अत्यंत घटिया टिप्पणी को सुनकर भला कौन कह सकता कि यह भाषा किसी पत्रकार या टीवी एंकर की भाषा हो सकती है। एक लाइव डिबेट के दौरान अशोक वास्तव ने कहा कि राहुल गांधी सावरकर के चप्पल की धूल के एक कण के हजारवें हिस्से के बराबर भी नहीं हैं। राहुल गांधी सावरकर के जूते की नोक के बराबर भी नहीं हैं, और उस नोक पर लगी धूल के कण के भी हजारवें भाग के बराबर नहीं हैं। एंकर अशोक वास्तव द्वारा यह टिप्पणी सावरकर को श्रद्धांजलि देते समय राहुल गांधी से उनकी तुलना करने के बहाने से की गई थी। इस ओछी व घटिया टिप्पणी के बाद खासकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उबाल आ गया। कई विपक्षी नेताओं ने भी ऐसी घटिया टिप्पणी को अपमानजनक व असभ्य बताया। इसके बाद युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली में दूरदर्शन मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने यह पत्रकारिता नहीं, सत्ता की दलाली है जैसे नारे लगाए। गोदी मीडिया का पुतला फूंका गया। इसके बाद यह सवाल भी खड़ा हुआ कि निजी टीवी चैनल तो भय लालच व्यवसायिकता अथवा वैचारिक कारणों से तो सत्ता की गोद में जाकर बैठ ही चुके हैं परन्तु आखिर देश के कर दाताओं के पैसों से चलने वाला सरकारी चैनल भी क्या अपनी निष्पक्षता खो चुका है? क्या DD News पर भी करोड़ों रुपये लेने वाले पत्रकार व टाई सूट में सजे धजे टीवी ऐंकर भी अब आई टी सेल या ट्रोलर्स की भाषा बोलने के लिए मजबूर हो चुके हैं?

इसी तरह एक निजी टीवी चैनल की एक एंकर हैं जिन्होंने पिछले दिनों इफ्तार पार्टी आयोजित कर कई राजनेताओं को दावत दी थी। उनकी यह दावत और आमंत्रित लोगों को देखकर यह समझने में देर नहीं लगी कि उनका राजनैतिक रुझान भी है और वह पत्रकारिता के बाद संभवतः राजनीति में ही अपना कैरियर बना सकती हैं। दरअसल गोदी पत्रकारों को यह मालूम है कि गोदी से उतरने के बाद वे इस लायक ही नहीं रहेंगे कि अपना कोई प्लेटफॉर्म खड़ाकर उसपर अपने जौहर दिखा सकें, क्योंकि हर पत्रकार सिद्धार्थ वरदराजन, रवीश कुमार, अजीत अंजुम, अभिसार शर्मा, अशोक पाण्डेय, पुण्य प्रसून वाजपेई, प्रज्ञा मिश्रा, आरिफा खानम या आशुतोष जैसे पत्रकारों के नक्शे कदम पर नहीं चल सकता। दरअसल ऐसी पत्रकारिता के लिए अध्ययन, साहस, ज्ञान, पत्रकारिता का दायित्वबोध आदि सब कुछ चाहिए जो चाटुकारिता या सत्ता की दलाली के लिए जरूरी नहीं। बहरहाल गोदी चौनल की यही मोहतरमा अपने चौनल पर एक पाकिस्तानी मेहमान को बार बार बुलाती हैं। यह जब उससे कोई तीखा सवाल जानबूझकर करती हैं तो वह शख्स इनसे भी तीखा जवाब देता है। मैंने उसे अपशब्द बोलते, गलियां निकालते भी सुना यहां तक कि उसकी कई टिप्पणियों से हमारे देश की तौहीन भी हुई। परन्तु यह आज भी उसे जानबूझकर बार बार बुलाती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सामाजिक विभाजन को दूर किया पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने





**डा. हिमांशु**

चंन्द्रशेखर के अपने आज राजनीतिक दलों के बीच गहरी होती खाईयों, बढ़ते सामाजिक विभाजनों और नेताओं के परस्पर विशेष से ठप्प पड़ती समृद्ध सांसदीय परम्पराओं के इस दौर में चन्द्रशेखर जन्मशती वर्ष में ही नहीं रोजमर्रा में भी सांसदीय राजनीति के भीष्म पितामह और भारतीय राजनीति के अजातशत्रु सर्वश्रेष्ठ सांसद आंके गए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चन्द्रशेखर का जागरूक जानकार लोगों को याद आना स्वाभाविक ही है। देश जनता के हित में अपने हितों की बलि देकर इन बाधाओं को पाटने के लिए ही शायद चन्द्रशेखर नीलकंठ बने थे।

साधारण किसान परिवार की पृष्ठभूमि से आए पर बड़े-बड़े पदों की उपलब्धता लम्बे समय तक होने के बावजूद दोस्तों के दोस्त, फक्कडमस्त, खांटी चन्द्रशेखर बिना किसी पद पर रहे सीधे प्रधानमंत्री बने। सिर्फ चन्द्रशेखर। चन्द्रशेखर के व्यक्तित्व के गलत आंकलन और अपने नासमझी के व्यवहार का अहसास होने पर सहज, सज्जन, राजीव गांधी ने उनसे इस्तीफा न देने का आग्रह किया। इस्तीफे बहुतों ने दिए पर आग्रह के बावजूद इस्तीफा वापस न लेने वाले सिर्फ चन्द्रशेखर। हालांकि जानकारों का यह भी मानना है कि यदि चन्द्रशेखर आग्रह मान इस्तीफा न देते या दोबारा शपथ के प्रस्ताव को मान लेते तो शायद भारतीय राजनीति की दशा दिशा कुछ और होती। बुद्ध-गांधी की तरह 1983 में 6 महीने पैदल कन्याकुमारी से दिल्ली भारत यात्रा करने वाले इस अजब गजब पदयात्री को इन्दिरा जी, राजीव जी से ज्यादा जानती मानती थी। 1964 में कांग्रेस में शामिल होने का इन्दिरा जी ने कारण चन्द्रशेखर जी से पूछा तो उनका सच्चा जवाब था कि वो कांग्रेस को समाजवादी बनाने आए है। न बना पाए तो अगला सवाल था। जवाब सीधा सपाट कि पार्टी तोड दूंगा। दलीय आसक्ति चन्द्रशेखर जी में कभी नहीं रही पर मुद्दों और विचाराधारा के प्रति निष्ठा हमेशा रही। 1972 में वे इन्दिरा जी के मना करने के बाद भी चुनाव समिति का चुना लड़े और सर्वाधिक मतों से जीते भी। इन्दिरा जी के बड़े-बड़े पदों के प्रस्ताव को नकार चन्द्रशेखर 1975 में इमरजेन्सी का विरोध कर 19 महीने जेल में रहे और 1984 में स्वर्ण मन्दिर गुरुद्वारे में आप्रेशन ब्लू स्टार के तरीके के विरोध का जोखिम भी उठाया पर दोनों नेताओं के बीच कभी कोई कटुता नहीं रही। 19 महीने इमरजेन्सी की जेल के बाद 1977 की जनता पार्टी सरकार में इन्दिरा जी पर ज्यादती हुई तो जनता पार्टी अध्यक्ष चन्द्रशेखर अपनी ही सरकार का विरोध करने से भी नहीं हिचके। 1990 में ऐसे कांग्रेस के बाहरी समर्थन से चन्द्रशेखर जी का अप्रत्याशित सरकार बनाना प्रधानमंत्री बनना उनके कुछ सहयोगियों को भी असहज कर गया, पर मंडल कमंडल की आड़ में जल रहे देश को सम्हालने की हिम्मत किसी नेता में नहीं दिखाई और देश समाज के हित में छवि की परवाह न करते हुए चुनौती स्वीकार करना नीलकंठ बनना चन्द्रशेखर जी के लिए स्वाभाविक था। उनका कोई पूर्व प्रशासनिक अनुभव न होने से आशंकित तत्कालीन राष्ट्रपति आर. वैंकटरमण अपनी किताब में प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के कार्यकाल को सुखद आश्चर्य, यादगार और श्रेष्ठ आंकते है। विरासत में उनकी सरकार को साम्प्रदायिकता और जातिवाद से जलता देश, दर्जन राज्यों में कर्फ्यू आतंकवाद से झुलसता पंजाब, कश्मीर, तमिलनाडु और उत्तर पूर्व, खाडी युद्ध और भुगतान संकट से खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के हालात मिलें। पूर्ववर्ती सरकारों को कोसने के बजा, समाधान करने को उन्होंने प्राथमिकता दी। जो नतीजे पूर्ण या प्रचंड बहुमत की पूर्णकालिक सरकारे हासिल न कर पाई, इस बाहरी समर्थन पर टिकी अल्पमत की 4 महीने की सरकार ने दिए और इसीलि, 4 महीने बनाम 40 साल के नारे पर उन्होंने अगला चुनाव लड़ा। चन्द्रशेखर जी को इसका यश और श्रेय तो मिला पर मंडल कमंडल और बाद में भूमंडलीकरण की राजनीति कदमताल न मिला पाने के कारण वोट के गणित में वो पिछड़ते चले गए। पिछले 30 सालों में भारतीय समाज व राजनीति साम्प्रदायिकता और जातिवाद से ऐसे अभिशप्त हुए कि चन्द्रशेखर की बुलन्द आवाज और रोजी, रोटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, सुरक्षा के मुद्दे हालांकि गायब तो नहीं हुए पर उनसे न्याय भी नहीं हो पाया। काश्मीर, असम, नेपाल, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, अयोध्या विवाद, बोफोर्स, ब्लू स्टार, निजीकरण, विनिवेश, उदारीकरण, भूमंडलीकरण, अमरीका सम्बन्धों आदि विषयों पर 20-30 साल बाद उनके विचारों से सब तरफ सहमति दिखाई देती है पर तब उनकी दूरदर्शिता और साफगोई से उपजी और नासमझ स्वार्थी नेताओं द्वारा प्रयोजित तात्कालिक जनता की नाराजगी का राजनीतिक नुकसान उठाने का साहस चन्द्रशेखर जी ने हमेशा किया। हां इस कारण उन्हें दोस्तों की कमी कभी नहीं रही। पर इसका कारण भी दोस्त बनाने के उनके हुनर से ज्यादा दोस्ती निभाने का उनका माद्दा है जिसमें वो खुद विवादित होने तक का जोखिम उठा लेते थे। राजनीतिक छूआछूत से अलग उनके मित्र व प्रशंसक समाज के हर वर्ग, क्षेत्र, देश, दल में रहे। कांग्रेस से भाजपा तक, वामपंथ से दक्षिण पंथियों तक। विस्तृत प्रभामंडल के चन्द्रशेखर इन्दिरा जी से अटल, ज्योति बासु और कांशीराम तक के सम्मानित रहे। उनकी तुलना किसी भारतीय सांस्कृतिक मिथक से सम्भव है तो वो है भोलेशंकर, 'भोलेशंकर समाजवादी'। यही कारण है कि भैरासिंह, शरद पवार और मुलायम सिंह की संयुक्त समिति की देखरेख में अयोध्या विवाद 1991 में ही चन्द्रशेखर सरकार के कार्यकाल में समाधान के ,कदम करीब पहुंच गया था। पर सरकार चली गई। सावन में आम की दावत का शौकीन, आम आदमी की खास आवाज-ए-शख्सियत आज नाटकीयता, विशेष, विभाजन से अवरुद्ध व ग्रस्त संसद को स्नेह, मनुहार और जरूरत पडने पर डांट डपट से बाहर निकालने की क्षमता रखता था जिसकी जरूरत आज और भी बढ़ गई है। यह आवाज आज समाज में कमजोर, दबे कुचले की बेखौफ आवाज होती और देश के अन्दर बाहर राष्ट्रीय गरिमा से हर खिलवाड़ के खिलाफ राष्ट्रीय गौरव की अभिव्यक्ति बनती। सत्ताधीशों को चेताती और चुनौती स्वीकारती। भारत यात्रा केन्द्र में चन्द्रशेखर जी को भेंट की गई एक कविता मढ़ी रखी थी-

क्या हुआ, जो राजनीति में अपना वेश बदला?
क्या हुआ, जो धर्म के चेहरे पर कालिख पुत गई है?
क्या हुआ, जो कुंद बौने आज शासक बन गए हैं?
मैं सदा ही इस जाति की पहचान बताता रहूंगा।

आशा है चन्द्रशेखर के अपने इस विरासत को राजनीति और समाज में संस्थागत रूप देने का प्रयास करते रहेंगे और राष्ट्र अपने इस सपूत को शीघ्र भारत रत्न से विभूषित करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# परमाणु-स्पेस पर रिसर्च करने वाले 5 अमेरिकी वैज्ञानिक गायब

## वैज्ञानिकों की मौत और गुमशुदगी के मामलों पर अब व्हाइट हाउस सवालों के घेरे में

**वाशिंगटन।** अमेरिका में न्यूक्लियर और स्पेस रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों की मौत और गुमशुदगी के मामलों पर अब व्हाइट हाउस सवालों के घेरे में है। 2023 से अब तक ऐसे 10 मामले सामने आए हैं, जिनमें वैज्ञानिक या अधिकारी या तो लापता हो गए या संदिग्ध हालात में मरे।

व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में पहली बार प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट से इन घटनाओं पर सवाल पूछा गया। जवाब में उन्होंने कहा कि मैंने अभी संबंधित एजेंसियों से इस बारे में बात नहीं की है। मैं ऐसा करूंगी और आपको जवाब दूंगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर यह सही है, तो यह निश्चित तौर पर ऐसी बात है जिसे सरकार जांच के लायक मानेगा। उनके इस जवाब के बाद लोगों में नाराजगी देखने को मिली। कई लोगों ने आरोप लगाया कि सरकारी एजेंसियां इस पैटर्न को गंभीरता से नहीं ले रही हैं या फिर इसे छुपाने की कोशिश कर रही हैं। वैज्ञानिकों के लापता या मौत के सभी मामले अमेरिका की हाई-सिक्योरिटी रिसर्च संस्थाओं से जुड़े बताए जा रहे हैं। इनमें लास एलामोस नेशनल लैब, नासा का जेट प्रोपल्शन लैब और एमआईटी का प्लाज्मा साइंस एंड फ्यूजन सेंटर शामिल हैं। ये संस्थान न्यूक्लियर हथियार, एडवांस्ड प्रोपल्शन और नई ऊर्जा तकनीकों पर काम करते हैं।



वैज्ञानिकों के लापता या मौत के सभी मामले अमेरिका की हाई-सिक्योरिटी रिसर्च संस्थाओं से जुड़े बताए जा रहे हैं

रिपोर्ट्स के मुताबिक कई लापता वैज्ञानिक अपने घरों से अचानक पैदल निकल गए। उन्होंने फोन, वालेट और चाबियां तक पीछे छोड़ दीं। यही पैटर्न कई मामलों में देखा गया है, जिससे संदेह और बढ़ा है। रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल विलियम नील मैककैसलैंड का मामला हाल में बहुत चर्चा में रहा। वे 27 फरवरी को अपने न्यू मैक्सिको स्थित घर से गायब हो गए थे। बताया गया कि वे अपने साथ सिर्फ पिस्टल लेकर निकले थे और उनकी पत्नी ने 911 पर कहा कि वे खुद को छिपाने की कोशिश कर रहे थे। मोनिका अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के जेट प्रोपल्शन लैब से जुड़े एक प्रोजेक्ट में काम कर रही थीं। वहां वह नए मटेरियल और धातुओं पर काम देखने वाली एक टीम की चीफ थी। वह एक खास धातु पर काम कर रही थीं, जिसे मोंडालोय कहा जाता है। यह मटेरियल खास तौर पर राकेट इंजन के लिए बताया जाता है। यह भविष्य की स्पेस टेक्नोलाजी के लिए काफी अहम हो सकता था। मोनिका को आखिरी बार 22 जून की सुबह माउंट वाटरमैन इलाके में दो दोस्तों के साथ हाइकिंग करते हुए देखा गया था। उनके बारे में अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोनिका का प्रोफेशनल कनेक्शन रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल विलियम 'नील' मैककैसलैंड से था। वह 8 महीने बाद गायब हो गए। इसके बाद शक और बढ़ गया। विलियम अमेरिका के रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल हैं। वह पहले एयर फोर्स रिसर्च लैबोरेट्री के कमांडर रह चुके हैं।

वहां वे अरबों डालर के साइंस और टेक्नोलाजी प्रोग्राम संभालते थे। यह लैब अमेरिकी सेना की सबसे अहम रिसर्च यूनिट्स में से एक है, जहां नई टेक्नोलाजी, हथियार सिस्टम, स्पेस से जुड़ी टेक्नोलाजी और एडवांस साइंस पर काम होता है। जिस प्रोजेक्ट में मोनिका रेजा काम कर रही थीं, उससे जुड़ी फंडिंग की देखरेख मैककैसलैंड ने की थी। मैककैसलैंड 27 फरवरी 2026 की सुबह न्यू मैक्सिको में अपने घर के पास आखिरी बार देखे गए थे। गार्सिया कंसास सरकारी ठेकेदार थे और सिटी नेशनल सिक्योरिटी कैंपस से जुड़े थे, जहां परमाणु हथियारों के गैर-न्यूक्लियर पार्ट बनाए जाते हैं। यहां काम करने वाले लोग सुरक्षा के लिहाज से काफी अहम माने जाते हैं।


आगरा। भीषण गर्मी के बीच ताजमहल का दीदार करते पर्यटक।

## तुर्की में गोलीबारी का समर्थन करने वाले 162 लोग गिरफ्तार

**अंकारा।** तुर्की में इस हफ्ते दो स्कूलों में हुई गोलीबारी के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 162 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर आरोप है कि इन्होंने सोशल मीडिया पर गोलीबारी का समर्थन किया और ऐसे पोस्ट किए, जिनसे अपराध और अपराधियों को बढ़ावा मिला। मंगलवार और बुधवार को देश के अलग-अलग हिस्सों में दो स्कूलों में फायरिंग की घटनाएं हुईं। बुधवार को कहरामनमाराश के आयसेर चालिक सेकेंडरी स्कूल में हुए हमले में 8 छात्रों और एक शिक्षक की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हुए। घायलों में 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। 14 साल का हमलावर भी इस घटना में मारा गया। इससे एक दिन पहले दे एक हाई स्कूल में भी गोलीबारी हुई थी, जिसमें कम से कम 16 लोग घायल हुए थे।

## गैरकानूनी युद्ध के स्थायी अंत की शर्तों को प्राथमिकता: अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि देश पर थोपे गए 'गैरकानूनी युद्ध के निर्णायक और स्थाई अंत की शर्तें' उनकी प्राथमिकता हैं और अमेरिकी मीडिया में उसके रुख को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान की स्थिति को अमेरिकी मीडिया गलत ढंग से प्रस्तुत कर रहा है। हम पाकिस्तान के प्रयासों के लिए आभारी हैं और हमने कभी इस्लामाबाद जाने से इन्कार नहीं किया। हमारे लिए अहम यह है कि हम पर थोपे गए इस गैरकानूनी युद्ध का निर्णायक और स्थाई अंत किन शर्तों पर होगा। अराघची ने बुधवार को तेहरान में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात के दौरान यह बात कही। उन्होंने अमेरिका-ईरान वार्ता की मेजबानी के लिए पाकिस्तान का आभार भी जताया। उच्चस्तरीय राजनीतिक-सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मुनीर के साथ पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय, सुरक्षा संस्थानों और तकनीकी विशेषज्ञों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। अराघची ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि संवाद की मेजबानी के लिए पाकिस्तान का आभार व्यक्त किया, जो हमारे गहरे द्विपक्षीय संबंधों को दर्शाता है। क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता मजबूत और साझा है।

# ट्रम्प को भारी पड़ रही ईरान से जंग

## अमेरिका ने माना लापता डफ-4सी ट्राइटन ड्रोन हुआ था क्रैश, अब तक 25 ड्रोन का नुकसान

**वाशिंगटन।** पिछले एक महीने से जारी ईरान-अमेरिका युद्ध अब डोनाल्ड ट्रम्प के लिए भारी पड़ता नजर आ रहा है। अमेरिका अभी तक इस युद्ध में सबसे उन्नत एफ-35 समेत कई विमान और ड्रोन को गंवा चुका है। अब अमेरिका ने माना है कि उसे हाल ही में बड़ी तादात में उन्नत ड्रोन खोने पड़े हैं। अमेरिकी नौसेना ने आधिकारिक पुष्टि की कि उसका लापता ड्रोन 'एमक्यू-4सी ट्राइटन' खाड़ी क्षेत्र में क्रैश हो गया। यह पहली बार है जब अमेरिका ने अपने बड़े नुकसान को कबूला है। यह जानकारी यूनाइटेड स्टेट्स नेवल सेफ्टी कमांड की हालिया रिपोर्ट में सामने आई है।

यह हाई-एल्टीटयूड, लान्ग-एंडयोरेंस (एचएलीई) निगरानी ड्रोन समुद्री इलाकों में जासूसी और दुश्मनों पर नजर रखने के लिए इस्तेमाल होता है, जिसकी कीमत करीब 2000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बताई जा रही है। यह 24 घंटे तक हवा में रहने के लिए डिजाइन किया गया है। अमेरिकी नौसेना सुरक्षा कमांड की रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर लिखा है-9 अप्रैल 2026 (स्थान गोपनीय-आपरेशनल सिक्योरिटी) एमक्यू-4सी क्रैश। दरअसल, अमेरिकी रक्षा विभाग के नियमानुसार, 2.5 मिलियन डालर से अधिक नुकसान वाले हादसों को क्लास ये मिसहैप माना जाता है। ये भी इसी श्रेणी में बताया गया है यानी 2000 करोड़ रुपये के करीब होगा।


अमेरिका अभी तक इस युद्ध में सबसे उन्नत एफ-35 समेत कई विमान और ड्रोन को गंवा चुका

### सीनेट ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी युद्ध रोकने की कोशिश को किया नाकाम

**मॉस्को।** अमेरिका की सीनेट ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई जारी रखने से रोकने वाले प्रस्ताव को बुधवार को खारिज कर दिया है, जिससे युद्ध रोकने की कोशिश विफल हो गई है। इस पहल का 52 सीनेटरों ने विरोध किया जबकि 47 सीनेटरों ने इसका समर्थन किया। यह वोट इस साल चौथी बार है जब सांसदों ने इसकी वैधता और दायरे को लेकर जताई गई चिंताओं के बावजूद औपचारिक मंजूरी के बिना ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल के युद्ध को जारी रखने की प्रभावी अनुमति दी है। कुछ सीनेटरों ने एक स्पष्ट रणनीति की जरूरत को स्वीकार करते हुए बताया कि अमेरिकी कानून के तहत, कांग्रेस को 60 दिनों के भीतर सैन्य कार्रवाई को अधिकृत करना होता है और यह समय-सीमा इस महीने के अंत में पूरी होने वाली है।

अमेरिकी अधिकारियों ने साफ कहा कि ड्रोन किसी के हमले का शिकार नहीं हुआ, बल्कि 9 अप्रैल को ये 'क्रैश' हुआ था। मानवरहित ड्रोन होर्मुज में इंटरनेशनल एयरस्पेस में तीन घंटे के रूटीन मिशन पर निकला था। फारस की खाड़ी के ऊपर उड़ान भरते समय जब विमान अचानक आनलाइन फ्लाइट ट्रैकिंग साइट्स से गायब हो गया, ब्राडकास्ट इमरजेंसी कोड 7700 नजर आने लगा, जो आमतौर पर इन-फ्लाइट इमरजेंसी के लिए उपयोग में लाया जाता है। सूत्रों के हवाले से कहा गया कि उसे ईरानी हवाई सुरक्षा बलों ने मार गिराया था, हालांकि, इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई थी।

द वॉर जोन की एक रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन 50,000 फीट की ऊंचाई से तेजी से नीचे गिरा और 10,000 फीट से भी नीचे पहुंचने के बाद उसका संपर्क टूट गया था। नेवी ने आपरेशनल सुरक्षा कारणों से उसने दुर्घटना की सटीक जगह का खुलासा नहीं किया है। विमान में अमेरिका का कोई भी कर्मी सवार नहीं था, और किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। ट्राइटन ड्रोन को नार्थराप ग्रुम्मन ने बनाया है। यह अमेरिकी नेवी के पावरबैंक का सबसे एडवांस मानवरहित एरियल सिस्टम है। इसे बेहद ऊंचाई पर उड़ने और लंबे वक्त के मिशन के लिए डिजाइन किया गया है। ग्रुम्मन की आधिकारिक साइट पर दावा किया गया है कि यह रक्षा के लिए सबसे उन्नत, ऊंची उड़ान भरने वाली और लंबे समय तक टिकने वाली क्षमता रखता है। मामला यहीं खत्म नहीं होता। इसी अवधि में अमेरिका ने अपने 24 और एमक्यू-9 रीपर ड्रोन भी गंवाए हैं। इनकी कुल कीमत लगभग 6727 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस तरह कुल 25 ड्रोन के नुकसान ने अमेरिकी सैन्य रणनीति और क्षेत्रीय सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्राइटन, एमक्यू-4 ग्लोबल हाक का ही एक रूप है, और समुद्री निगरानी में विशेषज्ञता हासिल है। इस विमान की रेंज 13,000 किलोमीटर से भी ज्यादा है, जो बड़े इलाके की लगातार निगरानी के लिए जरूरी है।

## भारत-ऑस्ट्रिया के बीच शिक्षा क्षेत्र में सहयोग पर समझौता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर की भारत यात्रा से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के क्षेत्र में नई ऊर्जा आएगी और ऑस्ट्रिया की विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता तथा भारत की गति और पैमाना दुनिया के लिए विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करेगा। दोनों देश रक्षा, सेमीकन्डक्टर, क्वांटम और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी अपनी साझेदारी को सुदृढ करेंगे।

भारत और आस्ट्रिया ने शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और माइग्रेशन एंड मोबिलिटी एग्रीमेंट को नर्सिंग क्षेत्र में भी आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत हॉलिडे प्रोग्राम शुरू करने की भी घोषणा की है। मोदी ने भारत यात्रा पर आए स्टॉकर के साथ वार्ता के बाद गुरुवार को यहां संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत-आस्ट्रिया साझेदारी को नवाचार और भविष्य की जरुरतों पर आधारित बनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का मजबूती से मानना है कि सैन्य टकरावों से समस्याओं का


**दोनों देश रक्षा, सेमीकन्डक्टर, क्वांटम और जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी अपनी साझेदारी को सुदृढ़ करेंगे**

समाधान संभव नहीं और हम यूक्रेन तथा पश्चिम एशिया में स्थाई शांति के पक्षधर हैं। उन्होंने कहा कि भारत और आस्ट्रिया दोनों ही वैश्विक संस्थाओं में सुधारों के प्रबल समर्थक हैं और आतंकवाद को जड़ से मिटाना, हमारी साझी प्रतिबद्धता है। वार्ता के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में चांसलर स्टॉकर के साथ अपनी बातचीत को उपयोगी करार दिया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रिया के चांसलर स्टॉकर के साथ अत्यंत उपयोगी चर्चा हुई। भारत में हम इस बात से प्रसन्न हैं कि उन्होंने पदभार संभालने के बाद यूरोप के बाहर अपनी पहली यात्रा के लिए हमारे देश को चुना।

# अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर के लिए दबाव

## पाक प्रतिनिधिमंडल की आसिम मुनीर के नेतृत्व में ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी

**तेहरान।** अमेरिका से मिले एक नए संदेश के साथ, पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के प्रयास में ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता के एक नए दौर की संभावना पर ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है। सात अप्रैल को शुरू हुआ दो सप्ताह का नाजुक युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है।

इस्लामाबाद में रविवार को बिना किसी समझौते के समाप्त हुई प्रारंभिक वार्ता के बाद पाकिस्तान आगे की वार्ता के लिए समन्वय कर रहा है। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी भी मध्यस्थता प्रयासों में शामिल हैं जबकि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ राजनयिक वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए चार दिवसीय खाड़ी दौरे के पहले पड़ाव के रूप में सऊदी अरब में हैं। पाकिस्तानी अधिकारी दूसरे दौर की वार्ता के लिए युद्धविराम को बढ़ाने की उम्मीद कर रहे हैं और क्षेत्रीय साझेदारों को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि वे अमेरिका पर प्रभाव का इस्तेमाल करके ईरान के साथ फिर से बातचीत शुरू करें जिससे कोई राजनयिक गलती न हो। यह राजनयिक प्रयास अमेरिका और ईरान की नौसैनिक नाकाबंदी के कारण बढ़े तनाव के बीच किया जा रहा है जो क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल रहा है। हालांकि इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक समझौते की दिशा में संभावित प्रगति के संकेत मिल रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष में अब तक लगभग 3,000 लोग मारे गए हैं और यह पश्चिम एशिया में फैल गया है। अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता को उस समय और गति मिली जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आने वाले 'अद्भुत दो दिनों' का वर्णन किया, जिससे संकेत मिला कि ईरान के साथ युद्ध अपने अंत के करीब हो सकता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि समझौते की संभावनाएं आशाजनक लग रही हैं। इसके बावजूद, अमेरिकी सेना ने ईरान के सभी बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकाबंदी की हुई है और वह 'मौजूद, सतर्क और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तैयार' हैं। ईरानी सेना ने इस नाकाबंदी को युद्धविराम का उल्लंघन बताया है और बुधवार तक इसके कारण नौ जहाजों को वापस लौटना पड़ा है। ईरान के संयुक्त सैन्य कमांडर अली अब्दुल्लाही ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका नाकाबंदी नहीं हटाता है तो तेहरान लाल सागर, खाड़ी और ओमान सागर के रास्ते व्यापार अवरुद्ध करके जवाबी कार्रवाई कर सकता है।


सात अप्रैल को शुरू हुआ दो सप्ताह का नाजुक युद्धविराम 20 अप्रैल को समाप्त होने वाला है

## सेना में कोलंबियाई नागरिकों की भर्ती कर रहा है यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के सीमा रक्षक बल पोलैंड सीमा पर कोलंबियाई नागरिकों को अपनी सेना में भर्ती कर रहे हैं। यूक्रेन और मध्य पूर्व में भर्ती प्रक्रिया से जुड़े एक सूत्र ने 'स्पुतनिक' को यह जानकारी दी है। सूत्र के मुताबिक, कोलंबिया से आने वाले लड़ाके पोलैंड-यूक्रेन सीमा पर पहुंचते हैं, जहां से उन्हें सीधे सीमा सुरक्षा बलों में शामिल कर लिया जाता है। बताया जा रहा है कि ये लोग बिना किसी पहले के समझौते के ही यहां आते हैं, क्योंकि उन्हें पता होता है कि सीमा पर पहुंचते ही उन्हें सेना में भर्ती कर लिया जाएगा। लापता कोलंबियाई नागरिकों के परिजनों का कहना है कि उनके लोग सीमा पर पहुंचकर सेना में शामिल तो हो जाते हैं, लेकिन प्रशिक्षण के बाद उन्हें युद्ध के मैदान में भेज दिया जाता है।

# होर्मुज स्ट्रेट को खोलना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सर्वसम्मत मांग: चीन

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सर्वसम्मत मांग है।

वांग ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बात करते हुए इस बात पर जोर दिया कि एक ओर जहां ईरान की संप्रभुता, सुरक्षा और एक तटीय राज्य के रूप में उसके वैध अधिकारों के सम्मान की आवश्यकता है, वहीं दूसरी ओर इस जलडमरूमध्य से नौवहन की स्वतंत्रता और समुद्री सुरक्षा की गारंटी भी दी जानी चाहिए वांग ने कहा कि इस जलडमरूमध्य से



सामान्य आवागमन फिर से बहाल करने के प्रयास अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की ओर से एक सर्वसम्मत आह्वान का प्रतिनिधित्व करते हैं। वांग ने कहा कि वर्तमान स्थिति युद्ध और शांति के बीच एक नाजुक मोड़ पर खड़ी है लेकिन इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि कूटनीतिक समाधान के लिए अवसर का एक दरवाजा भी खुल रहा है। ईरानी सरकार ने होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए एक 'विशेष व्यवस्था' परिभाषित करने का आह्वान करते हुए यह तर्क दिया कि यह जलमार्ग तेहरान के लिए एक 'विशेष संपत्ति' है। गौरतलब है कि यह जानकारी राज्य समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। सरकारी प्रवक्ता फातिमा मोहजेरानी ने रूस की आरआईए नोवोस्ती को बताया कि उन सभी संपत्तियों की तरह जो अन्य देशों के साथ बातचीत के प्रकार और उसके नियमन के लिए एक साधन के रूप में काम करती हैं, उसी तरह से इस जलमार्ग के लिए भी एक विशेष व्यवस्था परिभाषित की जानी चाहिए।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

# लश्कर के को-फाउंडर आमिर हमजा पर फायरिंग

## अस्पताल में भर्ती, लाहौर में न्यूज चैनल के ऑफिस के बाहर हमला, पिछले साल भी अटैक हुआ था

**लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक सदस्य आमिर हमजा पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चला दी। हमले के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने लाहौर में एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर उन पर फायरिंग की।

हमला किसने और क्यों किया, यह अभी साफ नहीं हो पाया है। यह एक साल से भी कम समय में दूसरा मौका है, जब हमजा पर हमला हुआ है। इससे पहले पिछले साल मई में भी उनके घर के बाहर अज्ञात लोगों ने उन्हें गोली मारी थी। पिछले हमले के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। इसके बाद पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी थी, हालांकि उस घटना पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था। आतंकी आमिर हमजा 1987 में लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना में शामिल 17 लोगों में से एक है। वह आतंकी गतिविधियों, प्रचार, फंड जुटाने और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई अखबारों और पत्रिकाओं का संपादन करता था। वह लश्कर की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य भी रहा है और अन्य आतंकी समूहों के साथ संबंध स्थापित करने में एक्टिव रहा है। हमजा ने हाफिज सईद के नेतृत्व में लश्कर-ए-तैयबा को दूसरे आतंकी समूहों से जोड़ने का काम किया। वह लश्कर से जुड़े एक चैरिटी संगठन का नेतृत्व करता था और लश्कर के यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल था, जिसे पहले हाफिज सईद संभालता था। हमजा ने 1980 के दशक में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में हिस्सा लिया था। इसके बाद वह हाफिज सईद और अन्य आतंकियों के साथ जुड़ गया। वह हाफिज सईद और अब्दुल रहमान मक्की का करीबी है।


यह एक साल से भी कम समय में दूसरा मौका है, जब हमजा पर हमला हुआ है

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108